आश्विन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 04:56
उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 17 अक्टूबर 2024
वर्ष 4, अंक 241, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



चांद की सतह में दबे हैं बर्फ के विशाल भंडार 14

रकुल ने दिखाया समर्पण खराब तबीयत में किया काम 13

## केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई फैसले, रबी की छह फसलों में 130 से 300 रुपये तक की वृद्धि

# गेहूं का एमएसपी 2425 रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

- गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 150 रुपये बढ़ाया



मंत्रीमंडल मंडल के फैसलों की जानकारी देते केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव।

सरकार ने बुधवार को 2025-26 के विपणन सत्र के लिए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को 150 रुपये बढ़ाकर 2,425 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। यह कदम प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले उठाया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में अप्रैल, 2025 से शुरू होने वाले विपणन सत्र 2025-26 के लिए छह रबी फसलों के एमएसपी में 130 रुपये से 300 रुपये प्रति क्विंटल तक की वृद्धि की मंजूरी दी गई। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से कहा खरीफ फसलों की तरह, रबी फसलों के लिए एमएसपी में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि गेहूं का नया एमएसपी उत्पादन लागत से 105 प्रतिशत अधिक है, जो एक बड़ी बात है।

सरकार ने रैपसीड और सरसों बीज के लिए एमएसपी भी 300 रुपये बढ़ाकर 5,950 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया, जिसका उद्देश्य घरेलू तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देना और खाद्य तेल आयात को कम करना है। कुसुम का समर्थन मूल्य 2025-26 के लिए 140 रुपये बढ़ाकर 5,940 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया, जो पिछले सत्र में 5,800 रुपये प्रति क्विंटल था। दलहन के मामले में, मसूर का समर्थन मूल्य 275 रुपये बढ़ाकर 6,700 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया, जबकि चने का एमएसपी 210 रुपये बढ़ाकर 2025-26 के लिए 5,650 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया। जौ का समर्थन मूल्य वर्ष 2025-26 के लिए 130 रुपये बढ़ाकर 1,980 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया, जो पिछले सत्र में 1,850 रुपये प्रति क्विंटल था। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली जैसे राज्य चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, वैष्णव ने एमएसपी बढ़ोतरी और आगामी चुनावों के बीच किसी भी तरह के संबंध की बात को खारिज करते हुए कहा कि इस तरह की घोषणाएं आमतौर पर इसी समय होती हैं। मंत्री ने कहा कि किसानों में सरकार के प्रति अच्छी भावना है। उन्होंने किसानों के जीवन में आए परिवर्तनकारी बदलावों का हवाला दिया। एमएसपी में की गई बढ़ोतरी वर्ष 2018-19 के केंद्रीय बजट की प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिसमें अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत का कम से कम 1.5 गुना समर्थन मूल्य निर्धारित करने की बात कही गई थी। सरकार को उम्मीद है कि इस बढ़ोतरी से किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित होगा और फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा।

### केंद्रीय कर्मचारियों, पेंशनधारकों का महंगाई भत्ता तीन प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ते (डीए) में तीन प्रतिशत की वृद्धि की बुधवार को घोषणा की। यह एक जुलाई, 2024 से प्रभावी होगी। इससे दिवाली त्योहार से पहले एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों तथा पेंशनभोगियों को लाभ होगा। मंत्रिमंडल ने दिवाली से पहले केंद्र सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (डीआर) में उनके मूल वेतन/पेंशन पर तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की मंजूरी दी है। इससे पहले मार्च में सरकार ने एक जनवरी, 2024 से डीए/डीआर को चार प्रतिशत अंक बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया था। मंत्री ने कहा कि डीए बढ़ोतरी अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-औद्योगिक श्रमिकों के 12 महीने के औसत पर आधारित है। डीए/डीआर में वृद्धि से सरकारी खजाने पर 9,448 करोड़ का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। यह वृद्धि स्वीकृत सूत्र के तहत है जो सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित है। इससे करीब 49.18 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों और 64.89 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा।

### किसानों का जीवन और आसान होगा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सीसीईए की ओर से विपणन सत्र 2025-26 के लिए सभी अधिदेशित रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दिए जाने से किसानों का जीवन और आसान होगा। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा अपने किसान भाई-बहनों के कल्याण के लिए हम निरंतर बड़े फैसले लेने में जुटे हैं।

### एमएसपी में वृद्धि का निर्णय सराहनीय



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने एक्स पर लिखा कि अन्नदाता किसानों के कल्याण के लिए सतत समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दृढ़ नेतृत्व में कृषि क्षेत्र को निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर किया है। इस क्रम में आज केंद्रीय कैबिनेट द्वारा रबी विपणन सीजन 2025-26 के लिए रबी फसलों गेहूं, जौ, चना, मसूर, रेपसीड और सरसों, कुसुम के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि का निर्णय अत्यंत अभिनंदनीय है।

### पीएम अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के लिए 35,000 करोड़ मंजूर

**नई दिल्ली।** सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के इरादे से बुधवार को पीएम अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) के लिए 35,000 करोड़ रुपये मंजूर किए। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। इसका उद्देश्य किसानों को लाभकारी मूल्य प्रदान करना और उपभोक्ताओं के लिए बाजार मूल्य को स्थिर करना है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य किसानों को फसलों की कटाई के समय जल्दबाजी में आकर अपनी फसल बेचने से रोकना है। इससे दलहन, तिलहन और अन्य जरूरी कृषि एवं बागवानी वस्तुओं के उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी, किसानों की आय बढ़ेगी और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा होगी।

# वीआईपी सुरक्षा अब सीआरपीएफ के हवाले

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने एनएसजी कमांडो को हटाने का आदेश दिया



केंद्र सरकार ने वीआईपी सुरक्षा से आतंकवाद निरोधी कमांडो बल एनएसजी को पूरी तरह हटाने और अत्यंत जोखिम वाले नौ अति महत्वपूर्ण लोगों (वीआईपी) की सुरक्षा अगले महीने तक सीआरपीएफ को सौंपने का आदेश दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

गृह मंत्रालय ने विशेष रूप से प्रशिक्षित जवानों की एक नई बटालियन को सीआरपीएफ के वीआईपी सुरक्षा प्रकोष्ठ के साथ जोड़ने की स्वीकृति भी दी है। इस बटालियन को हाल में संसद सुरक्षा से हटाया गया था। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के ब्लैक कैट कमांडो द्वारा संरक्षित जेड प्लस श्रेणी के नौ वीआईपी लोगों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा अध्यक्ष मायावती, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, भाजपा नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद, एनसी के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू हैं, जिन्हें अब सीआरपीएफ का सुरक्षा घेरा प्रदान किया जाएगा।

### राजनाथ और योगी आदित्यनाथ को उन्नत सुरक्षा संपर्क प्रोटोकॉल

सूत्रों के अनुसार, इन नौ वीआईपी में से दो को सीआरपीएफ द्वारा दिया जाने वाला उन्नत सुरक्षा संपर्क (एएसएल) प्रोटोकॉल भी प्रदान किया जाएगा। इनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ हैं। एएसएल में वीआईपी के आगामी दौरे वाले स्थान की पहले से जांच की जाती है। सीआरपीएफ देश में पांच वीआईपी के लिए इस तरह का प्रोटोकॉल अपनाता है, जिनमें गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और गांधी परिवार के तीन कांग्रेस नेता शामिल हैं।

## एक नजर

### निर्वाचन याचिका वापस लेने की अर्जी पर आज होगी सुनवाई

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में मिल्कीपुर विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और भाजपा नेता गोरखनाथ की ओर से दाखिल निर्वाचन याचिका को वापस लिए जाने के लिए अर्जी दाखिल की गयी है। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने उक्त अर्जी को गुरुवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 के प्रदेश के विधान सभा चुनावों में मिल्कीपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी गोरखनाथ सपा के अवधेश प्रसाद से चुनाव हार गए थे। हालांकि नामांकन के दौरान अवधेश प्रसाद द्वारा दाखिल नोटरी को डिफेक्टिव बताते हुए, उनके चुनाव को गोरखनाथ ने चुनौती दी थी। वहीं 26 अप्रैल 2022 को उक्त याचिका पर सुनवाई के उपरांत न्यायालय ने याची के अंतरिम राहत संबंधी प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया था। न्यायालय ने टिप्पणी भी की थी कि याचिका में ऐसा कोई ठोस आधार नहीं है कि चुनाव परिणाम में हस्तक्षेप किया जाय।

### सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा स्थगित

**लखनऊ:** इस माह 27 अक्टूबर को होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा-2024 को स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक हर्षदेव पाण्डेय ने विज्ञप्ति जारी की है। उन्होंने परीक्षा दिसंबर में होने की संभावना व्यक्त की है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि जनपदों में मानक के अनुसार परीक्षा केंद्र मिलने पर परीक्षा तिथि और कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

## मुख्य चुनाव आयुक्त के हेलीकॉप्टर की मुनस्यारी में इमरजेंसी लैंडिंग

संवाददाता, हल्द्वानी

- देहरादून से मिलम जा रहे थे, इमरजेंसी में पायलट ने खेत में उतारा हेलीकॉप्टर

**अमृत विचार:** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के हेलीकॉप्टर की पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। मौसम खराब होने के चलते पायलट ने आपात स्थिति में हेलीकॉप्टर की खेत में सकुशल लैंडिंग कराई। मुख्य चुनाव आयुक्त समेत हेलीकॉप्टर में मौजूद सभी लोग सुरक्षित हैं।

जानकारी के मुताबिक मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और प्रदेश के उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे बुधवार की सुबह देहरादून से हेलिकॉप्टर से ट्रैकिंग के लिए मुनस्यारी के मिलम के लिए निकले थे। लेकिन बीच रास्ते में मौसम खराब हो गया। इस वजह से पायलट को हेलीकॉप्टर को आगे ले जाना मुश्किल हो रहा था। जिस वजह से पायलट ने मिलम से पहले रालम में एक खेत में हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करा दी। मुख्य चुनाव आयुक्त के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। एसपी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि मुख्य सूचना आयुक्त के आने की सूचना पुलिस के पास थी, इसलिए टीम संबंधित स्थान पर तैनात थी। हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग के कुछ ही देर में जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेंद्र महर ने बताया कि पायलट ने सूझबूझ से हेलीकॉप्टर को सफलतापूर्वक एक खेत में लैंड करवा लिया था।

## नायब सिंह सैनी आज लेंगे हरियाणा मुख्यमंत्री पद की शपथ



- प्रधानमंत्री मोदी केंद्रीय गृह मंत्री शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी होंगे शामिल

**चंडीगढ़।** भाजपा नेता नायब सिंह सैनी ने बुधवार को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से राजभवन में मुलाकात की और राज्य में अगली सरकार बनाने का दावा पेश किया। सैनी गुरुवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। इससे कुछ घंटे पहले ही पंचकूला में हुई बैठक में सैनी को सर्वसम्मति से हरियाणा में भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुए। नवनिर्वाचित विधायकों कृष्ण कुमार बेदी और अनिल विज ने सैनी के नाम का प्रस्ताव दिया था।

# जम्मू-कश्मीर में अब उमर सरकार

श्रीनगर, एजेंसी

- सरकार में शामिल नहीं हुआ कांग्रेस का कोई विधायक



नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में यह पहली चुनी हुई सरकार है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अब्दुल्ला और पांच मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इनमें जम्मू से सुरिंदर चौधरी भी शामिल हैं, जिन्हें उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। दूसरी बार मुख्यमंत्री बने उमर अपने दादा शेख अब्दुल्ला और पिता फारूक अब्दुल्ला के बाद इस पद पर आसीन होने वाले अब्दुल्ला परिवार की तीसरी पीढ़ी के नेता हैं। वह इससे पहले 2009 से 2014 के बीच जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री थे, जब यह पूर्ण राज्य हुआ करता था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उमर अब्दुल्ला को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर की प्रगति के लिए उनके और उनकी टीम के साथ मिलकर काम करेगी। अब्दुल्ला के साथ पांच मंत्रियों - सकीना मसूद (इटू), जावेद डार, जावेद राणा, सुरिंदर चौधरी और सतीश शर्मा ने भी पद की शपथ ली।

### इंडिया गठबंधन के कई नेता शपथ समारोह में पहुंचे

शपथ ग्रहण समारोह 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के लिए अपनी एकता प्रदर्शित करने का भी अवसर था। इस अवसर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा और मल्लिकार्जुन खरगे, समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव, वामपंथी नेता प्रकाश करात और डी. राजा, द्रमुक की कनिमोझी और राकांपा की सुप्रिया सुले तथा पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती भी मौजूद थीं।

## बीआरओ के महानिदेशक को वारंट जारी

विधि संवाददाता, नैनीताल

- 6 नवंबर को व्यक्तिगत रुप से पेश होने के आदेश
- प्रभावित को मुआवजा नहीं देने के मामले में हाईकोर्ट के आदेश

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट ने बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन की ओर से प्रभावित को मुआवजा नहीं देने के मामले में सुनवाई की।

न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने पूर्व के आदेश पर बीआरओ की ओर से शपथपत्र पेश नहीं करने एवं कोर्ट के आदेशों की बार-बार अवहेलना पर बीआरओ के महानिदेशक के खिलाफ जमानती वारंट जारी करते हुए 6 नवंबर को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है। इसी तिथि को मामले की अगली सुनवाई होगी। धारचूला निवासी कुंदन सिंह ने वर्ष 2023 में याचिका दायर कर कहा था कि वर्ष 1996 में तवाघाट से पांगती के लिए बीआरओ ने रोड का निर्माण किया था। इस दौरान बीआरओ ने सड़क का मलबा उनकी कृषि योग्य भूमि पर फेंक दिया। मलबे की वजह से उनकी कृषि भूमि क्षतिग्रस्त हो गई। जब उन्होंने बीआरओ से इसका मुआवजा मांगा तो बीआरओ की ओर से बार-बार आश्वासन ही दिया गया। इस पर उन्होंने मुआवजा दिलाने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की। पूर्व में हुई सुनवाई में कोर्ट ने बीआरओ से इस पर जवाब मांगा था। तब से अब तक बीआरओ की ओर से कोर्ट में शपथ पत्र पेश नहीं किया गया है। बीती 21 अगस्त को कोर्ट ने बीआरओ से कहा था कि या तो शपथपत्र पेश करें या महानिदेशक, बीआरओ 15 अक्टूबर को स्वयं कोर्ट में पेश हों। फिर भी शपथपत्र पेश नहीं किया गया और न ही वह स्वयं पेश हुए। इस पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद डीजी बीआरओ नई दिल्ली के खिलाफ जमानती वारंट जारी करते हुए 6 नवंबर तक कोर्ट में पेश होने के आदेश दिए हैं।

## खैर के तस्करों ने की वन कर्मियों पर फायरिंग

संवाददाता, नानकमत्ता



अस्पताल में उपचाराधीन घायल वन कर्मचारी

- वन कर्मी को लगी गोली, तस्करों की पिकअप व चार बाइक बरामद
- तीन की नामजदगी समेत नौ लोगों के खिलाफ दी तहरीर

**अमृत विचार:** खैर की लकड़ी पिकअप में लादकर ले जा रहे तस्करों ने रोके जाने पर वन कर्मियों पर फायरिंग कर दी। इसमें एक वन कर्मी गोली लगने से घायल हो गए। इसके बाद तस्कर मौके से फरार हो गए। वन कर्मियों ने खैर की लकड़ी से लदी पिकअप व तस्करों की चार मोटर साइकिलें जब्त कर ली। वन क्षेत्राधिकारी की ओर से तीन लोगों को नामजद कराते हुए आठ-नौ लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई है।

तराई पूर्वी वन प्रभाग रनसाली रेंज के वन क्षेत्राधिकारी महेन्द्र सिंह रैकुनी के मुताबिक एक सूचना पर वन विभाग की टीम ग्राम कैथुलिया निवासी अमरीक सिंह पुत्र मान सिंह के घर पर दबिश देने गए थे। वन विभाग की टीम अमरीक सिंह के घर के पास पहुंची तो वहां बलजीत सिंह पुत्र अमरीक सिंह, भगवान सिंह पुत्र सन्ता सिंह निवासी टुकडी, मलकीत सिंह उर्फ बिट्टू निवासी ध्यानपुर व पांच-छह अन्य लोग पिकअप वाहन में खैर की लकड़ी लाद रहे थे। वन विभाग की टीम में शामिल विनोद मेहता, नितेश चौहान, जितेंद्र बिष्ट तथा चालक मनोज सिंह राणा ने तस्करों को ललकारा तो वहां हड़कंप मच गया। वन कर्मियों को मौके से खदेड़ने की नीयत से तस्करों ने अवैध असलहों से फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें एक गोली वन कर्मी जितेंद्र बिष्ट के पैर में लगी और वह घायल होकर वहीं गिर गया। इसी बीच मौका पाकर तस्कर वहां से फरार हो गए। तस्करों द्वारा वन कर्मियों पर फायरिंग की घटना से विभाग में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में विभाग की ओर से अतिरिक्त जवानों को मौके पर भेजा गया। वन कर्मियों ने मौके पर खैर की लकड़ी से लदे पिकअप वाहन (यूपी23एटी6548) और चार मोटर साइकिलों को अपने कब्जे में ले लिया। पिकअप में करीब 50 कुंतल खैर की लकड़ी लदी थी। उधर, घायल वन कर्मी को उपचार के लिए हल्द्वानी भेज दिया गया। इस घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा व वन विभाग के अफसरों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। वन क्षेत्राधिकारी की ओर से तस्करों के खिलाफ तहरीर दी गई है।

## अधिवक्ता संघ अध्यक्ष, उनकी पत्नी समेत चार नामजद, 40 अज्ञात पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- विधायक थप्पड़ कांड में खूब फजीहत कराने वाली पुलिस ने सातवें दिन दर्ज की एफआईआर
- अर्बन कोआपरेटिव बैंक डेलीगेट्स के चुनाव में विधायक से की गई थी मारपीट

> सदर विधायक की तहरीर पर चार आरोपियों को नामजद करते हुए 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना अपराध निरीक्षक हरि प्रकाश यादव को सौंपी गई है। **-रमेश कुमार तिवारी**, सीओ सिटी

**अमृत विचार:** विधायक थप्पड़ कांड में खूब फजीहत कराने वाली सदर कोतवाली पुलिस ने आखिरकार जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह, उनकी पत्नी पुष्पा सिंह समेत चार नामजद व 40 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अर्बन कोआपरेटिव बैंक के संचालक पद के लिए नामांकन के दौरान विवाद के बीच बैंक की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा सिंह के पति जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह ने भाजपा सदर विधायक योगेश वर्मा को थप्पड़ मारा था। उनके समर्थकों ने भी मारपीट की थी। व्यापारी नेता राजू अग्रवाल को भी पीटा गया था।

विधायक और व्यापारी नेता ने पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस जांच के नाम पर छह दिन तक टरकाती रही। नाराज विधायक ने उनकी सुरक्षा में बढ़ाए गए दो पुलिसकर्मियों को वापस कर दिया था। विधायक योगेश सोमवार को लखनऊ में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले। तमाम फजीहत के बाद मंगलवार की आधी रात को पुलिस ने विधायक की तहरीर पर जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह, उनकी पत्नी पुष्पा सिंह, संग्राम सिंह व नीरज सिंह को नामजद कर 40 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## क्षेत्रीय सहयोग में आतंकवाद और उग्रवाद बन रहे बाधा : जयशंकर

इस्लामाबाद, एजेंसी

### एससीओ सम्मेलन में विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को उसी की धरती से दिया परोक्ष संदेश



एससीओ सम्मेलन को संबोधित करते जयशंकर।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को उसी की धरती से परोक्ष संदेश देते हुए बुधवार को कहा कि यदि सीमा पार की गतिविधियां आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद की तीन बुराइयों पर आधारित होंगी तो व्यापार, ऊर्जा और संपर्क सुविधा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ने की संभावना नहीं है।

जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापार और संपर्क पहलों में क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता दी जानी चाहिए और भरोसे की कमी पर ईमानदारी से बातचीत करना आवश्यक है। विदेश मंत्री ने इस्लामाबाद में आयोजित एससीओ देशों के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) के 23वें शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने की। जयशंकर मंगलवार को इस्लामाबाद पहुंचे। वह करीब एक दशक में पाकिस्तान की यात्रा करने वाले पहले भारतीय विदेश मंत्री हैं। शरीफ ने एससीओ के सम्मेलन को सबसे पहले संबोधित किया जिसके तुरंत बाद जयशंकर ने सम्मेलन में अपनी बात रखी। इस सम्मेलन में चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग भी शामिल हुए। जयशंकर ने ये टिप्पणियां पूर्वी लद्दाख में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच जारी सैन्य गतिरोध और हिंद महासागर एवं अन्य रणनीतिक जलक्षेत्रों में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत को लेकर चिंताओं के बीच की।

### आपसी भरोसे से ही एससीओ सदस्य देशों को होगा लाभ

जयशंकर ने कहा कि सहयोग आपसी सम्मान और संप्रभुता की समानता पर आधारित होना चाहिए। यदि समूह आपसी भरोसे के आधार पर मिलकर आगे बढ़ता है तो एससीओ सदस्य देशों को काफी लाभ हो सकता है। विदेश मंत्री ने एससीओ के प्रत्येक सदस्य राष्ट्र द्वारा समूह के चार्टर का सख्ती से पालन किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा आपसी विश्वास, मित्रता और अच्छे पड़ोसी के भाव को मजबूत करने के इसके सार पर प्रकाश डाला।

### एससीओ चार्टर के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ होनी चाहिए

जयशंकर ने कहा सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे प्रयास तभी आगे बढ़ेंगे जब एससीओ चार्टर के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ रहेगी। यह स्वत: सिद्ध है कि विकास एवं वृद्धि के लिए शांति एवं स्थिरता अनिवार्य है। जैसा कि चार्टर में स्पष्ट किया गया है, इसका अर्थ है- तीन बुराइयों का मुकाबला करने में दृढ़ रहना और समझौता नहीं करना। हमें आत्मावलोकन करने की आवश्यकता है कि कहीं अच्छे पड़ोसी की भावना गायब तो नहीं है और भरोसे की कमी तो नहीं है।

# पार्किंग पर कब्जा लेने पहुंचे निगम कर्मी, हुआ बवाल

## शर्तों का पालन करने पर पार्किंग और रेस्टोरेंट का अनुबंध कर दिया था रद, टूटा मिला पार्किंग का ताला, रेस्टोरेंट भी नहीं किया खाली

विवाद

- केएमवीएन कर्मियों ने की नारेबाजी, निगम अधिकारियों से वार्ता के बाद भी नहीं बनी बात

संवाददाता, नैनीताल


नैनीताल में कुमाऊं मंडल पार्किंग के बाहर प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार


कुमाऊं मंडल विकास निगम के एमडी से वार्ता करते ठेकेदार व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर के सूखाताल स्थित कुमाऊं मंडल विकास निगम की ओर से ठेके पर दी गई पार्किंग और रेस्टोरेंट की लीज अनुबंध निरस्त करने के बाद कर्मचारी कब्जा लेने पहुंचे तो बवाल हो गया। लीज निरस्तीकरण के बाद पार्किंग में लगाया ताला टूटा मिला तो रेस्टोरेंट में भी लीज धारक जमा पड़ा था।

कर्मियों ने पार्किंग व रेस्टोरेंट खाली करने को कहा तो ठेकेदार से उनकी तनातनी भी हो गई। इस बीच पुलिस ने पहुंच मामला शांत किया। इधर लीजधारक ने निगम महाप्रबंधक के साथ बैठक कर समाधान निकालने को कहा। मगर महाप्रबंधक ने साफ किया कि शर्तों के उल्लंघन के बाद लीज को निरस्त किया गया है। जिसे खाली कराना ही होगा।

ता दें कि 2021 में केएमवीएन ने सूखाताल स्थित पार्किंग व रेस्टोरेंट 15 वर्षों के लिए विजय बहुगुणा को लीज पर दिया था। महाप्रबंधक विजयनाथ शुक्ल ने बताया कि लीजधारक शुरू से ही तय किराया जमा नहीं करा पाया। जिस कारण पूर्व में उसकी आरसी भी काटी गई थी। जिसके बाद लगातार ठेकेदार के साथ पत्राचार कर उससे किराये की मांग की जा रही थी। कई नोटिसों के बाद भी जब लीज शर्तों का उल्लंघन होने लगा तो मंगलवार को निगम की ओर से आदेश जारी कर लीज को निरस्त कर दिया गया। लीजधारक को नोटिस तामिल कराने के बाद कर्मचारियों ने पार्किंग गेट पर ताला लगा दिया। इधर बुधवार को निगम कर्मचारी पार्किंग संचालन करने पहुंचे तो उन्हें ताला टूटा मिला। साथ ही लीजधारक की ओर से रेस्टोरेंट भी खाली नहीं कराया गया था। जिस पर कर्मचारी व लीजधारक आमने सामने आ गए। काफी देर तनातनी के बाद पुलिस ने मामला शांत कराया तो कर्मचारियों ने उनकी संपत्ति खाली कराने को लेकर जमकर नारेबाजी की।

इधर लीजधारक ने महाप्रबंधक के साथ वार्ता कर निगम की कार्रवाई को गलत करार दिया। जिस पर महाप्रबंधक ने साफ किया कि विभाग की ओर से लीज अनुबंध शर्तों का उल्लंघन होने के बाद ही लीज को निरस्त किया गया है। जिस कारण लीजधारक को तत्काल रेस्टोरेंट व पार्किंग खाली करनी होगी। उन्होंने बताया कि करीब 56 लाख किराया लीजधारक की ओर से नहीं दिया गया है। तीन बार चेतावनी व अंतिम नोटिस जारी करने के बाद निरस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। पार्किंग में कब्जा लेकर निगम कर्मचारियों की ओर से संचालित किया जा रहा है। लीजधारक ने रेस्टोरेंट खाली करने को समय की मांग की है। जिस पर विचार किया जा रहा है। इधर लीजधारक विजय बहुगुणा का कहना है कि कोविड व आपदा के दौरान भी निगम उन पर किराया जोड़ता रहा। जिसका मामला आरबीटेशन में गया तो कोर्ट ने यथास्थिति रखने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट के आदेश को दरकिनार कर निगम द्वारा मनमानी की जा रही है।

## सार-संक्षेप


अभिभावक संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारी।

### कृपाल अभिभावक संघ के अध्यक्ष बने

**भीमताल :** दोषापानी महाविद्यालय में अभिभावक संघ की बैठक हुई। जिसमें संघ की नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। इस दौरान कृपाल सिंह बिष्ट अध्यक्ष, नीमा देवी उपाध्यक्ष, सुनीता देवी उप सचिव, शेर सिंह कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। बैठक में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनीता बिष्ट, कविता पंत, रेनू जलाल, मोहन सनवाल, चंदन, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष शोभन डंगवाल, संजय डंगवाल, विवेक डंगवाल, पंकज डंगवाल मौजूद रहे।

### यूपी पुलिस, हापुड़, हल्द्वानी व रुद्रपुर अगले चक्र में

**नैनीताल :** नैनीताल में चल रही 5ए साइट हॉकी प्रतियोगिता में यूपी पुलिस, हल्द्वानी, हापुड़, मुरादाबाद व छत्तीसगढ़ की टीमों ने अपने-अपने मैच जीत कर अगले चक्र में प्रवेश किया। हॉकी अकादमी नैनीताल द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में बुधवार 6 मैच खेले गए। पहले मैच में यूपी पुलिस ने हापुड़ को 2- 0 गोल से हराया। दूसरे मुकाबलों में नैनीताल हॉकी अकादमी ने रुद्रपुर को 3-1 गोल से, हल्द्वानी ने छत्तीसगढ़ को 5-1, यूपी पुलिस ने रामपुर को 5-0, मुरादाबाद ने हापुड़ को 9-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के तहत गुरुवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। इस दौरान डॉ. मनोज सिंह बिष्ट, देवेंद्र बोरा, अमित कुमार, प्रियंका बिष्ट, राजेश साह, दीपक साह, गिरीश भट्ट, संजय गुप्ता, अनिल रावत, हॉकी अकादमी के अध्यक्ष मुकेश जोशी मंटू, आयोजक सचिव कैलाश आशु बोरा, राजेंद्र सिंह रावत, मनोज साह, मोहित लाल साह, जगदीश बवाड़ी, आनंद सिंह बिष्ट, विमल चौधरी, गोधन सिंह बिष्ट, भुवन सिंह बिष्ट, मिथिलेश पांडे आदि रहे।


वॉलीबॉल प्रतियोगिता की विजेता टीम।

### ग्राफिक एरा के छात्रों ने जीता प्रेसीडेंट कप

**भीमताल :** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल के छात्रों को प्रेसीडेन्ट कप-2024 (वॉलीबाल) जीतने पर सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता देहरादून में आयोजित की गई थी, जहां भीमताल परिसर की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर परिसर के निदेशक कर्नल (सेनि) अनिल कुमार नायर ने छात्रों को सम्मानित करते हुए दस हजार रुपये की नगद धनराशि प्रदान की। उन्होंने खेलों को छात्रों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए उन्हें विभिन्न खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन निधि जोशी ने किया। इस अवसर पर स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर मोहित पंत, गोविंद जेठी, रामानुज तिवारी, संदीप बिष्ट, डॉ. फरहा खान मौजूद रहे।

### जन संवाद कार्यक्रम में समस्याओं के निदान के निर्देश

**भीमताल :** विकासखंड सभागार में ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने कई समस्याएं उठाईं। ब्लॉक प्रमुख ने अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। जन संवाद में खाद्य विभाग में राशन कार्ड में ऑनलाइन सम्बंधित अनेक परेशानियां ग्रामीणों ने रखीं। इसके निदान करने को कहा। इस दौरान ब्लाक प्रमुख ने जल जीवन मिशन में किसी भी ग्रामीण को वंचित न रखने के विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। विगत दिवस हुए वर्षा से मोटर मार्गों में गड्ढे, मनरेगा आदि विभागों के मुद्दे छाए रहे। इस दौरान प्रधान लक्ष्मण गंगोला, अमित कुमार, दिनेश चंद, जया बोहरा, बीडीसी कमल गोस्वामी, नंदन सिंह प्रदीप कुमार, सुनील, चंदन पलड़िया, नवीन पलड़िया आदि रहे।

# ऑल सेंट कॉलेज बना बास्केटबॉल चैंपियन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ऑल सेंट्स कॉलेज में चल रही 11वीं अमर ढिल्लन स्मृति अंतर विद्यालय महिला बास्केट बॉल प्रतियोगिता ऑल सेंट्स कॉलेज ब्लू के नाम रही। स्कूल खेल मैदान में बुधवार को फाइनल मुकाबला खेला गया।

जिसमे ऑल सेंट्स कॉलेज ब्लू ने सेंट मेरीज़ कॉन्वेंट कॉलेज को 33-18 के अंतर से हराया। विजेता टीम की ओर से ज़ायना रहमान ने 14 और आकर्षि निगम ने 09 अंक अर्जित किए। वहीं सेंट मेरीज़ कान्वेंट कॉलेज की हिमांशी ढेला ने अपनी टीम के लिए 08 अंक बटोरे। इस दौरान मुख्य अतिथि विनय कर संस्थापक वुडब्रिज विद्यालय भवाली ने सभी खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी और कहा कि हार और जीत से कहीं ज्यादा महत्व प्रतिभाग करने का है। प्रतियोगिता के दौरान भुवन बिष्ट, फरीद अहमद, समीर अली, मोहम्मद फ़ैज़ान, मोहम्मद फरदीन, दीपक थापा रहे।

### खिलाड़ियों को दिए अवार्ड

टूर्नामेंट में दुआ स्पेशल अवार्ड से भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की हिमानी कार्की और ऑल सेंट्स की अनन्या पिमोली को दिया गया। मोस्ट प्रॉमिसिंग प्लेयर का खिताब सेंट मेरीज़ कॉन्वेंट कॉलेज की पलकदीप कौर। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट ऑल सेंट्स की ज़ायना रहमान को दिया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या किरन जर्मया, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर के मैनेजर और कुर्मांचल बैंक के चेयरमैन विनय साह, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, गोपाल बिष्ट, सुनीता चौहान, ज्योतिका गिल, राजेंद्र जोशी, कमला राणा, हरीश जोशी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# रोपवे खराब, हवा में लटकीं दो जिंदगी

मॉकड्रिल

- एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम ने किया रेस्क्यू

संवाददाता, नैनीताल


नैनीताल में मॉकड्रिल के दौरान एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शहर के मल्लीताल स्थित रोपवे में तकनीकी खराबी आने से ट्रॉली बीच राह रुक गई। ट्राली में सवार बिजली विभाग के दो कर्मचारी आधे घंटे तक हवा में अटके रहे। सूचना के बाद पहुंची एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, अग्निशमन विभाग और अन्य विभागों की संयुक्त टीम ने रेस्क्यू अभियान चला कर दोनों यात्रियों को रस्सी के सहारे सफलतापूर्वक ट्राली से नीचे उतारा।

जिनको तत्काल बीडी पांडे अस्पताल ले जाया गया। विभिन्न विभागों की ओर से आयोजित की गई मॉकड्रिल में आपातकालीन स्थिति से निपटने के इंतजामों को परखा गया। बुधवार को एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, अग्निशमन विभाग, पुलिस, ऊर्जा निगम व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीमों की ओर से मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इसके तहत सुबह साढ़े नौ बजे आपदा प्रबंधन कक्ष को सूचना मिली कि शहर के मल्लीताल स्थित रोपवे में तकनीकी खराबी आने से रोपवे की ट्राली बीच बीच में अटक गई है। जिसमें दो यात्री फंसे हैं। सूचना पर एनडीआरएफ के असिस्टेंट कमांडेंट आरएस धपोला मय टीम के मौके पर पहुंचे। इस बीच एसडीआरएफ और अग्निशमन विभाग की टीम में भी पहुंच गई। टीमों ने ट्रॉली में फंसे यात्रियों को संयम बरतने को कहा। टीमों ने करीब आधे घंटे तक रेस्क्यू अभियान चला कर दोनों यात्रियों को सुरक्षित नीचे उतारा।

स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस यात्रियों को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए बीडी पांडे अस्पताल लेकर गयी। मॉकड्रिल में एनडीआरएफ के 13 जवानों समेत एसडीआरएफ के 10 कर्मचारी और अग्निशमन विभाग व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।


मॉकड्रिल के दौरान हवा में लटकी रोपवे।


नथुआखान में आयोजित शिविर में मौजूद अधिकारी व अन्य।

### ग्रामीणों ने उठाया शिविर का लाभ

**भीमताल :** विकासखंड रामगढ़ के न्याय पंचायत नथुआखान के रीठा पोखरा मैदान में बहुउद्देशीय जन सुविधा कल्याण शिविर का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख रामगढ़ पुष्पा नेगी ने की। शिविर का सैकड़ों की संख्या में लाभार्थियों ने लाभ उठाया। समाज कल्याण, ग्राम्य विकास, खाद्य नागरिक आपूर्ति, पशुपालन, बाल विकास, कृषि एवं उद्यान, पंचायती राज, राजस्व और चिकित्सा विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने लोगों को विभागीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने 20 राशन कार्डों में संशोधन, 2 राशन कार्डों की केवाईसी तथा 3 नए राशन कार्ड जारी कर लोगों की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया। बहुद्देशीय साधन सहकारी समिति की विक्रेता किरन लटवाल बताया कि वर्तमान में विभाग बाल विकास विभाग से जुड़े लाभार्थियों को अनुपूरक पोषाहार के अन्तर्गत गेहूं और फोर्टिफाइड चावल वितरण करने के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों में बाल पोषाहार योजना से चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। नए राशन कार्ड विभाग में वर्तमान में राज्य खाद्य योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के अन्तर्गत प्राथमिक परिवार और अंत्योदय अन्न योजना के लाभार्थियों को निशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है।

# मृतक की मां की शिकायत पर सीओ ने बदला जांच अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- अब्दुल मलिक की बहू की कार से टकरा कर हुई थी नाबालिग की मौत
- जांच कर रहे दरोगा ने मृतक की मां को मुआवजे का लालच बोला- जो मिल रहा है ले लो

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक की बहू आइशा मलिक की कार से टकरा कर एक नाबालिग की मौत हो गई। घटना को दो माह गुजर चुके हैं। अब मामले की जांच कर रहा दरोगा मृतक की मां को मुआवजे का लालच दे रहा है और कह रहा है कि जो मिल रहा है ले लो, वह मामले में फाइनल रिपोर्ट लगाने जा रहा है। फिलहाल तो सीओ ने मामले की जांच दूसरे दरोगा को दे दी है।

अंबेडकर नगर वार्ड 27 निवासी रेखा ने बीती 25 सितंबर को बनभूलपुरा गली नंबर आठ निवासी आइशा मलिक पत्नी अब्दुल मोईद के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने लिखा था कि उनका 10 वर्षीय बेटा भानु किसी काम के लिए घर से निकला था। बरेली रोड पर तेज रफ्तार कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद कार सवार फरार हो गई। उन्होंने बताया कि कार अब्दुल मलिक की बहू और अब्दुल मोईद की पत्नी आइशा मलिक चला रही थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार तेवतिया को सौंपी गई। मामले में 9 दिन पहले भानु की मां ने सीओ नितिन लोहनी से मुलाकात कर जांच अधिकारी बदलने की मांग की। जांच अधिकारी नहीं बदला तो बुधवार को भानु की मां अपनी बेटी के साथ फिर सीओ से मिलने पहुंची। उन्होंने सीओ से कहा कि उन्हें जांच अधिकारी पर भरोसा नहीं है। जांच अधिकारी कह रहे हैं कि वह मामले में एफआर लगाएंगे। इसलिए उन्हें जो भी मिल रहा है ले लें। जिसके बाद सीओ नितिन लोहनी ने जांच मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार तेवतिया से हटाकर मंडी चौकी प्रभारी भुवन सिंह राणा को सौंप दी। सीओ लोहनी ने बताया कि निष्पक्ष जांच की जाएगी, जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर आगे कार्रवाईहोगी।

### मेघा भंडारी ने पास की नेट परीक्षा



**नैनीताल :** जंतु विज्ञान विभाग डीएसबी परिसर नैनीताल की शोध छात्रा मेघा भंडारी ने नेट परीक्षा पास की। मेघा भंडारी प्रोफेसर एसपीएस बिष्ट वाइस चांसलर एसएसजे विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के निर्देशन में शोधरत हैं। मेघा भंडारी यू सेट 2024 की परीक्षा भी पास कर चुकी हैं। मंगलवार को जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एचसीएस बिष्ट, डॉ. मनोज, डॉ. हिमांशु पाण्डे, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. दीपिका गोस्वामी, डॉ. दिव्या पागती, डॉ. संदीप मंडोली, डॉ. दीपक मलकानी, डॉ. सीता देवली, डॉ. उजमा, डॉ. राशि मिगलानी, डॉ. नेत्रपाल, डॉ. नगमा परवीन तथा समस्त स्नातकोत्तर छात्राओं ने छात्र-छात्राओं ने कुमारी मेघा भंडारी को इस उपलब्धि हेतु बधाइयां दी।

# वाल्मीकि जयंती की पूर्व संध्या पर हुए कार्यक्रम

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** भगवान वाल्मीकि आश्रम समिति मल्लीताल द्वारा महाकाव्य रामायण रचियता भगवान वाल्मीकि जी की स्तुति व ध्वज पूजन के साथ धार्मिक समेत अन्य कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में वाल्मीकि आश्रम समिति द्वारा वाल्मीकि समाज के बुजुर्गों को वाल्मीकि रत्नों की पदवी से बुरे, लल्लू लाल तथा बाबू लाल को वाल्मीकि समाज का सर्वोच्च सम्मान पगड़ी तथा माला पहनाकर व बैच लगाकर सम्मानित किया गया।

इसी तरह आश्रम समिति द्वारा मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कुन्दन सिंह बिष्ट, निवर्तमान सभासद सपना बिष्ट तथा गजाला कमाला, युवा भाजपा नेता अरविंद सिंह पडियार, भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट को भी अंग वस्त्र तथा पगड़ी, माला पहनाकर व बैच लगाकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर वक्ताओं द्वारा भगवान वाल्मीकि जी के बताएं गए मार्ग पर चलने व उनके आदर्शो पर चलने का प्रण लिया गया। आश्रम समिति द्वारा बताया गया कि अब समाजिक सम्मान समारोह किया जाएगा जबकि गुरुवार (आज) को भव्यता से भगवान वाल्मीकि महाराज की शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी। इस दौरान भगवान वाल्मीकि आश्रम समिति के समस्त पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।

प्रतियोगिता — उत्तराखंड संस्कृत अकादमी की ओर से धारी ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों में संपन्न हुई संस्कृत प्रतियोगिता

# संस्कृत भाषा का महत्व बताया, प्रचार-प्रसार पर दिया गया जोर

संवाददाता, धानाचूली


धारी में विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तराखंड संस्कृत अकादमी की ओर से धारी ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों में संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार ललित मोहन तिवारी ने कहा कि हमें संस्कृत भाषा के लिए और अधिक प्रयास करने होंगे। संस्कृत विषय सभी छात्रों के लिए अनिवार्य होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि एलडी जोशी ने संस्कृत की महत्ता पर प्रकाश डाला। दीपक सिंह मेहता ने कहा कि देव वाणी संस्कृत आज विदेशों में बड़े ही लगन से पढ़ी जा रही है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष पूरन प्रकाश आर्या ने प्रतियोगिता के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। कनिष्ठ वर्ग में हुई संस्कृत नाटक प्रतियोगिता में राइंका कसियालेख प्रथम, राइंका पदमपुरी द्वितीय, शिशु विद्या मंदिर गंगवाचौड़ तृतीय स्थान पर रहा। संस्कृत समूह नृत्य में पदमपुरी प्रथम, राउमावि जाडापानी द्वितीय, ब्राइट फ्यूचर पदमपुरी तृतीय रहा। आशु भाषण में शिशु विद्या मंदिर प्रथम, वरिष्ठ समूह नृत्य में राइंका धानाचूली प्रथम, राइंका कसियालेख द्वितीय, राबाइंका भटेलिया तृतीय, श्लोकोच्चारण में ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल पदमपुरी द्वितीय, आशु भाषण में शिशुविद्या मंदिर प्रथम रहा। मंच संचालन ईश्वरी दत्त पंत ने किया। इस मौके पर खंड संयोजक डॉ. शक्ति प्रयास उनियाल, मोतीलाल, दिनेश कोहली, राजेंद्र पन्त, चंद्रशेखर वर्मा, इंदू धर्मशक्तू, सरस्वती, तारा दत्त मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**भीमताल :** खंड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। नाटक प्रतियोगिता में राजकीय बालिका विद्यालय खुर्पाताल, राजकीय बालिका विद्यालय भवाली व राजकीय इंटर कॉलेज ज्योलीकोट क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा संस्कृत समूह गान में राजकीय बालिका विद्यालय भवाली, राउमा विद्यालय सल्यूड़ा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भीमताल विजेता रहे। समूह नृत्य में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भवाली, राजकीय बालिका इंटर कसॅलेज भीमताल, राउमावि महरागांव अव्वल रहे। संस्कृत वाद-विवाद में राजकीय इंटर कॉलेज ज्योलीकोट, राउमावि महरागांव, भाषण में राजकीय बालिका विद्यालय भीमताल, राजकीय इंटर कॉलेज रौशिल, राउमावि महरागांव, श्लोकोच्चारण में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भवाली, राजकीय इंटर कालेज रौशिल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज खुर्पाताल प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा अधिकारी कैना चौहान, डॉ. चन्द्र शेखर जोशी, हरीश बिष्ट, कैलाश चन्द्र पन्त, राजेन्द्र वर्मा मौजूद रहे।

### गांधी मूर्ति हटाने के विरोध में कांग्रेसियों ने दिया ज्ञापन

**नैनीताल :** महिला कांग्रेस कमेटी ने जिलाधिकारी नैनीताल को ज्ञापन देकर तल्लीताल स्थित गांधी जी की ऐतिहासिक व नैनीताल के पहचान से जुड़ी मूर्ति को शिफ्ट करने का कड़ा विरोध किया है। जिला प्रशासन इस मूर्ति को नैनीताल के निकट ताकुला गांव में शिफ्ट करने व तल्लीताल चौराहे में गांधीजी की सूत कातती हुई छोटी मूर्ति लगाने की योजना बना रहा है। जिसका अब कांग्रेसी विरोध कर रहे हैं। महिला कांग्रेस का शिष्टमंडल संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल से मिला और उन्हें तल्लीताल में करीब 6 दशक पूर्व स्थापित महात्मा गांधी की मूर्ति को अन्यत्र शिफ्ट न करने की मांग की। महिला कांग्रेस ने इस मूर्ति को हटाने के प्रयासों का कड़ा विरोध किये जाने की चेतावनी दी है। ज्ञापन देने वालों में महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट, मुन्नी तिवारी, डॉ. सरस्वती खेतवाल, उषा कन्नौजिया, सावित्री सनवाल, भावना भट्ट, सपना बिष्ट रहे।

### महिलाओं को दिया हनी साबुन बनाने का प्रशिक्षण

**भीमताल :** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्राम पंचायत पस्तोला के मंगल ग्राम संगठन के 6 स्वयं सहायता समूहों को आरसेटी प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। करीब 40 समूह की महिलाओं ने हनी साबुन बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। जानकारी देते हुए अपर परियोजना निदेशक चंद्र फर्त्याल ने बताया कि भीमताल में शहद प्रचुर मात्रा में उत्पन्न होता है। इसको देखते हुए हनी के वाई-प्रोडक्ट बना कर महिलाएं अच्छा स्वरोजगार कर सकती हैं।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,
हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 8476843488

**आज का मौसम**

ठंडी हवाओं के साथ आसमान में धूप खिली रहेगी।

| | |
|---|---|
| 30.0° अधिकतम तापमान | 21.6° न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06.15 | सूर्यास्त 17.39 |

# जो मुख्यमंत्री का स्वागत करते हैं, उनकी गाड़ी में चलते हैं, उन्हीं के घर को जाने वाली सड़क के गड्ढे नहीं भरे गये

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 15 अक्टूबर तक सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के आदेश हल्द्वानी में हुए हवा

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जो मुख्यमंत्री का स्वागत करने हेलीपैड जाते हैं, उनकी गाड़ी में सफर करते हैं, मंच साझा करते हैं। जिले में सरकार का कोई भी वीआईपी आये तो अधिकांशतः उनकी मौजूदगी रहती ही है, वह स्वयं जिले के प्रमुख व्यक्तियों में से गिने जाते हैं, लेकिन उनके ही घर को जाने वाली सड़क के गड्ढे नहीं भरे गए। जी हां हम बात कर रहे हैं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट की। उनके घर को जाने वाली सड़क में गड्ढे होने से क्षेत्रवासी बेहद परेशान हैं।

जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट नगर निगम के वार्ड-54 में रहते हैं। नीम के पेड़ चौराहे से उनके घर तक जाने के लिए लगभग एक-डेढ़ किमी की सड़क में दर्जनों गड्ढे हैं। इस सड़क के दोनों तरफ चार-पांच पॉश कॉलोनियां हैं। बारिश के मौसम में जलभराव के बाद ये गड्ढे जानलेवा हो जाते हैं, जिनमें सड़क हादसों का खतरा रहता है। वहीं, अन्य मौसम में धूल उड़ने से लोगों का रहना व चलना दूभर हो जाता है। इधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 1 से 15 अक्टूबर तक सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के आदेश दिए थे। ऐसे में इस सड़क की दोनों तरफ बसी कॉलोनीवासियों को उम्मीद थी कि सीएम के निर्देशानुसार इस सड़क के गड्ढे भर दिए जाएंगे और उन्हें हिचकोले खाने वाली सड़क से निजात मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सीएम की दी मियाद पूरी होने के बाद भी सड़क के गड्ढे नहीं भरे जा सके हैं, न ही गड्ढे भरे जाने को लेकर कोई हलचल दिखाई दे रही है। सीएम के आदेश के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में जिम्मेदारों के खिलाफ खासी नाराजगी है।



भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट के घर को जाने वाली सड़क का हाल, इस सड़क के गड्ढों के कारण क्षेत्र के लोग परेशान हैं। ● अमृत विचार



"इस तरफ गैस पाइप लाइन बिछाने का काम होना है, इसलिए सड़क नहीं बनाई गई है। जैसे ही पाइप लाइन बिछ जाएगी फिर सड़क बनाने का काम शुरू हो जाएगा। सड़क के गड्ढे भरे जाने चाहिए, लेकिन अब नई सड़क ही बनेगी। -**प्रताप बिष्ट**, जिलाध्यक्ष, भाजपा नैनीताल



"सड़कों के गड्ढे भरने के लिए निविदा अपलोड कर दी गई है, जल्द ही काम शुरू होगा। सड़क निर्माण के लिए औपचारिकताएं पूरी होने के बाद काम शुरू किया जाएगा। इस काम के लिए बजट भी मांगा जा रहा है। -**विशाल मिश्रा**, मुख्य नगर आयुक्त, नगर निगम

### मुख्यमंत्री धामी के शिलान्यास का पत्थर भी फांक रहा धूल

**हल्द्वानी :** तंत्र की काहिली कहें या लापरवाही, इस सड़क के निर्माण के लिए जनवरी माह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिलान्यास किया। इसका फाउंडेशन स्टोन नीम के पेड़ चौराहे के पास सड़क किनारे लगा हुआ है। जिसमें स्पष्ट लिखा है कि 14 जनवरी 2024 को सीएम धामी, विशिष्ट अतिथि पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल, विधायक बंशीधर भगत की उपस्थिति में इस मार्ग के निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया। जिला विकास प्राधिकरण की ओर से वित्त पोषित इस सड़क का 90.54 लाख रुपये से निर्माण प्रस्तावित है, लेकिन नौ माह से अधिक का समय बीतने के बाद भी सड़क बनना तो दूर गड्ढे तक नहीं भरे जा सके हैं। इन्हें न सीएम का शिलान्यास शिलालेख भर पाया न ही आदेश।




सड़क निर्माण के लिए लगाया गया शिलान्यास का पत्थर। ● अमृत विचार




## वाल्मीकि जयंती शोभायात्रा आज रूट रहेगा डायवर्ट

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** वाल्मीकि शोभायात्रा के दौरान गुरुवार को शहर में रूट डायवर्ट रहेंगे। शहर के मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति न पैदा हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन ने बुधवार की रात रूट डायवर्जन प्लान जारी किया। एसपी ट्रैफिक हरबंस सिंह ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

**यह रहेगी व्यवस्था**

- रामपुर व बरेली रोड से आने वाली बसें गौला बाईपास होते हुए नरीमन तिराहा और फिर तिकोनिया के रास्ते बस अड्डे भेजी जाएंगी।
- कालाढूंगी रोड से आने वाली बसें लालडांठ तिराहा से पनचक्की तिराहा होते हुए तिकोनिया के रास्ते बस अड्डे भेजी जाएंगी।

**अन्य वाहनों के लिए**

- बरेली रोड से पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाले वाहन गौला बाईपास से नरीमन तिराहा होते हुए काठगोदाम की तरफ भेजे जाएंगे।
- रामपुर रोड से पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाले वाहन आईटीआई तिराहा से मुखानी चौराहा होते हुए गंतव्य को जाएंगे।
- कालाढूंगी रोड से पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाले वाहन ऊंचापुल तिराहा से पनचक्की होते हुए काठगोदाम को जायेंगे।

**एक नजर**

### मंडी में मृत मिला पल्लेदार

**हल्द्वानी :** मंडी में पल्लेदारी का काम करने वाले खुन्नू सिंह (39 वर्ष) की मंगलवार रात संदिग्ध हालात में अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मंगलवार देर रात खुन्नू सिंह मंडी के ही कर्मियों को जमीन पर बेहोश पड़े मिले थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तुरंत उन्हें एसटीएच पहुंचाया, यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक मूलरूप से यूपी के फतेहपुर का रहने वाला था। पोस्टमार्टम के बाद परिचितों को शव सौंप दिया गया है।

### पांच घंटे गुल रही बिजली

**हल्द्वानी :** बिजली की लाइनों के रखरखाव और पेड़ों की लॉपिंग-चॉपिंग के चलते बुधवार को पांच घंटे तक आपूर्ति ठप रही। सुबह दस बजे से काठगोदाम, सुभाष नगर, तेरह बीघा, केडी चौराहा, फुटकुंआ, टीपीनगर और कठघरिया बिजलीघर से जुडे.क्षेत्रों में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दोपहर करीब तीन बजे कार्य पूरा होने के बाद आपूर्ति बहाल हुई। कार्य के चलते रोजाना हो रही बिजली कटौती से लोगों में विभाग के खिलाफ रोष पनप रहा है। ऊर्जा निगम से अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि रूटीन कार्य के तहत आपूर्ति बंद की जा रही है। इसकी सूचना उपभोक्ताओं को पूर्व में दी जा रही है।

# मुकेश बोरा को नहीं मिली जमानत

विधि संवाददाता, नैनीताल

**सुनवाई**

- हाईकोर्ट ने जमानत प्रार्थना पत्र पर की सुनवाई
- राज्य सरकार से चार सप्ताह में मांगा जवाब



**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने एक महिला के साथ दुराचार करने व नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी लालकुआं दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा के जमानत प्रार्थन पत्र पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी की एकलपीठ ने फिलहाल उन्हें कोई राहत नहीं देते हुए राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

बुधवार को हुई सुनवाई में आरोपी पक्ष की ओर से कहा गया कि उन्हें जमानत दी जाए, क्योंकि इस मामले में उन्हें साजिशन फंसाया गया है। यह घटना वर्ष 2021 की है। दो साल आठ माह बीत जाने के बाद अब उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। एफआईआर में कहीं भी छेड़छाड़ का आरोप नहीं है, इसलिए उन पर पॉक्सो नहीं लग सकती है। महिला उन पर बार-बार दवाब डाल रही थी कि उसे नियमित किया जाए। जबकि वह दुग्ध संघ की कर्मचारी नहीं होकर मैन पावर सप्लाई करने वाली कंपनी की कर्मचारी थी। जब आरोपी पक्ष ने इस कम्पनी का टेंडर निरस्त किया तो इन्होंने मिलकर इस षड्यंत्र के तहत उन्हें फंसाया। वहीं, सरकार व पीड़िता की तरफ से इसका विरोध किया गया। पीड़िता की तरफ से कहा गया कि आरोपी ने वर्ष 2021 से लेकर अब तक उसका शोषण किया है, उसे बार-बार जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जिसके सारे सबूत उनके पास हैं। निचली अदालत में बयान देते हुए नाबालिग बेटी ने कहा है कि उसके साथ छेड़छाड़ की है, इसलिए जमानत प्रार्थन पत्र को खारिज किया जाए।

## ओबीसी आरक्षण पर स्थिति स्पष्ट करे सरकार

**नैनीताल, अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने निकाय चुनाव में ओबीसी का आरक्षण तय करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

सुनवाई के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की युगलपीठ ने राज्य सरकार से 6 नवंबर तक स्थिति से अवगत कराने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई भी इसी तिथि को होगी। सुनवाई में याचिकाकर्ता ने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार निकायों में आरक्षण निर्धारित कर रही है। राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि आरक्षण को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। आपत्तियों का निस्तारण 27 अक्टूबर तक हो जाएगा।

# केदारनाथ उप चुनाव जीतेगी भाजपा : धामी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केदारनाथ उप चुनाव में भाजपा बड़े अंतर से जीत दर्ज करेगी।

सीएम ने पत्रकारों से हुई बातचीत में कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद केदारनाथ धाम को भव्य व दिव्य बनाया जा रहा है। वर्ष 2013 की आपदा के बाद केदारनाथ धाम में बहुत नुकसान हुआ था। प्रधानमंत्री के आशीर्वाद से केदारनाथ में नवनिर्माण व पुनर्निर्माण के कई काम प्रथम, द्वितीय, तृतीय चरण में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि केदारनाथ पूरी दुनिया का केंद्र बिंदु बना है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की वैश्विक साख बनी है। केदारनाथ उप चुनाव पर कांग्रेस पर हमला करते हुए धामी ने कहा कि केदारनाथ में जो तुष्टिकरण व लोगों को बांटने की राजनीति कर रहे हैं, उन्हें जनता नकारेगी।

केदारनाथ की जनता बहुत समझदार है, 20 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव में जनता कांग्रेस को सबक सिखाने का काम करेगी और भारी मतों के अंतर से भाजपा के प्रत्याशी की जीत होगी। इससे पूर्व उन्होंने मंडलायुक्त/ सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, डीएम वंदना सिंह के साथ वार्ता की। उन्होंने विकास की धारा को समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने, सरलीकरण, समाधान व निस्तारण पर फोकस करने को कहा। सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे व्यापारियों से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री कहा कि हल्द्वानी शहर में विकास के लिए सडक चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसकी जद में जिन व्यापारियों की दुकानें आ रही हैं, उन्हें शॉपिंग कॉम्पलेक्स में जगह दी जाएगी ताकि उनका रोजगार सुचारू रूप से चल सके। इस दौरान विधायक सरिता आर्या, राम सिंह कैड़ा, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मंडी परिषद अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर डब्बू, दर्जा मंत्री दिनेश आर्य एवं दीपक महरा, डॉ. जोगेन्दर रौतेला मौजूद रहे।

### मोटर मार्ग निर्माण को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** भाजपा जिला मंत्री बहादुर सिंह नगदली के नेतृत्व में ओखलकांडा ब्लॉक के ग्रामीणों ने ग्रामसभा सुनी-वारी में मोटर मार्ग निर्माण व भीड़ापानी-खुजेठी पतलिया मोटर मार्ग के डामरीकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपा। इस पर सीएम ने त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह, हेम वारियाल, नितिन राणा, खीमा शर्मा मौजूद रहे।




टीपीनगर पुलिस की गिरफ्त में हार चोरी करने की आरोपी महिला। ● अमृत विचार

# सोने का हार चुराने वाली शातिर महिला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**कार्रवाई**

- ब्यूटी पार्लर से उड़ाया था बैंक मैनेजर की पत्नी का हार
- सीसीटीवी की मदद से आरोपी के घर तक पहुंची थी पुलिस

**अमृत विचार :** ब्यूटी पार्लर में तैयार होने गई महिला के गले का हार एक शातिर महिला ने चोरी कर लिया था। पुलिस सीसीटीवी की मदद से आरोपी के घर तक पहुंची और कूड़ेदान से हार बरामद कर लिया, लेकिन आरोपी फरार हो गई। बुधवार को पुलिस ने आरोपी महिला को चोरगलिया रोड से पकड़ लिया। महिला न सिर्फ शातिर है, बल्कि उसका पुराना आपराधिक इतिहास भी है।

पंचवटी कॉलोनी निवासी विकास जोशी पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में मैनेजर हैं। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने लिखा कि 14 अक्टूबर को उन्हें परिवार के साथ अन्न प्राशन के कार्यक्रम में जाना था। उनकी पत्नी तैयार होने के लिए पंचवटी कॉलोनी स्थित स्टार ब्यूटी पार्लर में गईं थी। वह तैयार हो रही थी कि तभी एक महिला सर्वे के बहाने ब्यूटी पार्लर में दाखिल हुई। उसकी नजर बैंक मैनेजर की पत्नी के सोने के हार पड़ी, जो बैग में रखा था। उसने हार चोरी किया और चुपके से निकल गई। हार गायब होने की खबर से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची टीपीनगर पुलिस ने घटना स्थल पर सीसीटीवी कैमरे खंगाले। सीसीटीवी की मदद से पुलिस आवास विकास निवासी जसलीन कौर उर्फ प्रीति के घर पहुंच गई। चोरी किया हार जसलीन के घर में रखे कूड़ेदान से बरामद कर लिया, लेकिन जसलीन भाग निकली। बुधवार को टीपीनगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट ने टीम के साथ जसलीन को चोरगलिया रोड स्थित नंधौर द्वितीय गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि जसलीन के खिलाफ पहले भी सात मुकदमे दर्ज हैं।

## सोनकोट गांव में तीन डेंगू के मरीज मिले

**हल्द्वानी:** सीएमओ डॉ. एचसी पंत ने बताया कि डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में डेंगू के 2 रोगी रुद्रपुर के भर्ती हैं। इस वर्ष अभी तक 56 डेंगू एलाइजा पॉजिटिव मरीज जनपद में मिले हैं, जिनमें 35 रोगी इमिग्रेंट्स हैं एवं 21 मरीज जनपद नैनीताल के हैं।

बीते मंगलवार को टीम ने सोनकोट गांव से 6 सैंपल लिए थे, जिनमें से 3 एलाइजा पॉजिटिव निकले हैं। रोगियों को इसकी जानकारी दे दी गई है। साथ ही उन्हें बेस अस्पताल में इलाज का परामर्श दिया गया है। रोगियों के घरों में सोर्स रिडक्शन का काम मलेरिया टीम, डेंगू वॉलंटियर्स एवं आशाओं की ओर से किया जा रहा है।

# रामनगर के अनुज रावत का एशिया कप के लिए चयन

संवाददाता, रामनगर



**अमृत विचार:** दिल्ली टीम के विकेट कीपर व बल्लेबाज अनुज रावत का चयन एशिया कप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। अनुज आईपीएल में रॉयल चेलेंज बेंगलुरु के लिए खेलते हैं। अनुज रावत रामनगर के रहने वाले हैं।

माता आशा रावत, पिता विरेंद्र पाल सिंह रावत के पुत्र अनुज ने 13 वर्ष की उम्र से क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था। अनुज 18 अक्टूबर से ओमान में इमजिंग एशिया कप में भारत की टीम में शामिल हैं। ओमान में होने वाले एशिया कप में भारत के अलावा पाकिस्तान, श्रीलंका, बंग्लादेश, अफगानिस्तान की टीमें भाग लेंगी। अनुज के साथ ही उत्तराखंड के आयुष बडोनी भी टीम में शामिल हैं। अनुज के चयन होने पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के पूर्व कोषाध्यक्ष दीपक मेहरा, जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, क्रिकेट के राष्ट्रीय अंपायर नवीन जोशी ने बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# ड्रग माफिया की संपत्ति जब्त करें

**निर्देश**

- डीआईजी ने बैठक कर दिए सभी जिले के कप्तानों को निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



अपराध समीक्षा बैठक लेते डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** चरस और स्मैक समेत नशे के अन्य कारोबार की कमर तोड़ने के लिए डीआईजी ने सभी जिला कप्तानों को निर्देशित किया है। बुधवार को कैंप कार्यालय में अपराध समीक्षा बैठक लेते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे धंधों में लिप्त लोगों की संपत्ति जब्त की जाए।

डीआईजी ने डॉ. योगेंद्र रावत ने कहा कि सरकार व पुलिस की ओर से प्रचलित विभिन्न पोर्टलों के संबंध में स्कूल व कॉलेजों में जाकर बच्चों को जागरूक करें। डायल 112 और सीएम हेल्पलाइन पर मिलने वाली शिकायतों की समीक्षा तय समय पर करें। एनडीपीएस एक्ट के उन मामलों में संपत्ति जब्त की जाए, जिससे व्यावसायिक मात्रा में नशीले पदार्थ पकड़े जाते हैं। इनके खिलाफ फाइनेंसियल इन्वेस्टीगेशन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान नैनीताल एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा, ऊधमसिंह नगर के एसएसपी मणिकांत मिश्र, अल्मोड़ा एसएसपी देवेंद्र पींचा, पिथौरागढ़ की एसपी रेखा यादव, चंपावत एसपी अजय गणपति कुम्भार, बागेश्वर एसपी चंद्रशेखर घोडके मौजूद रहे।

**प्रकरण** साइबर माफिया इस्तेमाल कर रहे शिवम वर्मा का बैंक खाता, देश के कई राज्यों से आ और जा रहा है करोड़ों रुपया

# विदेश से संचालित हो रहा था जाली नोटों के सप्लायर का करंट खाता

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एक करंट (चालू) बैंक खाते में हो रहे भारी लेन-देन की वजह से जाली नोटों के गैंग का भंडाफोड़ हुआ।

जांच आगे बढ़ी तो पता लगा कि करंट खाते का मालिक सर्राफ शिवम वर्मा न सिर्फ जाली नोटों का गैंग चला रहा था, बल्कि वह साइबर फ्रॉड के धंधे में भी लिप्त है। जिस करंट खाते से करोड़ों का लेन-देन हो रहा था वो विदेश में बैठा साइबर माफिया संचालित कर रहा था। इस खाते से देश के कई राज्यों में पैसों का लेन-देन हो रहा था। क्रिप्टो करेंसी के जरिये इस खाते से पैसे विदेशों में भी ट्रांसफर करने के संकेत मिले हैं।

500-500 के जाली नोटों के मामले में गैंग के आठ लोग जेल पहुंच चुके हैं। इस मामले में सबसे पहली गिरफ्तारी लालकुआं निवासी सर्राफ शिवम वर्मा की हुई थी। शिवम से 9 हजार रुपये के जाली नोट मिले थे। दरअसल, केंद्रीय एजेंसी ने शिवम की 2 करोड़ की लिमिट वाले करंट खाते को फ्रीज कर दिया था। इसकी वजह थी करंट खाते में संदिग्ध लेन-देन। सूत्रों के अनुसार शिवम कम समय में अमीर बनना चाहता था। इसी वजह से वह जाली नोटों के धंधे में उतरा और फिर साइबर माफिया के संपर्क में आया। जो करंट खाता पुलिस को जाली नोटों के गैंग तक ले गया, जब उसकी जांच हुई तो साइबर फ्रॉड की आशंका जाहिर हुई। 15 से 20 दिन पहले ही शिवम ने लालकुआं स्थित निजी बैंक की शाखा में अपनी दुकान के जीएसटी नंबर पर करंट खाता खुलवाया था।

सूत्रों के मुताबिक साइबर फ्रॉड के जरिए आने वाले बड़ी रकम को एक बार में निकाला जा सके, इसलिए करंट खाते की लिमिट दो करोड़ बनवाई गई। शिवम के करंट खाते का एक्सेस भी विदेश में बैठे साइबर माफिया के पास है। खाते में आने वाली लाखों-करोड़ों रुपये की राशि केवल एक से दो दिन ही खाते में रखी जाती थी।

जिसके बाद इन रुपयों को देश के अलग-अलग राज्यों में संचालित बैंक खातों में ट्रांसफर किया जा रहा था। इस खाते में जो पैसा आता था, उसका एक बड़ा हिस्सा बिना कुछ किए शिवम को मिल रहा था। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि जांच टीमें हर एंगल से जांच कर रही हैं। पुलिस के साइबर एक्सपर्ट करंट खाते से जुड़े लिंक खंगाल रहे हैं।

### नैनीताल के बाद बरेली पुलिस ने कसा शिकंजा

**हल्द्वानी :** जाली नोटों के खिलाफ नैनीताल पुलिस की कार्रवाई में बरेली के कई लोग फंसे हैं। पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई के बाद बरेली पुलिस भी हरकत में आई है। जाली नोटों के इसी गैंग से जुड़े कुछ लोगों को पुलिस ने दबोच लिया है। एक बड़े स्क्रैप कारोबारी के घर भी छापा मारा गया, लेकिन वो फरार हो गया। नैनीताल पुलिस बरेली पुलिस की कार्रवाई पर नजर रख रही है। सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि अगर बरेली पुलिस मदद मांगेगी तो हम मदद करेंगे।

## पीसीबी करेगा आकृति स्टोन क्रशर की जांच

**हल्द्वानी/लालकुआं :** एसडीएम तुषार सैनी के नेतृत्व में खनन, राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को आकृति स्टोन क्रशर पर छापेमारी की। क्रशर में अवैध ढंग से किए गए गड्ढे की नपाई की गई। इस गड्ढे को चूने से भरा जा रहा था। गड्ढे पर पूर्व में ही जुर्माना हुआ था।

इस पर एसडीएम ने गड्ढे पर पूर्व में हुए जुर्माने को देखते हुए चालानी रिपोर्ट की कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जांच के लिए पत्र लिखा है। टीम ने बच्चीपुर में मां भवानी मिनरल्स में भी आकस्मिक जांच की। यहां बिना अनुमति के सोप स्टोन के 6200 से अधिक कट्टे मिले। टीम ने इसको सीज कर दिया। साथ ही अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## सार-संक्षेप



पायते वाली रामलीला के मंच पर श्री राम का आशीर्वाद लेते कमेटी के अध्यक्ष।

### आशीष वचनों के साथ रामलीला का समापन

**रामनगर :** सुखी रहो तुम सब नर नारी के आशीष वचनों के साथ पायते वाली रामलीला का समापन किया गया। इस दौरान मंच पर राम दरबार में स्थानीय नागरिकों ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीताजी और हनुमान जी के चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया। मंच पर मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, प्रदीप पूठीया, बसन्त जैन, अरुण अग्रवाल, सुमित शर्मा, शलभ मित्तल ने रामलीला का मंचन कर रहे कलाकारों को पुरस्कार वितरण करते हुए उनके अभिनय कला की सराहना की। समापन के दौरान कमेटी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, उपाध्यक्ष संजीव कुमार (प्लाइवुड वाले) अमित गोयल संरक्षक, मंत्री प्रदीप कपूर, राजीव मित्तल, अंकुर गोयल एडवोकेट, पुनीत अग्रवाल, पियूष अग्रवाल, विकास अग्रवाल, दीपक अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी जनमानस का आभार जताया। अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने सभी कलाकारों व मुख्य डायरेक्टर राजीव मोनू का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।



चोरगलिया में आयोजित शिविर में पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

### बहुउद्देशीय शिविर का ग्रामीणों ने उठाया लाभ

**चोरगलिया :** सिंचाई विश्राम गृह चोरगलिया में ग्रामीणों के लिए एक दिवसीय बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में राशन कार्ड, बैंक, पेंशन संबंधी कार्यों का निस्तारण किया गया। खाद्य पूर्ति विभाग से पूर्ति लिपिक राजेंद्र सिंह, बैंक ऑफ बड़ौदा से सुरेंद्र मिश्रा, पंचायती राज विभाग से एसडीओ नोडल अधिकारी श्याम सिंह नेगी, पशु चिकित्सालय विभाग से डॉ. लता दयाल, सरस्वती लखचौरा, उद्यान विभाग से एपीओ दीप्ति बिष्ट व दान सिंह भंडारी, बाल विकास से सुपरवाइजर, मीना आर्या ने मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया। शिविर का आयोजन नयागांव कटान ग्राम प्रधान कमल दुर्गापाल ने किया। मौके पर पूर्व प्रधान नेत्र सिंह बिष्ट, षष्टीदत्त बजेठा, पान सिंह मेवाड़ी, नवीन जोशी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ती मनीषा फर्त्याल, लक्ष्मी टम्टा, शीला टम्टा, दीपा देवी, रंजना आर्या, दीपा आर्या मंजू टम्टा आदि मौजूद थी।

### राज्य स्तरीय खो-खो के लिए 11 खिलाड़ी चयनित

**कालाढूंगी :** देहरादून में होने वाले राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए भगवती शाह खो-खो क्लब (देवीपुरा, चकलुवा) के प्रतिभागियों का चयन हुआ है। विगत दिनों राउमावि देवीपुरा में जिला स्तरीय खो-खो प्रतियागिता का आयोजन किया गया था। खो-खो क्लब के अध्यक्ष तारा चंद्र ने बताया कि अंडर 14 बालिका वर्ग में हिना बिष्ट, तनीषा, भावना नेगी, बालक वर्ग से देव, शुभम बिष्ट, नितिन, अंडर 17 बालिका वर्ग में छाया और बालक वर्ग से कुणाल, जतिन, मनीष का चयन हुआ है। इसके अलावा अंडर 19 में कृष्णा ने भी जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागी देहरादून प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। राउमा विद्यालय देवीपुरा की पीटीआई कृष्णा बिष्ट, जागृति शिक्षा निकेतन स्कूल की प्रधानाचार्या लता बिष्ट, भगवती शाह खो-खो क्लब के अध्यक्ष ताराचंद, कोच राजेश बिष्ट, राहुल कुमटिया और नीलेश कुमटिया ने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।



फिल्म स्टार संजय मिश्रा को पुस्तक भेंट करते समाजसेवी। ● अमृत विचार

### अभिनेता संजय मिश्रा को मां बंग्लामुखी पुस्तक भेंट की

**लालकुआं :** पर्वतीय अंचल घूमने जा रहे फिल्म स्टार संजय मिश्रा को पत्रकार रमाकांत पन्त ने जय मां बंग्लामुखी पुस्तक भेंट की। इस मौके पर संजय मिश्रा ने देवभूमि को अत्यधिक प्रभावित करने वाला राज्य बताते हुए यहां के तीर्थ स्थलों की महिमा का बखान किया। कुमाऊं की वादियों के दौरे पर जा रहे फिल्म स्टार संजय मिश्रा मंगलवार देर शाम लालकुआं बाजार में सामान खरीदने उतरे तो उन्हें देखने वालों की भीड़ लग गई। इस दौरान उनसे मिले पत्रकार राजेंद्र पंत रमाकांत ने उन्हें जय मां बंग्लामुखी पुस्तक भेंट करते हुए मां बंग्लामुखी के संबंध में जानकारी दी। संजय मिश्रा ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड वास्तव में ऐसी भूमि है जहां जाकर मनुष्य पूरी तरह स्वतं ही धार्मिक बन जाता है। वह समय-समय पर उत्तराखंड भ्रमण को आते रहते हैं, जिससे उन्हें विशेष आनंद की अनुभूति होती है। इस अवसर पर उनके साथ आए समाजसेवी एसके राय, गोपी गर्ग, चंदू गर्ग और नवीन जोशी आदि मौजूद रहे।




रामनगर में पत्रिका का विमोचन करते विधायक व अन्य। ● अमृत विचार

### रामनगर डिग्री कॉलेज बना उच्च शिक्षा का उत्कृष्ट केन्द्र

**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर उच्च शिक्षा का उत्कृष्ट केन्द्र बन चुका है। यह बात मुख्य अतिथि रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने महाविद्यालय पत्रिका 'अभिव्यक्ति' एवं स्वर्ण जयंती वर्ष लोगो विमोचन समारोह में कही। पत्रिका 'अभिव्यक्ति' का विमोचन विधायक दीवान सिंह बिष्ट, विशिष्ट अतिथि गणेश रावत व प्राचार्य प्रो. एमसी पाण्डे ने संयुक्त रूप से किया। मंच संचालक डॉ. डीएन जोशी ने समस्त अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। सह सम्पादक डॉ. मूल चन्द्र शुक्ल ने महाविद्यालय की उपलब्धियों का सार प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने पत्रिका 'अभिव्यक्ति' की प्रशंसा करते हुए बधाई दी। उन्होंने महाविद्यालय स्थापना के पचासवें वर्ष में प्रवेश करने पर स्वर्ण जयंती वर्ष लोगो का भी लोकार्पण किया। उन्होंने महाविद्यालय को उच्च शिक्षा का उत्कृष्ट केन्द्र बताया। विशिष्ट अतिथि पुरातन छात्र परिषद के अध्यक्ष गणेश रावत ने पत्रिका विमोचन एवं स्वर्ण जयंती वर्ष की बधाई देकर महाविद्यालय के विकास में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन प्राचार्य प्रो. एमसी पाण्डे ने महाविद्यालय की प्रगति में छात्र, शिक्षक तथा हितधारकों के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया।

### आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग

**कालाढूंगी :** क्षेत्र में आवारा पशुओं से राजकपूर टम्टा बसपा नेता ने प्रशासन व सरकार से निजात दिलाने की मांग की है। राजकपूर टम्टा ने कहा कि धनपुर, धर्मपुर, रामपुर, लच्छमपुर, चूनाखान में बाहर से आवारा छोटे बछड़ों व जानवारों को छोड़ा जा रहा है। आवारा पशु किसानों की फसल व पशुचारे को नुकसान पहुंचा रहे हैं। साथ ही आये दिन दुर्घटना हो रही हैं। जिला प्रभारी बसपा राजकपूर टम्टा ने एसडीएम व डीएम को ज्ञापन देकर आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की है।

# आईएमपीसीएल को किसी कीमत पर नहीं बिकने देंगे

## मोहान में आयुष फैक्ट्री के निजीकरण के विरोध प्रदर्शन के दौरान पदयात्रा में शामिल पूर्व सीएम हरीश रावत ने कही बात

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा जनपद के मोहान में भारत सरकार की आईएमपीसीएल नाम से आर्युवैदिक व यूनानी दवा फैक्ट्री है। बताया जा रहा है कि मौजूदा केन्द्र सरकार इस फैक्ट्री का निजीकरण कर इसे बेचने की तैयारी कर रही है। इसके विरोध में कर्मचारियों के साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग आंदोलन कर रहे हैं। कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत बुधवार को रामनगर पहुंचे और फैक्ट्री के निजीकरण के विरोध में निकाली गई पदयात्रा में भाग लिया।

तहसील परिसर में सभा में उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह फैक्ट्री कुमाऊं की शान है। इसकी स्थापना वर्ष 1978 में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. नारायण दत्त तिवारी द्वारा की गई थी। इस फैक्ट्री में बनने वाली दवाएं देश-विदेश में भेजी जाती थी। इस फैक्ट्री से रामनगर की भी पहचान है। उन्होंने कहा कि सरकार आज गुजरात के एक उद्योगपति को इसे बेचने जा रही है। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री में काम करने वाले प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हजारों लोग आज बेरोजगार होने के कगार पर हैं लेकिन सरकार लगातार सरकारी संपत्तियों को अपने चहेतों व पूंजीपतियों को बेचने पर तुली है, जिसे सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर वर्ष सरकार को 18 से 20 करोड़ का फायदा पहुंचाने वाली कंपनी को आखिर बेचने की क्या जरूरत पड़ रही है, सरकार इसका जवाब दे। पूर्व सीएम ने कहा कि पहले हम चूक गए इन्हीं भाजपाइयों ने रानीबाग स्थित एचएमटी फैक्ट्री तथा ऋषिकेश स्थित आईडीपीएल फैक्ट्री बेच दी जो कि हमारी पहचान थी।

रावत ने कहा कि हम किसी भी कीमत पर अब इस फैक्ट्री का निजीकरण नहीं होने देंगे तथा सरकार के फैसले के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेंगे। बता दें कि इस फैक्ट्री के विरोध में कर्मचारियों की दो यूनियन आंदोलन में जुटी हैं। पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय नेगी ने भी सरकार के फैसले का विरोध करते हुए कहा कि पदयात्रा कर एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जा रहा है। यदि सरकार ने अपने फैसलों को वापस नहीं लिया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान आईएमपीसीएल कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष जयपाल सिंह रावत, एससी एसटी ओबीसी कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष पनी राम, डॉ निशांत पपनै, पुष्कर दुर्गापाल, आशिफ इकबाल, राहुल कांडपाल, लक्की विश्वकर्मा, महावीर रावत, ग्राम प्रधान सुरेंद्र बिष्ट, जसी राम, रमेश रावत, इन्दर नेगी, विन्नी फर्त्याल, चेतन पंत, ललित कडकोटी, हल्द्वानी से भोला भट्ट, मदन सिंह, प्रताप सिंह, जगदीश पांडे, राहुल भट्ट, गौरव भट्ट, नीमा भट्ट, शशि वर्मा, पुष्पा नेगी, शोभा बिष्ट समेत अनेक लोग मौजूद रहे।




रामनगर में आईएमपीसीएल के निजीकरण के विरोध में आयोजित प्रदर्शन को समर्थन देने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत। ● अमृत विचार

### गुस्सा

▶▶ काठगोदाम स्थित एचएमटी और ऋषिकेश की आईडीपीएल फैक्ट्री के जैसा हाल नहीं होने देंगे : हरीश रावत

### केदारनाथ की सीट भारी बहुमत से जीतेंगे

**रामनगर :** एक सवाल के जवाब में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने केदारनाथ उपचुनाव पर कहा कि कांग्रेस को बाबा बद्री का आशीर्वाद मिल चुका है और अब बाबा केदारनाथ का आशीर्वाद भी मिलने जा रहा है। केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव कांग्रेस ऐतिहासिक मतों से जीतेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी-करनी को जनता समझ चुकी है। दिल्ली में केदारनाथ मन्दिर बनाने की उसकी योजना को जैसे ठुकराया है वैसे ही इस उपचुनाव में भी केदारनाथ भगवान की भूमि के लोग भाजपा को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठे हैं।

### आईएमपीसीएल का मुद्दा लोकसभा व विधानसभा में उठाए कांग्रेस

**रामनगर, अमृत विचार :** ठेका मजदूर कल्याण समिति ने कांग्रेस नेता व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत द्वारा आईएमपीसीएल के निजीकरण पर रोक लगाने की मांग को लेकर निकली गई पदयात्रा आंदोलन का समर्थन किया तथा उन्हें समर्थन पत्र सौंपकर उनसे सभी ठेका मजदूरों को नियमित नियुक्ति देने तथा पीएफ कार्यालय में ठेका मजदूरों के बकाया एक करोड़ 12 लाख रुपये के भुगतान की मांग को भी मांग पत्र में शामिल करने का निवेदन किया। समिति ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से अनुरोध किया कि उक्त मांगों को विधानसभा एवं लोकसभा में कांग्रेस द्वारा उठाकर इन्हें मुद्दा बनाया जाए। समिति ने उन्हें आईएमपीसीएल का विनिवेश रोकने की मांग को लेकर वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री मोदी व उत्तराखंड के 6 सांसदों को लिखे गए पत्र की प्रतियां भी उपलब्ध कराई। ठेका मजदूर कल्याण समिति आईएमपीसीएल मोहान के बैनर तले पदयात्रा कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष किशन शर्मा, भूपेंद्र कुमार, मनोज कुमार, नवीन अधिकारी, नंदन रावत, मंजू भट्ट, दीपा जोशी, ख्याली राम, पितांबर लाल, शेखर चंद्र, गिरीश पंत, प्रकाश पांडे, हरीश गिरी, सुरेंद्र राम, दीपक गिरी के साथ सैकड़ों मजदूरों ने भागीदारी की।

# 24 अक्टूबर को होगी अध्यापक पात्रता परीक्षा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर नैनीताल के सभागार में उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा (प्रथम एवं द्वितीय) के आयोजन को लेकर उत्तराखण्ड के सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों, नोडल अधिकारियों एवं नोडल परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों की बैठक हुई। बताया गया कि प्रदेश के 29 शहरों में 24 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से 12:30 बजे तक यूटीईटी प्रथम एवं अपराह्न 2 बजे से 4: 30 बजे तक यूटीईटी द्वितीय परीक्षा आयोजित की जानी है।

परीक्षा में यूटीईटी प्रथम हेतु 12858 एवं यूटीईटी द्वितीय हेतु 40520 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम हेतु कुल 61 परीक्षा केन्द्र एंव द्वितीय परीक्षा हेतु 131 परीक्षा केन्द्र बनाए गये हैं। परिषद के सचिव वीपी सिमल्टी ने बैठक में कहा कि जनपद में मुख्य शिक्षा अधिकारी परीक्षा के मुख्य नियंत्रक होंगे। अपर सचिव बीएमएस रावत ने नोडल अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों के कार्य एवं दायित्वों पर चर्चा की।

उप सचिव सुषमा गौरव ने बताया कि प्रत्येक शहर के नोडल केन्द्र 22 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक परीक्षा हेतु नियंत्रण कक्ष के रूप में कार्य करेंगे। परीक्षा शहर के सभी परीक्षा केन्द्रों में आवंटित अभ्यर्थी अपनी परीक्षा सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण हेतु आंवटित परीक्षा शहर के नोडल केन्द्र पर 22 व 23 अक्टूबर को सायं 5 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं। बैठक में एसएस बिष्ट, प्रेम राम, कृपा शंकर पांडे मौजूद रहे।

## संस्कृत प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

**कालाढूंगी, अमृत विचार:** पीएमश्री राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज कोटाबाग में चल रही खंड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हो गया। मुख्य अतिथि ज्येष्ठ प्रमुख शशि डंगवाल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

समूह गान में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय कोटाबाग ने प्रथम, पीएम श्री राबाइंका कोटाबाग ने द्वितीय, पीएमश्री राबाइंका कालाढूंगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद में पीएमश्री राबाइंका कोटाबाग प्रथम, राजीव गांधी नवोदय विद्यालय कोटाबाग द्वितीय, पीएमश्री राइंका कोटाबाग तृतीय रहे। संचालन एनसीसी प्रभारी डॉ. भावतोष भट्ट ने किया। यहां प्रधानाचार्य हरीश बिनवाल, पीटीए अध्यक्ष मुकेश सती, खंड संयोजक कलवंत चंद्र कंबोज, भगवती प्रसाद वर्मा, प्रिया कंबोज, निर्मल कुमार जोशी, भुवन चंद्र जोशी मौजूद रहे।

# प्रभु श्रीराम का हुआ राजतिलक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शीशमहल स्थित रामलीला मैदान में चल रहे रामलीला मंचन का बुधवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के दौरान रामलीला के विभिन्न पात्रों को शानदार अभिनय के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि रामलीला कमेटी के अध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी व महामंत्री एनडी तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर मंचन का शुभारंभ किया।

अंतिम दिन की लीला में श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान का अयोध्या आगमन, श्रीराम का भव्य स्वागत और राजतिलक की लीला का सुंदन मंचन हुआ। रामलीला के दौरान पूरा पंडाल जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा। इस मौके पर मुख्य व्यवस्थापक गिरीश तिवारी, अध्यक्ष मनोज तिवारी, निर्देशक नीरज फुलारा, महामंत्री एनडी तिवारी, कमल पपनै, हरीश पांडे, दिनेश फुलारा, सुरेश तिवारी, मोहन बल्यूटिया, विनोद भट्ट, उमेश तिवारी, कैलाश बल्यूटिया, देवेश तिवारी, कैलाश तिवारी, पवन तिवारी, विनोद तिवारी, पुष्पा संभल, भास्कर बल्यूटिया, मोहन अधिकारी, हरीश बल्यूटिया, विक्रम ठाकुर, विपिन जोशी, नंदन बिष्ट, नन्दाबल्लभ महतोलिया, दयानंद तिवारी, दीपू तिवारी, विक्रम डंगवाल, चंदशेखर शर्मा, केशव तिवारी, बालकिशन, उमेश जोशी, गिरीश लोहनी, बालम मेहरा, गणेश बिष्ट, खीमा तिवारी, निर्मल सती, हिमांशु बिष्ट, दयानंद तिवारी, पीडी जोशी, देवी दत्त सुयाल, अनिल तिवारी, संजय बिष्ट, मनोज तिवारी, कैलाश नौगाई, हितेश तिवारी आदि मौजूद रहे।



श्री राम राज तिलक की लीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

▶▶ **शीशमहल में चल रही रामलीला का हुआ समापन, कलाकारों को किया गया पुरस्कृत**

# समूह नृत्य में जीआईसी गरजौली ने बाजी मारी

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** राजकीय अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज बेतालघाट के सभागार में दूसरे दिन वरिष्ठ वर्ग की संस्कृत प्रतियोगिताएं हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य माधव सिंह बोरा ने किया।

नाटक मंचन में राजकीय इंटर कॉलेज बेतालघाट प्रथम व राजकीय इंटर कॉलेज तल्लीसेठी दूसरे स्थान पर रहा। समूह गान में राजकीय इंटर कॉलेज ऊंचाकोट प्रथम व राजकीय इंटर कॉलेज सिमलखां दूसरे स्थान पर रहा। समूह नृत्य में राजकीय इंटर कॉलेज गरजौली ने प्रथम और राजकीय इंटर कॉलेज सिमलखां ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

वाद विवाद प्रतियोगिता में सिमलखां की अंकिता भंडारी और रेशमा प्रथम रही। आशु भाषण में राजकीय इंटर कॉलेज बेतालघाट का रोशन कुमार पहले और राजकीय इंटर कॉलेज तल्लीसेठी का प्रहलाद सिंह नेगी दूसरे स्थान पर रहा।

श्लोक प्रतियोगिता में गरजौली की ललिता रावत प्रथम और बेतालघाट की विशाखा बुधौड़ी दूसरे स्थान पर रही। विजेताओं को प्रधानाचार्य दीप चंद्र त्रिपाठी, संयोजक डॉक्टर अरविंद मिश्रा ने प्रमाण पत्र व नगद धनराशि देकर सम्मानित किया। राजकुमार भंडारी और सत्यदेव ने संचालन किया। प्रतियोगिता में पीटीए अध्यक्ष नवीन चंद्र कश्मीरा, एसएमसी अध्यक्ष धना देवी, मोहनलाल, राजपाल सिंह, कौशल गुणवंत, अल्ताब शाह, कुसुम पाल, पुष्पा मठपाल, पूनम वर्मा, सीमा कनवासी, राजेश तोमर, प्रकाश नैनवाल आदि मौजूद रहे। प्रधानाचार्य दीप चंद्र त्रिपाठी एवं संयोजक डॉ अरविंद मिश्रा ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर सभी का आभार व्यक्त किया।




इंटर कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

# मदर्स ग्लोरी व बीयरशिवा ने जीती ट्रॉफी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल और सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल की ओर से हरकपुर क्वीरा लामाचौड़ में आयोजित सेवन ए साएड अंतर विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हो गया। बालिका वर्ग में मदर्स ग्लोरी रामनगर और बालक वर्ग में बीयरशिवा स्कूल की टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

बालिका वर्ग में फाइनल मैच मदर्स ग्लोरी रामनगर और सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी के बीच हुआ। जिसमें मदर्स ग्लोरी की दिव्यांगी व यशस्वी ने एक-एक गोल कर टीम को जीत दिलाई। वहीं बालकों का फाइनल मैच बीयरशिवा सीनियर सेकेंडरी स्कूल व बीएलएम एकेडमी के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर हुई। समय समाप्ति तक दोनों टीमें एक भी गोल नहीं कर पाई। पेनाल्टी शूट आउट में भी टीमें बराबरी पर रहीं। इसके बाद सडन डेथ के माध्यम से बीयरशिवा ने मैच अपने नाम किया। 32 युवा फुटबॉल खिलाड़ियों को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस दौरान सिंथिया स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला, निदेशक रश्मि रौतेला, डॉ. संजय जुयाल, रोटरी क्लब के अध्यक्ष अनिल कर्नाटक, प्रबंधक शेमफोर्ड स्कूल दयासागर बिष्ट, अजय चौधरी, पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश भगत, करण गंगोला, बीएलएम स्कूल के प्रबंधक साकेत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



गोल दागने के लिए आपस में भिड़ते खिलाड़ी।

### कृतिका सर्वश्रेष्ठ गोल कीपर यशस्वी बनीं बेस्ट स्ट्राइकर

प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ गोल कीपर का पुरस्कार सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कृतिका, बेस्ट स्ट्राइकर का पुरस्कार मदर्स ग्लोरी रामनगर की यशस्वी विश्वकर्मा और राईजिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल की खुशी सनवाल को दिया गया। वहीं बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ गोल कीपर क्वींस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रियांशु बासुकोटी, बेस्ट स्ट्राइकर बीयरशिवा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सौरभ सिंह, राईजिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार बीएलएम एकेडमी के हिमांशु बसेरा को दिया गया।



## सार-संक्षेप

### कुमाऊं द्वार महोत्सव में कलाकारों ने बांधा समां

**हल्द्वानी :** कुमाऊं द्वार महोत्सव में बुधवार को लोक कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेता संजय मिश्रा विशिष्ट अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हमें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। लोक गायक राकेश जोशी ने हिट दे साली...व सुवा मेरो ड्राइवर...गीत गाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। गढ़वाल से आये मनोज सावंत ने भी कई मनमोहक गीतों की प्रस्तुति दी। नई दिशाएं ग्रुप के कलाकारों ने किशन लाल के नेतृत्व में आकर्षक नृत्य पेश किया। लोक गायक जितेंद्र तोमक्याल, रोहित चौहान, बेबी प्रियंका, विवेक नौटियाल ने भी कार्यक्रम में गीतों से समां बांधा। संगीत में अमन सब्बरवाल, मनोज पांडे, नीरज नयाल ,सानू जोशी, विवेक राणा, आकाश नैनवाल, निशु राणा, मनोज उप्रेती और हरीश भट्ट उमेश कुमार थे। संयोजक गोविंद दिगारी और खुशी जोशी ने दर्शकों, प्रशासन और पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### लिंक मार्गों के रैंप निर्माण में हीलाहवाली का आरोप

**हल्द्वानी :** गैर वैशाली विकास संघर्ष मोर्चा का एक शिष्टमंडल बुधवार को विधायक बंशीधर भगत से मिला। शिष्टमंडल ने विधायक से ऊंचापुल से चौफला चौराहे के बीच लिंक मार्गों में रैंप लगाने में हो रही हीलाहवाली की शिकायत की। जिस विधायक ने लोनिवि के सहायक अभियन्ता को दूरभाष पर लताड़ लगाते हुए तत्काल रैंप निर्माण कराने के निर्देश दिए। मोर्चा के संयोजक रमेश चन्द्र पांडे के नेतृत्व में लोगों ने विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि नहर कवरिंग के बाद मुख्य सड़क में डामरीकरण हुए छह माह से अधिक समय हो गया है, लेकिन अभी तक लिंक मार्गों में पटरी और रैम्प निर्माण का कार्य अधूरा है। इस दौरान केसी त्रिपाठी, बहादुर सिंह हरडिया, किशोरी लाल और डीएस बिष्ट मौजूद रहे।

### परायण यज्ञ के साथ रामलीला का हुआ समापन

**हल्द्वानी :** रामलीला संचालन समिति के तत्वाधान में बुधवार को प्राचीन रामलीला मैदान के राम भवन में रामायण पारायण यज्ञ का आयोजन किया गया। व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री ने हवन पूजन कार्य संपन्न कराया। इसके साथ ही 15 दिवसीय रामलीला मंचन का समापन हो गया। इस दौरान समिति के सभी सदस्यों और भगवान के स्वरूपों ने यज्ञ में आहुति दी। समिति के संरक्षक सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने सभी सदस्यों का निर्विघ्न एवं सुंदर रामलीला मंचन संपन्न करवाने के लिए आभार जताया। पारायण यज्ञ के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। यज्ञ में मेहुल जोशी, वैभव देवल, रुद्र बिष्ट, भोलानाथ केसरवानी, विवेक कश्यप, अमित जोशी, पंडित रीतेश जोशी, अतुल अग्रवाल, मनोज गुप्ता, भवानी शंकर नीरज, विनीत अग्रवाल, बसंत अग्रवाल और सौरभ अग्रवाल आदि ने आहुति देकर सर्व सुख और शांति की प्रार्थना की।

### अप्रेंटिसशिप मेले में 42 अभ्यर्थी चयनित, 66 शॉर्टलिस्ट

**हल्द्वानी :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हल्द्वानी में बुधवार को प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 7 विभिन्न उपक्रमों के नियोक्ताओं की ओर से अभ्यर्थियों का चयन अप्रेंटिसशिप के लिए किया गया। मेले में कुल 42 अभ्यर्थियों का चयन हुआ, जबकि 66 को शॉर्टलिस्ट किया गया। लगभग डेढ़ साल बाद मेले का आयोजन हुआ। पिछले साल फरवरी माह में आयोजित मेले में 200 अभ्यर्थी आये थे, जिसमें से 120 का चयन हुआ था। आमतौर पर आईटीआई की ओर से मेले का आयोजन हर 2-3 महीने बाद किया जाता है, लेकिन पिछले डेढ़ साल से इसका आयोजन नहीं किया गया था। बुधवार को मेले का उद्घाटन उप निदेशक राजेंद्र सिंह मर्तोलिया ने किया। इस दौरान उप निदेशक स्मिता अग्रवाल, वरिष्ठ परामर्शदाता प्रधानाचार्य पीके धारीवाल, संस्थान के कार्यदेशक और अनुदेशक मौजूद रहे।

### श्री राम वनवास की कथा सुनाई

**हल्द्वानी :** क्रियाशाला सेवा समिति की ओर से आयोजित श्री राम कथा के चतुर्थ दिवस व्यास आचार्य भुवन चंद त्रिपाठी ने सीता-राम विवाह, मंथरा कैकेयी संवाद व राम वनवास की कथा का विस्तार से वर्णन किया। सैकड़ों की संख्या में श्रोताओं श्रीराम कथा सुनी। इस अवसर पर संचालक मंडल के अध्यक्ष एनबी गुणवंत, उपाध्यक्ष डीडी दुम्का, उपसचिव आनंद सिंह भाकुनी, देवकीनंदन जोशी, कल्पना भंडारी, तारा तंकवाल, विनोद सिंह, नंदन जोशी, पूरन चंद जोशी, प्रकाश जोशी, बिशन सिंह नैनवाल मौजूद रहे।

# 100 मीटर दौड़ में नैनीताल के आयुष व दून की रेशमा प्रथम

## अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में दूसरे दिन हुई एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, खो-खो, ऊंची कूद, लंबी कूद और गोला-चक्का फेंक प्रतियोगिता

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में चल रही राज्य स्तरीय अंतर विद्यालयी प्रतियोगिता के दूसरे दिन एथलेटिक्स सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

प्राथमिक वर्ग में हुई बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में नैनीताल के आयुष, पौड़ी के विजय, देहरादून के आयुष्मान तथा बालिका वर्ग में देहरादून की रेशमा, पौड़ी की कनक और हरिद्वार की लविषा क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा 400 मीटर बालिका वर्ग की दौड़ में उत्तरकाशी की करीना, चंपावत की इशिका जोशी, देहरादून की रेशमा, बालक वर्ग में पौड़ी के मिलन, पिथौरागढ़ के अखिलेश, ऊधमसिंह नगर के मोहम्मद शहजाद सबसे तेज दौड़े। सब जूनियर वर्ग की 100 मीटर दौड़ में पिथौरागढ़ के कृष्णा, पौड़ी के विवेक और नूर अमन, 400 मीटर दौड़ में चमोली के अभय सिंह, पिथौरागढ़ के आयुष, देहरादून के अभिजीत, बालक वर्ग में हुई प्राथमिक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में



गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार


अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खो-खो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं छात्राएं।

हरिद्वार के आयुष कुमार, पौड़ी के मिलन, ऊधमसिंह नगर के अक्षय तथा बालिका वर्ग में उत्तरकाशी की तनुजा, नैनीताल की प्रियांशी जीना, ऊधमसिंह नगर की जानवी राणा विजेता रहे। बालिकाओं की 400 मीटर दौड़ में चंपावत की सरिता, चंपावत की अमिषा चौधरी, पिथौरागढ़ की दीया, सब जूनियर वर्ग की 100 मीटर दौड़ में चमोली की बबली, ऊधमसिंह नगर की जानकी कठायत, चंपावत की सरिता क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहीं। इसके अलावा खो-खो और वॉलीबॉल प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। जिसके फाइनल मैच गुरुवार (आज) खेले जायेंगे। निर्णायक पूरन नयाल, संजय वर्मा, हेमंत रौतेला, राकेश शर्मा, प्रकाश आर्य, देवेंद्र जीना, मंगल खीमाल, महेश कपिल, अमित कांडपाल, ललित धपोला, प्रदीप बोरा, आनंदी गुणवंत, हरीश मेहरा, राकेश शुक्ला रहे। इस दौरान अपर निदेशक आरएल आर्य, मुख्य शिक्षा अधिकारी पीएल टम्टा, जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक एचबी चंद, खंड शिक्षा अधिकारी अंशुल बिष्ट, खंड शिक्षा अधिकारी सल्ट हरेंद्र साह, सुरेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

### बॉक्सिंग प्रतियोगिता में नैनीताल का दबदबा

28 से 30 किलो वर्ग की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में देहरादून के हिमांशु, 30 से 32 किलोग्राम में नैनीताल के सोहेल और 32 से 34 किलो वर्ग में पिथौरागढ़ के प्रणव राणा को पहला स्थान मिला। वहीं 36 से 38 किलो वर्ग में पिथौरागढ़ के सौरभ, 30 से 40 किलो वर्ग में नैनीताल के नवल कुमार तथा 40 से 42 किलो वर्ग में नैनीताल के आयु भटनागर पहले स्थान पर रहे। प्राथमिक वर्ग में नैनीताल के आयुष कुमार को व्यक्तिगत चैंपियनशिप प्राप्त हुई। इसके अलावा बालिकाओं की ऊंची कूद में पौड़ी की निधि, रुद्रप्रयाग की आराधना और बागेश्वर की हेमा क्रमश : प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहीं। जबकि प्राथमिक वर्ग की बालिकाओं की लंबी कूद में उत्तरकाशी की करीना प्रथम, हरिद्वार की लविषा द्वितीय और देहरादून की नव्या वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं।

### गोला फेंक में सोनिया और चक्का फेंक में आकांक्षा ने मारी बाजी

बालिका वर्ग में हुई सब जूनियर गोला फेंक प्रतियोगिता में अल्मोड़ा की सोनिया प्रथम, पिथौरागढ़ की हर्षिता बिष्ट द्वितीय और नैनीताल की खुशी सैनी तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं चक्का फेंक में पौड़ी की आकांक्षा प्रथम, देहरादून की निकिता द्वितीय और ऊधमसिंह नगर की शादमानी खान तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अलावा सब जूनियर वर्ग की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में नैनीताल के पुनीत व बालिका वर्ग में अल्मोड़ा की निहारिका चैंपियन बनीं।

# मांगें पूरी न होने पर होगा आंदोलन

**कार्यालय संवाददाता, लालकुआं**

**अमृत विचार :** नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की कोऑपरेटिव मिल्क कर्मचारी यूनियन की बैठक में सदस्यों ने 8 सूत्रीय मांग पत्र पर अभिलंब कार्यवाही न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

दुग्ध संघ परिसर में सम्पन्न बैठक में वक्ताओं ने कहा कि दीपावली का त्यौहार सिर पर है, लेकिन संघ प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के बजाय मामले को लटका रहा है। अध्यक्ष जितेंद्र खोलिया ने कहा कि कर्मचारियों की पदोन्नति विगत दो वर्षों से रुकी हुई है जो अति गंभीर विषय है। इसके अलावा भी महंगाई भत्ता, दीवाली से पूर्व बोनस भुगतान, कामगारों के वेतन वृद्धि आदि मांग को लेकर दुग्ध संघ प्रबंधन को अवगत कराया गया है। बैठक में यूनियन अध्यक्ष खोलिया, उपाध्यक्ष नारायण शर्मा, सचिव युगल किशोर, उप सचिव पंकज बत्रा, खलील अहमद, धर्मेंद्र कांडपाल भुवन सनवाल, उमेश राणा, धर्मेंद्र राणा, हरीश लाल, कैलाश जोशी, दीपक कफलटिया, विपिन सुनौरी, राजेंद्र प्रसाद, दिनेश जोशी, हरीश चन्द्र मौजूद थे।

# सिपाही को कैंटर से कुचलने की कोशिश

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**दुस्साहस**
- बीच सड़क में खड़े कैंटर को हटाने पर बिफरा चालक
- पुलिस ने मंडी तक किया पीछा, वाहन छोड़कर भागा चालक

**अमृत विचार :** पेट्रोलिंग कार पर सवार सिपाहियों की जान मंगलवार रात सांसत में पड़ गई। बीच सड़क खड़ा वाहन हटाने पर कैंटर चालक बिफर गया। उसने सिपाही पर कैंटर चढ़ाने की कोशिश की और पेट्रोलिंग कार को टक्कर मारकर भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने उसका मंडी तक पीछा किया। खुद को फंसता देख चालक कैंटर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक मंगलवार की रात सिपाही प्रकाश सिंह कार्की और होमगार्ड मोहम्मद शकील की सिटी पेट्रोलिंग वैन में ड्यूटी थी।

गश्त करते हुए दोनों प्रेम टॉकीज के पास नैनीताल रोड पर पहुंचे तो बीच सड़क पर एक कैंटर खड़ा था। प्रकाश सिंह कार्की ने चालक को सड़क से कैंटर हटाने के लिए कहा। प्रकाश ने पेट्रोलिंग कार से उतर कर पूछताछ शुरू की तो कैंटर चालक ने अपना नाम शरीफ अहमद बताया।

प्रकाश अभी पूछताछ कर ही रहे थे कि तभी कैंटर चालक ने कैंटर तेजी से आगे बढ़ाकर उन्हें कुचलने की कोशिश की। रास्ते में पेट्रोलिंग वैन आई तो शरीफ ने उसे भी टक्कर मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद शरीफ बेतरतीब तरीके से कैंटर चलाकर भागने लगा। पुलिस ने उसका मंडी तक पीछा किया। तेजी से भागते हुए उसने कैंटर को शनिबाजार रोड की ओर मोड़ दिया। पुलिस ने जब पीछा नहीं छोड़ा और उसे लगा कि वह फंस जाएगा तो कैंटर छोड़कर भाग निकला। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि चालक के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, पुलिस कर्मी पर हमला करने और सरकारी वाहन को क्षतिग्रस्त करने की धारा में मुकदमा दर्ज कर किया गया है। साथ ही आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

# रुद्रपुर को हराकर एमबीपीजी ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में कुमाऊं विश्वविद्यालय की ओर से अंतर महाविद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन मैच पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर और एसबीएस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर के बीच खेला गया। जिसमें रुद्रपुर की टीम विजेता रही।

दूसरा मैच राजकीय महिला महाविद्यालय हल्द्वानी और डीएसबी परिसर नैनीताल के बीच खेला गया। इसमें महिला महाविद्यालय विजेता रही। राधेहरि स्नातक महाविद्यालय काशीपुर और हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खटीमा के बीच तीसरा मैच खेला गया।


अंतर महाविद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भिड़ती टीमें। ● अमृत विचार

जिसमें राधेहरि महाविद्यालय की टीम विजयी रही। एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी की टीम ने सीधे सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहला सेमीफाइनल महिला महाविद्यालय व रुद्रपुर महाविद्यालय के बीच खेला गया। जिसमें रुद्रपुर की टीम ने बाजी मारी। दूसरा सेमीफाइनल एमबीपीजी और काशीपुर महाविद्यालय काशीपुर के बीच हुआ, जिसमें एमबीपीजी ने जीत हासिल की। फाइनल मैच में एमबीपीजी हल्द्वानी की टीम ने रुद्रपुर महाविद्यालय को हराकर ट्राफी अपने नाम की। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एके श्रीवास्तव और कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ. नागेंद्र शर्मा ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया।

# ताक पर लोगों की जान बारूद के ढेर पर शहर

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** दीपावली का त्योहार नजदीक है और शहर में जगह-जगह पटाखों की शक्ल में बारूद का ढेर लग रहा है। नियम के तहत आ रहे पटाखों के बीच भारी मात्रा में अवैध तरीके से पटाखे बिक्री के लिये लाये जा रहे हैं। बावजूद इसके अभी तक पटाखों की जांच के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

बिना लाइसेंस पटाखों की बिक्री अवैध है। शहर में ऐसे 12 लाइसेंस होल्डर हैं, जो पटाखों के होल सेलर हैं। जबकि अस्थायी लाइसेंस धारकों के लिए हर साल लाइसेंस जारी किए जाते हैं। अस्थायी लाइसेंस वाले अपने हिसाब से पटाखों की खरीद और बिक्री करते हैं। हालांकि नियमों के तहत यह दुकानदार भी एक तय सीमा से अधिक पटाखे नहीं रख सकते। होल सेलर को भी अलग-अलग क्षमता वाले लाइसेंस जारी किए जाते हैं। सबसे ज्यादा 5 हजार किग्रा क्षमता का लाइसेंस रामपुर रोड स्थित पटाखा दुकान संचालित करने वाले थोक विक्रेता का है। इसके अलावा दो थोक विक्रेताओं को 12.50 किग्रा, तीन दुकानदारों को 200-200 किग्रा और छह थोक कारोबारियों को 100-100 किग्रा पटाखा बिक्री का स्थायी लाइसेंस दिया गया है। सूत्रों के अनुसार जीएसटी चोरी करके भी भारी मात्रा में पटाखे शहर पहुंच चुके हैं और इन्हें खपाया भी जा रहा है। दमकल विभाग ने पटाखा गोदामों की जांच शुरू कर दी है।

सीएफओ गौरव किरार का कहना है कि आबादी के बीच पटाखा गोदाम पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं। तय गोदामों में जांच की जा रही है। जहां सुरक्षा इंतजाम पूरे नहीं हैं, उन्हें निर्देशित किया गया है।

# परीक्षा ड्यूटी का भुगतान नहीं होने पर प्राचार्य का घेराव किया

**नाराजगी**
- एमबीपीजी कॉलेज के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय की परीक्षा ड्यूटी करने वाले एमबीपीजी कॉलेज के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पिछले तीन साल से पारिश्रमिक नहीं मिला है। इससे नाराज कर्मचारियों ने बुधवार को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी का घेराव किया। उन्होंने शीघ्र पारिश्रमिक का भुगतान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

कर्मचारियों ने प्राचार्य को बताया कि कुमाऊं मंडल में एमबीपीजी कॉलेज सबसे अधिक छात्र संख्या वाला कॉलेज है, जिसमें 13 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते हैं। साल भर परीक्षाएं कॉलेज में होती हैं। कर्मचारी और शिक्षक सभी परीक्षा संचालित करने में अपना सहयोग देते हैं, लेकिन बीते तीन साल से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पारिश्रमिक नहीं मिल पाया है।


एमबीपीजी कॉलेज में प्राचार्य का घेराव करते चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी। ● अमृत विचार

इस दौरान कर्मचारियों ने दीपावली से पहले भुगतान उनके खातों में डालने की मांग की। कहा कि ऐसा नहीं करने पर आगामी विश्वविद्यालय परीक्षाओं का बहिष्कार किया जाएगा। इस मौके पर मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रौतेला, रितेश बिष्ट, विकास पांडे, गणेश गोस्वामी, महेश डंगवाल, रतन सिंह, दीपक सिंह, आकाश बोहरा, भुवन कनवाल, भगवती देवी, पुष्पा मेहरा, देवकी और कमला आदि मौजूद रहे।

**समस्या** तेरह बीघा क्षेत्र में पेयजल किल्लत से जूझ रहे लोग, खराब मोटर लगाने का आरोप

# बूंद-बूंद पानी के लिए कर रहे टैंकरों का इंतजार

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** तेरह बीघा क्षेत्र के लोग इन दिनों पेयजल किल्लत का सामना कर रहे हैं। क्षेत्र में जलापूर्ति करने वाला नलकूप खराब हो गया है, जिससे लोगों में पानी के लिए हाहाकार मचा है। लोग टैंकरों और आसपास के क्षेत्रों से पानी ढोने को मजबूर हो रहे हैं।

बीते मंगलवार को तेरह बीघा क्षेत्र में नलकूप की चलते-चलते केबल जल गई थी। बुधवार से नलकूप की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया। इस नलकूप के खराब होने से सैकड़ों परिवारों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। जल संस्थान की ओर से टैंकर भेजकर जलापूर्ति की जा रही है, लेकिन आबादी अधिक होने के कारण लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। लोग बूंद-बूंद पानी के लिए सुबह से



लेकर शाम तक टैंकरों के आने का इंतजार करते रहते हैं। विभाग की ओर से कुल चार टैंकरों के माध्यम से पानी वितरित किया जा रहा है। लोगों का आरोप है कि विभाग नलकूप में खराब मोटर लगा रहा है, जिससे बार-बार दिक्कत हो रही है। पानी न मिलने के कारण महिलाएं और बच्चे आसपास के क्षेत्रों से पानी ढोने को मजबूर हैं। कहा कि यदि जल्द पेयजल व्यवस्था सुचारू नहीं हुई तो आंदोलन किया जायेगा।

### बोले लोग



पानी-बिजली की आपूर्ति 24 घंटे होनी चाहिए। नलकूप खराब होने के बाद विकल्प नहीं होने पर मंडी गेट से परिवारों को पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। - **रईस अहमद**, इंदिरानगर वार्ड 31

एक माह पहले नलकूप की मोटर की मरम्मत हुई थी, पुन : खराबी आने के कारण संचालन प्रभावित है। प्रभावितों को पानी बांटने के टैंकरों से व्यवस्था कराई जा रही है। - **रविंद्र कुमार**, सहायक अभियंता जल संस्थान



पानी न आने से घर में खाना नहीं बन पा रहा है। मरम्मत कार्य को तेजी से कराया जाना चाहिए। टैंकरों से पानी बांटा जाना स्थायी समाधान नहीं हैं। - **तनवीर अहमद**, इंदिरानगर बड़ी सड़क



नमाजियों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। वजू के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। जल्द से जल्द आपूर्ति सुचारू की जाए। - **वकील अहमद**, सदर मदीना मस्जिद इंदिरानगर

### वॉल्व खराब होने से प्रभावित रही आपूर्ति

जज फार्म के पास बुधवार को टैंक का वॉल्व खराब रहने से गोरखपुर, हीरानगर और नैनीताल रोड के कुछ इलाकों में पेयजल आपूर्ति आशिंक रूप से प्रभावित रही। इस दौरान जल संस्थान ने प्रभावितों तक टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाया।

# बिजली के बढ़ते दामों पर उठाए सवाल

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** बिजली के बढ़ते दामों को लेकर उक्रांद कार्यकर्ताओं ने बुधवार को उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेडके प्रबंध निदेशक अनिल कुमार को प्रेषित ज्ञापन मुख्य अभियंता एएस गर्ब्याल को सौंपा।

उक्रांद के केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल के नेतृत्व में ज्ञापन देने पहुंचे कार्यकर्ताओं ने कहा कि ऊर्जा प्रदेश होने के बावजूद राज्य में लगातार बिजली के दाम बढ़ाये जा रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं का आर्थिक भार बढ़ गया है। वहीं प्रीपेड विद्युत मीटर राज्य के घरेलू उपभोक्ताओं के घरों में लगाये जा रहे हैं, जबकि राज्य के अधिकांश घरों में सिर्फ आवश्यकता अनुसार ही विद्युत उपकरण जलाये जाते हैं।

उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से औद्योगिक उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया। कहा कि पहले औद्योगिक उपभोक्ताओं के प्रतिष्ठानों में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाएं। ज्ञापन देने वालों में प्रकाश जोशी, रवि बाल्मिकी, मो. इरफान, आर्येंद्र शर्मा, सुभाष रावत, मनोज कुमार, प्रताप सिंह चौहान मौजूद रहे।


ऊर्जा निगम के मुख्य अभियंता एएस गर्ब्याल को ज्ञापन सौंपते उक्रांद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### मीटर रीडरों ने मुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** लंबे समय से मीटर रीडिंग कर रहे रीडरों ने मुख्यमंत्री धामी को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग उठाई। ठेका कर्मचारी पान सिंह चिलवाल के नेतृत्व में कर्मचारियों ने ज्ञापन देते हुए कहा कि वे बीते 15 सालों से मीटर रीडिंग का कार्य कर रहे हैं, लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के कारण अब उनका कार्य ठप होने जा रहा है। इससे उनके सामने परिवार के भरण पोषण की समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। उन्होंने सीएम से मीटर रीडरों को विभाग में समायोजित करने की मांग की।

# जिले में होगी 3 से 18 आयु के बच्चों की गणना

## बालगणना स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश, अधिकारियों से बस्तियों की सूची तैयार करने को कहा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि जनपद में प्रत्येक वार्ड व बस्तियों में निवास करने वाले 3 से 18 आयु वर्ग के सभी बच्चों की गणना की जानी है। इसके लिए उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सभी विद्यालयों से बस्तियों की सूची तैयार करते हुए बालगणना के संकलन में विद्यालयों के शिक्षकों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी सम्मिलित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बालगणना स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से वन विभाग से समन्वय स्थापित कर वन क्षेत्र के भीतर स्थित डेरों, बस्तियों का विकास खंडवार डाटा एकत्र कर वन गुर्जर क्षेत्र के बच्चों की बालगणना करने को कहा। पूर्व सर्वे की अपेक्षा वर्तमान में जनपद की जनसंख्या में वृद्धि हुई है। इसलिए औद्योगिक, खनन, गांव, शहर एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों का घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि जिस वार्ड व बस्ती में बालगणना की जा रही है उन क्षेत्र में अस्थाई निवास करने वाले, कूड़ा बीनने वाले, भिखारी, अनाथ, मलिन बस्तियों में रहने वाले एवं श्रमिक परिवारों के बच्चों को अवश्य शामिल किया जाए। घर-घर सर्वेक्षण के दौरान भरे गये प्रपत्रों, आंकड़ों का मिलान विगत वर्ष की बालगणना के आंकड़ों से अवश्य कर लिया जाए, जिससे यह पता चल सके कि वर्तमान में कितनी वृद्धि हुई है।



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

### घनी आबादी को सेक्टरों में बांटकर घर-घर करें बालगणना

**रुद्रपुर :** जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयी शिक्षा से वंचित बच्चों की संख्या नगर क्षेत्रों में अधिक होती है। इसलिए नगर क्षेत्रों की घनी आबादी को सेक्टरों में बांटकर घर–घर सर्वेक्षण व बालगणना की जाए। मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि विकास खंडवार चिन्हित स्कूल से ड्रॉप ऑउट बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कार्ययोजना तैयार करें, जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

### 31 दिसंबर तक पूर्ण कर ली जाएगी बालगणना

**रुद्रपुर :** मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत ने बताया कि जनपद में निवासरत 3 से 18 आयु वर्ग के बच्चों की वर्ष 2024–25 की बालगणना की जानी है। बालगणना के संकलन में प्राथमिक व माध्यमिक एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बालगणना 28 अक्टूबर से प्रारंभ होगी और 31 दिसंबर तक पूर्ण बालगणना कर प्रपत्र तैयार करते हुए राज्य स्तर पर भेजे जाएंगे।

### ये लोग रहे मौजूद

मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, ओसी डॉ.अमृता शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, उप श्रमायुक्त केके गुप्ता, खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार, सीता राम, समन्वयक बलवीर सिंह उपस्थित थे। साथ ही सभी उप जिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

## एक नजर

### राधेहरि महाविद्यालय प्रशासन ने शुरू की चुनाव की तैयारी

काशीपुर : राधेहरि महाविद्यालय में चुनाव कराने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय प्रशासन ने निर्वाचन संबंधित तैयारी को लेकर आपस में चर्चा की गई। बुधवार को बाजपुर रोड स्थित राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आगामी छात्र संघ चुनाव को लेकर महाविद्यालय प्रशासन ने बैठक की। जिसमें छात्र संघ निर्वाचन की तैयारी आदि को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र कुशवाहा ने प्रवेश व परिचय पत्र बनाने को लेकर चर्चा की। वहीं छात्र संघ प्रभारी डॉ. महिपाल सिंह ने छात्र संघ चुनाव के संबंध में विभिन्न प्रकार की तैयारी पर चर्चा की। इस दौरान डॉ. मृत्युंजय कुमार सिन्हा, समिति के सदस्य डॉ. स्नेह लता, डॉ. कुंवर पाल सिंह, डॉ. पूजा, डॉ. रेणुका चौहान, महेंद्र बाल्मीकि, आदित्य प्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

### कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

**काशीपुर :** प्रतापपुर चौकी पुलिस ने बुधवार को पुलिस ने गश्त के दौरान राजपुताना स्कूल को जाने वाली सड़क पर डंडा फार्म के पा. चांदपुर निवासी मंतो बाई को 36 पाउच कच्ची शराब के पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की है।

# परीक्षा केंद्रों का निर्धारण बच्चों की सुविधाओं के अनुसार करें

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की-2025 के परीक्षा केंद्रों के निर्धारण को लेकर बैठक की। उन्होंने केंद्रों का निर्धारण बच्चों की सुविधाओं को देखते हुए करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि जिन विद्यालयों को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया है उन विद्यालयों के बच्चों को नजदीकी परीक्षा केंद्र में सम्मिलित किया जाए।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मानकों के अनुसार इंटर व हाईस्कूल के परीक्षा केंद्र बनाए जाएं। मानकों के अनुसार परीक्षा केंद्रों का संवेदनशील व अतिसंवेदनशील का भी आकलन कर निर्धारण करने के निर्देश दिए। मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत ने बताया कि 2025 की बोर्ड परीक्षा में इंटर व हाईस्कूल के 37533 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिनके लिए 106 परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि 98 मिश्रित परीक्षा केंद्रों में इंटर व हाईस्कूल के परीक्षार्थी परीक्षा देंगे, जबकि 8 परीक्षा केंद्र एकल हैं जिसमें हाईस्कूल के परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, डॉ. अमृता शर्मा मौजूद रहे।

### डीएम ने आरती को सौंपा 10 लाख का चेक

**रुद्रपुर :** नगर निगम रुद्रपुर में उपनल के माध्यम से कार्यरत आनंद कुमार पुत्र सुरेंद्र प्रसाद आवास विकास निवासी की कोविड–19 के दौरान मृत्यु होने पर जिलाधिकारी व प्रशासक नगर निगम उदयराज सिंह के प्रयासों से चार वर्ष बाद शासन से 10 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। जिलाधिकारी व प्रशासक ने मृतक आनंद कुमार की पत्नी आरती को कलेक्ट्रेट कार्यालय में बुधवार को 10 लाख का सहायता चेक सौंपा।

## सार-संक्षेप

### कांग्रेस ने जनाक्रोश रैली को लेकर की बैठक

**काशीपुर :** 21 अक्टूबर को होने वाली कांग्रेस की जन आक्रोश रैली को लेकर कार्यकर्ताओं ने एक बैठक की। बैठक में रैली को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। बुधवार को नव चेतना भवन में आयोजित बैठक में बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के साथ बढ़ रहे अपराधों, भ्रष्टाचार, भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ 21 अक्टूबर को कांग्रेस पार्टी जन आक्रोश रैली निकालने जा रही है। जिसे नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के नेतृत्व में नैनीताल में निकाला जाएगा। इस दौरान विमल गुड़िया, उमेश जोशी एडवोकेट, संदीप सहगल एडवोकेट, जितेंद्र सरस्वती, राजेश शर्मा एडवोकेट, मोहम्मद आरिफ सैफी, फिरोज हुसैन, राजू छीना ,अब्दुल सलीम एडवोकेट ,हनीफ गुड्डू ,शाह आलम, मंसूर अली मंसूरी आदि मौजूद रहे।



रामनगर रोड पर सड़क के गड्ढे भरते श्रमिक। ● अमृत विचार

### सीएम के निर्देश के बाद भी नहीं भरे शहर के गड्ढे

**काशीपुर :** बीते दिनों प्रदेश की सभी सड़कों 15 अक्टूबर तक दुरुस्त करने के निर्देश के बाद भी शहर की कई सड़कों में अभी–भी गड्ढे जैसे के तैसे हैं। कई सड़कों पर गड्ढों को भरने का काम अभी–भी जारी है। हालांकि सीएम के निर्देश की डेड लाइन मंगलवार को पूरी हो चुकी है। बावजूद इसके सड़कों के गड्ढे अब तक नहीं भर सके हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने 15 अक्टूबर तक प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने के निर्देश दिए थे। इस पर संबंधित विभागों को समय से कार्य निपटा लेना चाहिए था। लेकिन काशीपुर में डेडलाइन के समाप्त होने के बाद भी कार्य होता दिखाई दिया। बुधवार को भी रामनगर रोड पर टीम सड़क के गड्ढे भरती हुई दिखाई दी। इस रोड पर छोटे बड़े करीब 40 से अधिक गड्ढे हैं। वहीं कुंडेश्वरी रोड पर भी गड्ढों को भरने की कवायद भी दिखाई पड़ी। इससे पता चलता है कि विभागों की ओर से केवल खानापूर्ति की जा रही है। अभी भी क्षेत्र की कई सड़कें गड्ढा मुक्त होने से वंचित है।

# दिवाली तक गांधी पार्क में बनाई जाए पार्किंग



एमएनए को ज्ञापन सौंपते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने दीपावली त्यौहार के मद्देनजर गांधी पार्क को वाहनों की पार्किंग के लिए खुलवाने की मांग की है। इसको लेकर व्यापारियों ने मुख्य नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल को एक ज्ञापन भी सौंपा है।

बुधवार को मुख्य नगर आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि आगामी दिनों में करवाचौथ के साथ ही दीपावली का पर्व है। इस दौरान मुख्य बाजार में चौपहिया, दोपहिया वाहनों की काफी आवाजाही रहती है। इससे आए दिन जाम की स्थिति पैदा हो जाती है।

उन्होंने कहा कि अगर त्यौहार के मौके पर गांधी पार्क को खोल दिया जाएगा तो लोगों को वाहन पार्किंग की सुविधा मिल जाएगी। इससे शहर में जाम भी नहीं लगेगा और आम जनता के साथ व्यापारियों को भी काफी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव आदि मौजूद रहे।

### मारपीट में 9 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**बाजपुर :** भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर एक परिवार के 9 महिला–पुरुषों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम इटव्वा निवासी हजारा सिंह ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि वह पिछले 30 वर्षों से भी अधिक समय से अपने परिवार के साथ स्थायी रूप से निवास कर रहा है। इस भूमि पर कश्मीर कौर पत्नी रांझा सिंह ने कई बार कब्जा कर झोपड़ी डालने का प्रयास किया। आरोप है कि 11 अगस्त 2022 की सुबह 9 बजे कश्मीर कौर पक्ष के लोग जमीन पर कब्जे करने की नीयत से झोपड़ी डालने के लिए छप्पर तैयार करने लगे। हजारा सिंह एवं उनके बेटे सरजीत सिंह ने विरोध किया तो आरोपी गाली–गलौज करते हुए हमलावर हो गए। शोर सुनकर बीच–बचाव को पहुंचे परिवार के जरनैल सिंह, गुरमीत कौर, जसवंत सिंह के साथ भी लाठी–डंडों से मारपीट की गई। अन्य ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें हमलावरों के चंगुल से छुड़ाया जिसके चलते हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। कोतवाली व एसएसपी कार्यालय में शिकायत की गई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई जिसके चलते उसे कोर्ट की शरण में जाना पड़ा है। वहीं पुलिस ने कोर्ट के आदेशों पर कश्मीर कौर, हरवंश सिंह, जसवीर सिंह, रणवीर सिंह, जसविंदर कौर, छिंदर कौर, मनदीप कौर, ज्ञान सिंह, संता सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# न्यायालय का आदेश भी नहीं आया काम

सुशील चौहान, जसपुर

**मामला**

- पतरामपुर अतिक्रमण विवाद ने लिया अब नया मोड़
- विवादित भूमि पर पुलिस कर रही दिन रात निगरानी

**अमृत विचार :** प्रशासन द्वारा न्यायालय के आदेश के बावजूद पतरामपुर में विवादित अतिक्रमण स्थल पर निर्माण कार्य रुकवाये जाने के बाद अतिक्रमण विवाद ने अब नया मोड़ ले लिया है।

वर्ष 2023 में पतरामपुर में 28 लोगों के घर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान अवैध तरीके से तोड़ दिए गए थे, जिससे पीड़ित लोग बेघर हो गए। जिसे लेकर पीड़ित परिवारों में भारी रोष व्याप्त है। उनके द्वारा अपने हक की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। जिसमें भारतीय किसान यूनियन पीड़ित परिवारों के साथ है। पीड़ित परिवारों ने अपने हक के लिए न्यायालय में वाद दायर किया था। इसमें न्यायालय ने पीड़ित परिवारों को खसरा नंबर 287 में पूर्ण निर्माण करने का आदेश दिया था, लेकिन प्रशासन द्वारा निर्माण को रुकवा दिया गया था। इस पर काफी हंगामा हुआ था। उसके बाद प्रशासन द्वारा सोमवार को विवादित भूमि की पैमाइश किये जाने के दौरान भी हंगामा हो गया था और पैमाइश बीच में लटक गई। न्यायालय का आदेश भी काम नहीं आ पाया। पीड़ित लोग न्यायालय के आदेश के बावजूद अपनी दुकानें व आशियाने नहीं बना पाए। हार कर अब उन्होंने एसडीएम को ही एक मांग पत्र देकर विवादित भूमि की पैमाइश कर अपना हक दिए जाने की मांग की है। फिलहाल दोनों पक्ष अपनी-अपनी बात पर अड़े हुए हैं। पुलिस विवादित भूमि पर रात-दिन कड़ी निगरानी कर रही है। प्रशासन को इस बात का अंदेशा है कि कहीं पीड़ित लोग चोरी-छिपे निर्माण कार्य शुरू न कर दें। जबकि पीड़ितों का कहना है कि वे अपना हक लेकर रहेंगे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र राजकुमार एवं पुत्रवधू शारदा देवी के गलत चाल चलन एवं आचरण के कारण उनसे संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य की मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **चंद्रपाल पुत्र गुलाब सिंह, निवासी बराखेड़ा, ग्राम रामजीवनपुर रोड, वार्ड नं. 05, आदर्शनगर, तहसील गदरपुर।**

**सूचना**

सूचित है कि प्रार्थी अन्सार अहमद पुत्र इकराम अहदम, निवासी जाम सावंत थाना बहेड़ी, जिला बरेली का निवासी है। जो कि प्रार्थी के नाम पर वाके ग्राम रानीबाग चौहान पाटा, पट्टी चौपड़ा, तहसील व जिला नैनीताल के खतौनी खाता नं. 561-562 का रकवा 714 वर्ग फिट दर्ज है, जिसे प्रार्थी द्वारा चन्द्र बिहारी पुत्र मोहन लाल, निवासी रानीबाग चौहान पाटा, पट्टी चौपड़ा, तहसील व जिला नैनीताल है कि सेल डेट जिसका S.L. No. 2237 और रजिस्ट्री डेट 21-10-2024 है। गुम हो गई है। वह वास्तव में रोडवेज के पास हल्द्वानी में दिनांक 28-09-2024 को गुम हो गई है। प्रार्थी को गुम हुई सेल डेट के दुरुपयोग की आशंका है, जिस कारण प्रार्थी सूचना दर्ज करा रहा है। किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त रजिस्ट्री का उपयोग अवैध होगा। **अन्सार अहमद पुत्र इकराम अहमद, निवासी जाम सावंत, थाना बहेड़ी, जिला बरेली (उत्तरप्रदेश)।**

# लघु फिल्म से दी पॉक्सो एक्ट की जानकारी



स्कूली छात्र–छात्राओं को जानकारी देतीं जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देश पर पॉक्सो अधिनियम-2012, किशोर न्याय बोर्ड-2015, महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, साइबर सिक्योरिटी पर डीपीएस स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बच्चों को लघु फिल्म के माध्यम से पॉक्सो एक्ट और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में जानकारी दी गयी।

बुधवार को जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन ने महिला कल्याण विभाग के तहत संचालित जिला बाल संरक्षण समिति, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड के संबंध में जानकारियां दीं। उन्होंने लघु फिल्म के माध्यम से पॉक्सो एक्ट और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में जानकारियां देते हुए स्वयं को सुरक्षित रखने के तरीके भी बताए।

सखी वन स्टाप सेंटर की समन्वयक कविता बडोला ने बच्चों को सतर्क एवं सचेत रहने के लिए समझाया। प्रधानाचार्य चेतन चौहान ने सभी विद्यार्थियों को कार्यशाला में समझायी गयी सभी बातों को ध्यान में रखते हुए सतर्क एवं सावधान रहने को कहा। इस अवसर पर समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन चांदनी रावत, अनीता चौहान समेत स्कूल के अध्यापक व लगभग 150 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# ट्रांजिट कैंप में फर्जी पुलिस कर्मी गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पुलिस ने ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक व्यक्ति को फर्जी तरीके से पुलिस की वर्दी पहने पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के पास से खाकी वर्दी यूपी पुलिस के बैज, बेल्ट और टोपी बरामद किए हैं।

पुलिस के मुताबिक बुधवार को डायल 112 पर एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक व्यक्ति फर्जी तरीके से पुलिस की वर्दी पहन कर घूम रहा है। इस पर कांस्टेबर कमल जोशी और तारा दत्त पंत गंगापुर रोड पंचवटी के पास मौके पर पहुंचे। यहां यूपी पुलिस की वर्दी पहने एक व्यक्ति से पूछताछ की। इस पर वह टालमटोल जवाब देने लगा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर पुलिस कर्मी उसे थाना लेकर गया।

यहां पुलिस पुछताछ में उसने अपना नाम अरविन्द कुमार निवासी मोहल्ला नकाशा थाना सुनगड़ी जिला पीलीभीत यूपी बताया। वहीं फर्जी तरीके से पुलिस की वर्दी पहनने की वजह पूछने पर उसने बताया कि ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में अधिकांश यूपी के लोग रहते हैं। उनके बीच में अक्सर लड़ाई-झगड़ा होने पर वह स्वयं को यूपी पुलिस वाला बताकर रौब गांठकर समझौता करता है और उसने रकम लेता था। वहीं पुलिस की वर्दी पहनकर बस आदि में मुफ्त में आता जाता है।

# आढ़ती ने अवैध पिस्टल से खुद को मारी गोली, मौत

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** गृह क्लेश के चलते एक आढ़ती ने अवैध पिस्टल से खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वहीं युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची कुंडा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



नवजीत सिंह।

कुंडा गांव हाल निवासी शिवनगर कॉलोनी नवजीत सिंह पुत्र अमरजीत सिंह ने घरेलू कलह के चलते बुधवार की शाम खुद को पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। उसका एक बेटा और एक बेटी है। मृतक का छोटा भाई फौज में तैनात है।

कुंडा थाना प्रभारी हरेंद्र चौधरी ने बताया कि मामले में घरेलू कलह की बात सामने आ रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस मामले में जांच करने के बाद कार्रवाई करेगी।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी
दूरभाष कार्यालय/फैक्स : 05946-220776 ई-मेल : eeujshld@gmail.com

पत्रांक : 3122/जल जीवन मिशन–निविदा/53 दिनांक : 16.10.2024

ई–निविदा सूचना

मुख्य महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा **जल जीवन मिशन** के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु उत्तराखण्ड जल संस्थान में ''डी'' एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत फर्मों, ठेकेदारों से दरें ई– निविदा ''सिंगल बिड'' के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा पोर्टल www.uktenders.gov.in पर निविदादाताओं द्वारा डाउनलोड कर अपलोड करने हेतु **दिनांक 21 अक्टूबर की सायं 5:00 बजे से दिनांक 04 नवम्बर 2024 की सांय 5:00 बजे तक** उपलब्ध होगी। ई–निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि **दिनांक 04 नवम्बर 2024 की सांय 5:00 बजे** एवं खोलने की तिथि **दिनांक 05 नवम्बर 2024 सायं 3:00 बजे तक** होगी। विवरण निम्नानुसार है–

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ जी0एस0टी0 | निविदा धरोहर राशि | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 09/JJM 2024-25 | विकासखण्ड हल्द्वानी की फतेहपुर पेयजल योजना में रैट्रोफिटिंग अन्तर्गत पाईप लाईन कार्य तथा एफ०एच०टी०सी० सम्बन्धी कार्य। | ₹ 2000.00+ 360.00 = Rs. 2360.00 | ₹0 88,100.00 | 02 माह |

नोटः– ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनायें वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर उपलब्ध होगी। उपरोक्त निविदा सूचना में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना सीधे वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर ही अपलोड की जाएगी।

''जल संचय–जीवन संचय'' अधिशासी अभियन्ता

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 7505012034, अल्मोड़ा : 9412962333,
रूद्रपुर : 8476843488, काशीपुर : 7906999205,
रामनगर : 9012387222, किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
नैनीताल : 7505012034, हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### युवती के साथ छेड़छाड़ का आरोपी दोषमुक्त

**काशीपुर :** सड़क चलते एक युवती पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने और छेड़छाड़ करने के आरोपी को अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। 08 दिसंबर, 2017 को जसपुर पुलिस ने शमशान घाट रोड से ग्राम मलपुरी निवासी सिमरनजीत सिंह उर्फ हैप्पी को एक युवती पर फब्तियां कसते और छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट प्रस्तुत की। अभियोजन की ओर से चार गवाहों को परीक्षित कराया गया। बचाव पक्ष की ओर से पैरवी अधिवक्ता आनंद रस्तोगी ने की। मामले की सुनवाई कर सिविल जज जू.डि ने आरोपी सिमरनजीत सिंह को साक्ष्यों के अभाव में धारा 294 के आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।

### किराने की दुकान में हुई चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**खटीमा :** 10 दिन पूर्व झनकट में किराने की दुकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 15480 रुपए और चोरी में प्रयुक्त की गई मोटर साइकिल बरामद की है। झनकट के खालसा किराना स्टोर की छत के रास्ते दुकान में घुसकर चोरों ने 25 हजार की नगदी सहित आधार कार्ड चुरा ले गए थे। पुलिस ने स्टोर स्वामी सुखपाल सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों का पता लगा रही थी। पुलिस ने पुलिस मंगलवार को चोरी करने वाले अंकित रस्तोगी निवासी वार्ड संख्या छह पतली वाली गली, तपेड़ा नानकमत्ता और विकास राणा निवासी दहला रोड, तपेड़ा, नानकमता को धर दबोचा। पुलिस ने उनके कब्जे से 15480 रुपये की नकदी और चोरी में प्रयुक्त बजाज प्लैटिना मोटर साइकिल यूके 06 क्यू 7601 बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया।

### दस स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी

**बाजपुर :** विद्युत विभाग ने बन्नाखेड़ा, केलाबंदवारी में दस स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी। अधिशासी अभियंता विवेक कांडपाल ने बताया कि एसडीओ गिरीश चंद्र पांडेय विद्युत वितरण उपखंड बाजपुर की अगुवाई में चोरी रोकने के लिए जारी अभियान में बन्नाखेड़ा में लखवीर सिंह को 2.260 किलोवाट, सतवंत कौर को 2.559, गुरदीप सिंह को 4.4, लखविंदर कौर को 1.052, चरनजीत सिंह को 2.546, मंगत सिंह को 0.623, केलाबंदवारी से परमजीत कौर को 0.753, गुरजीत कौर को 0.451, फौजा सिंह को 0.530, राज सिंह को 0.516 किलोवाट की चोरी करते पाया गया। उनके खिलाफ विद्युत अधिनियम 135 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### खुशी में एक-दूसरे को खिलाई मिठाई, सीएम से हाईकोर्ट के फैसले को जल्द लागू करने की उठाई मांग, पुनर्विचार याचिका हुई खारिज

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से उपनल कर्मियों में जगी उम्मीद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** उपनल संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। इसको लेकर उपनल कर्मियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और बधाई दी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उपनल कर्मियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से हाईकोर्ट के फैसले को लागू करने की मांग उठाई है।

बुधवार को विकास भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से उपनल कर्मचारियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में विशेष पुनर्विचार याचिका दायर की थी। यह याचिका उस निर्णय के खिलाफ डाली गयी थी जिसमें हाईकोर्ट ने सरकार को उपनल कर्मियों को नियमित करने के लिए नियमावली बनाने और तब तक उन्हें समान कार्य का समान वेतन देने के निर्देश दिये गये थे। उन्होंने कहा कि विगत दिवस सुप्रीम कोर्ट ने पुनर्विचार याचिका को खारिज कर दिया है।


खुशी में एक-दूसरे को मिठाई खिलाते उपनल कर्मी। ● अमृत विचार

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि इस निर्णय के बाद विभिन्न विभागों में कार्यरत हजारों उपनल कर्मियों के नियमितीकरण की आस जग गयी है। अब उपनल कर्मियों ने मुख्यमंत्री से हाईकोर्ट के फैसले को जल्द से जल्द लागू करने की मांग उठाई है। इस अवसर पर संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार, जिलाध्यक्ष कमलप्रीत सिंह, जिला मंत्री मो. यासीन, आंचल वर्मा, नवीन कापड़ी, पूरन शर्मा, ज्योति पंत, राजश्री, हेमा बिष्ट, मनोज पाठक, अशोक भंडारी, सुलोचना पंत, महेंद्र चिलानिया, उत्तम सिंह, सुनील कुमार, महेंद्र कुमार, नवीन मासीवाल, भूपाल राना समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।

### भाई ने दर्ज कराई बहन की गुमशुदगी, लोकेशन मिली इलाहाबाद

**रुद्रपुर :** खटीमा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर सौंपकर बहन की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती की खोजबीन शुरू कर दी। वहीं पुलिस को खोजबीन में लड़की की लोकेशन इलाहाबाद उत्तर प्रदेश में मिली है। मंगलवार को खटीमा निवासी एक व्यक्ति ने आवास विकास चौकी में दी तहरीर सौंपकर कहा कि उसकी बहन रुद्रपुर में एक पीजी में रहकर पढ़ाई कर रही है। उसका नंबर बंद आ रहा है। बुधवार को यह व्यक्ति दोबारा आवास विकास चौकी पहुंचा था और पुलिस को बताया कि उसकी बहन ने ताई को फोन कर एक युवक पर जबरन ले जाने और मारपीट कर दुष्कर्म करने की बात कही थी। इसके बाद से ही उसका नंबर बंद आ रहा है। इधर ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस ने युवती की लोकेशन इलाहाबाद में मिली है। युवती ने पुलिस को बताया कि वह अपनी मर्जी से इलाहाबाद गई है। उसके साथ कोई घटना घटित नहीं हुई है वह सुरक्षित है।

# दो डंपरों में भिड़ंत, क्लीनर की मौत

### हवा चेक करने के दौरान सड़क पर खड़ा था एक डंपर, टक्कर मारने वाला चालक फरार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** बीती देर रात एसआरएफ फैक्ट्री के पास सड़क पर हवा चेक करने के दौरान खड़े डंपर को रामनगर की ओर से आ रहे दूसरे तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। इस दौरान हवा चेक कर रहे क्लीनर की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी डंपर चालक मौके से फरार हो गया।


आदित्य।

मंगलवार देर रात बोहरपुर निवासी चालक कौशल कुमार डंपर से रामनगर से भोजपुर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में एसआरएफ फैक्ट्री के पास चालक ने टायरों की हवा चेक करने के लिए डंपर को सड़क किनारे रोका। इस दौरान डंपर का क्लीनर भोजपुर निवासी आदित्य डंपर के टायरों की हवा चेक कर रहा था। इसी बीच रामनगर की ओर से आ रहे दूसरे डंपर ने डंपर व क्लीनर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टक्कर में घायल क्लीनर को लेकर सरकारी अस्पताल पहुंची। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं आरोपी चालक घटना के मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया।


सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त डंपर। ● अमृत विचार

### कैंटर ने वृद्ध को कुचला, मौत

**शक्तिफार्म :** दोपहिया वाहन से फूल बेचने बाजार आ रहे 65 वर्षीय व्यक्ति को कैंटर ने टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध की मौत हो गई। निर्मल नगर निवासी हरिपद मंडल (65) बुधवार शाम लक्ष्मी पूजा के अवसर पर निर्मल नगर से अपने हीरो पुक वाहन से फूल लेकर शक्तिफार्म बाजार बेचने के लिए जा रहा था। कुसमोठ तिराहे में सिडकुल से किच्छा की ओर जा रहे कैंटर ने दो पहिया वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। वाहन को कुछ दूर तक घसीटते हुए ले गए। इससे उसमें सवार होकर हरिपद गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे शक्तिफार्म बाजार निवासी रमेश राय ने पुलिस को सूचना दे दी तथा घायल को शक्तिफार्म स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सकों ने हरिपद को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी प्रकाश भट्ट ने कैंटर को कब्जे में लेकर थाना भिजवा दिया। वाहन चालक को हिरासत में ले लिया। इधर ग्रामीण की मौत पर देर शाम निर्मल नगर के दर्जनों ग्रामीण कुसमोठ तिराहे पर इकट्ठा हो गये और नाराजगी व्यक्त की। जिसके बाद मौके पर पुलिस कर्मियों के साथ मौजूद चौकी प्रभारी प्रकाश भट्ट ने ग्रामीणों को कार्रवाई की जानकारी दी।



### संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रक चालक की मौत

**बाजपुर :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति की मौत हो गई। गुरुद्वारा साहिब के बराबर से गुजर रहे चीनी मिल रोड किनारे रेलवे स्टेशन के सामने उसका शव पड़ा मिला है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। बुधवार की सुबह 10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के सामने एक व्यक्ति का शव पड़ा है। इस पर एसआई देवेंद्र मनराल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और शव कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। इसी बीच मृतक की शिनाख्त ग्राम रम्पुरा शाकर निवासी जुल्फिकार (40) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक ट्रक चालक था, जोकि अक्सर घर से बाहर रहता था। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। बताया गया कि मृतक के बच्चे काशीपुर में रहते हैं। वर्तमान समय में वह नशे का आदी बताया जा रहा था। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौके के कारणों का पता चल पाएगा।

# बस ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, एक घायल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** रामपुर रोड स्थित एक होटल के पास सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर में तेज गति से आ रही निजी बस ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर के कई टुकड़े हो गये। घटना को अंजाम देने के बाद निजी बस चालक बस लेकर फरार हो गया। इस दौरान ट्रैक्टर पर सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं ट्रैक्टर स्वामी ने बस चालक के खिलाफ पुलिस तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

रम्पुरा चौकी में सौंपी तहरीर में जयनगर जंगल धीमरी खट्टा दिनेशपुर निवासी शफातून नबी ने बताया कि बीती देर रात वह अपने साथी अरशद, असलम और दिलशाद के साथ डिबडिबा से ट्रैक्टर में चारा भरकर रुद्रपुर की ओर जा रहे थे। इस बीच अचानक ट्राली में रस्सा टूटने के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया। जिस कारण उन्होंने ट्रैक्टर को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और पुलिस को सूचना दे दी। बुधवार की सुबह करीब चार बजे रामपुर से रुद्रपुर की ओर आ रही एक निजी बस ने खड़े ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें ट्रैक्टर के कई टुकड़े हो गये। इसी दौरान ट्रैक्टर पर सवार दिलशाद गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर पीड़ित ने बस चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।


निजी बस की टक्कर से टूटा हुआ ट्रैक्टर। ● अमृत विचार

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, मुकदमा दर्ज

**काशीपुर :** शिवराजपुर पट्टी में लापरवाही से खड़े वाहन से टकराकर एक बाइक सवार की मौत हो गयी। वहीं पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर लापरवाह वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की है। साथ ही पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सुजानपुर अलीगढ़ निवासी देशराज ने कुंडा पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में बताया की उसका भाई राजू पांच अक्टूबर को बाइक संख्या एचआर 55 वाई 8216 से गुरुग्राम से रुद्रपुर जा रहा था। इसी बीच कुंडा क्षेत्र के शिवराजपुर पट्टी के पास पहुंचा तभी हाइवे पर लापरवाही से एक वाहन संख्या यूके 06 सीए 0845 को खड़ा किया था। इसके चलते वाहन से उसके भाई की बाइक की जोरदार टक्कर हो गयी। हादसे में उसके भाई की मौत हो गयी। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**बाजपुर :** बाजपुर-रामपुर मुख्यमार्ग पर वन विभाग की चौकी के समीप एक अज्ञात वाहन चालक ने बाइक सवार व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार गोलू टांडा स्वार रामपुर उप्र निवासी मनजीत सिंह (40) पुत्र रक्षपाल सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही एसआई सुनील कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और घायल को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# पिता ने किया पुत्री के साथ दुष्कर्म, गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक पिता द्वारा पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में यूपी का एक परिवार पिछले कई वर्षों से निवास करता आ रहा है। आरोपित व्यक्ति अपनी 15 वर्षीय पुत्री पर बुरी नजर रख रहा था। विगत दिवस भी व्यक्ति ने पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। यह बात जब उसने पड़ोस में रहने वाली अपनी सहेली को बतायी तो आसपास के लोगों का वहां जमावड़ा लग गया। इस दौरान पड़ोसियों ने हंगामा भी काटा। साथ ही पुलिस बुलाकर मामले की जानकारी भी दी। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पुलिस पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि उसके साथ एक सप्ताह से उसके पिता दुष्कर्म करते आ रहे हैं। किसी से कहने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। जब पड़ोसियों ने पीड़िता की मां से शिकायत की तो वह कुछ भी मानने को तैयार नहीं हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आरोपित को थाने ले आई, लेकिन पड़ोसी कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े रहे। रात में ही निवर्तमान पार्षद सहित 20 से अधिक लोग आरोपित पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

# पांच कबाड़ गोदाम स्वामियों के खिलाफ मुकदमा

**कार्रवाई**

- गोदाम में अग्निशमन सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने का है आरोप
- 14 जून को बगवाड़ा मंडी इलाके में लगी थी आग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** बगवाड़ा मंडी इलाके में कबाड़ गोदामों में लगी आग प्रकरण में पुलिस ने सभी पांच गोदाम स्वामियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। कारण अग्निशमन विभाग के कई बाद नोटिस देने के बाद भी गोदाम स्वामियों ने न तो अग्निशमन सुरक्षा मानकों का पालन किया और न ही अग्निशमन सुरक्षा से संबंधित कोई उपकरण स्थापित किए हुए थे।

14 जून को बगवाड़ा मंडी इलाके की आबादी के पीछे स्थित भूखंड में पहाड़गंज निवासी जफीर अहमद, सलीम अहमद, बगवाड़ा निवासी रंजीत सिंह संधू, एहसान हसन, भूतबंगला निवासी इमरान खान के कबाड़ के गोदाम में आग लग गयी थी। इस दौरान सिडकुल, किच्छा, गदरपुर, रुद्रपुर के अलावा दमकल की गाड़ियां बुलाकर तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन आग की चपेट में आने से तीन झोपड़ियां जलकर राख हो गईं।

अग्निशमन विभाग की ओर से कबाड़ स्वामियों को कई बार नोटिस भी दिए गये थे, लेकिन उन्होंने सुरक्षा के कोई उपकरण नहीं लगाए। इसके बाद सीएफओ ने रिपोर्ट एसएसपी को सौंप दी। एसएसपी ने कोतवाली पुलिस को जांच के आदेश दिए और मामले की जांच की गयी। जांच अधिकारी जितेंद्र कुमार की जांच में गोदामों में न तो अग्निशमन सुरक्षा मानकों का पालन होता मिला और न ही अग्निशमन सुरक्षा से संबंधित कोई उपकरण। जांच अधिकारी की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने सभी गोदाम स्वामियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है।

### स्क्रैप गोदाम स्वामी और संचालक पर मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर :** भूरारानी क्षेत्र में एक स्क्रैप गोदाम में धधकी आग प्रकरण के मामले में पुलिस ने गोदाम स्वामी और संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच में पाया गया कि स्क्रैप गोदाम स्वामी व संचालक ने कोई भी फायर सुरक्षा के दृष्टि से कोई उपरकरण अपने गोदाम में नहीं रखे थे, जबकि जबकि कबाड़ के गोदाम के आसपास अन्य संस्थान भी संचालित हैं। यहां बता दें कि भूरारानी में जग्गी ढींगरा के दो गोदाम हैं। जिसको रुड़की के रहने वाले सरफराज द्वारा किराए पर लिया गया है। जिसकी फर्म भारत वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी के नाम से है। 3 अक्टूबर को अचानक गोदाम में आग लग गयी थी। सूचना पर दमकल की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया था। इसके बाद सीएफओ निशांत कटारिया ने गोदाम में आग लगने के कारणों की जांच करायी तो गोदामों अग्निशमन सुरक्षा मानकों का पालन होता नहीं मिला। जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने स्क्रैप गोदाम स्वामी और संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# छात्र संघ चुनाव प्रचार को लेकर दो गुट भिड़े

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव की घोषणा फिलहाल नहीं हुई है। बावजूद इसके कॉलेज में चुनाव प्रचार जोड़ पकड़ता जा रहा है। जिसको लेकर आज कॉलेज में दो गुट आपस में भिड़ गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को सामान्य बनाया। दोनों ही गुट विद्यार्थी परिषद के बताए जा रहे हैं।

दशहरे के अवकाश के बाद बुधवार को महाविद्यालय में शिक्षण कार्य शुरू हुआ। इधर छात्रसंघ चुनाव इसी माह के अंतिम सप्ताह में होने हैं। अलबत्ता विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा चुनाव की घोषणा नहीं हुई है लेकिन चुनाव प्रचार जोरों पर है। बताया जाता है कि महाविद्यालय परिसर में एक संभावित प्रत्याशी के समर्थकों द्वारा दूसरे पक्ष की छात्राओं को चेस्ट कार्ड दिया जा रहा था और छात्र द्वारा चेस्ट काट लेने से मना कर दिया गया। इसके बाद छात्र के साथ अभद्रता करने के आरोपी को लेकर दो घूट आपस में भीड़ गए जिस पर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जिनका भविष्य विनोद जोशी पुलिस बल के साथ कॉलेज में पहुंचे और स्थिति को सामान्य बनाया। यह भी बताया गया है कि इसमें कुछ बाहरी तत्व भी कॉलेज परिसर में शामिल थे।

**लामबंद** | कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी को सीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा

# माइनिंग कंपनी व स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदर्शन

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** माइनिंग कंपनी व स्मार्ट मीटर के विरोध में उतरे कांग्रेस कार्यकर्ता काफी संख्या में एकत्र होकर बुधवार को एसडीएम कार्यालय जा पहुंचे और प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राकेश चंद तिवारी को सौंपा। इस दौरान कहा गया कि मांगों पर जल्द गौर नहीं किया गया तो 21 अक्टूबर को नैनीताल में जन आक्रोश रैली निकाल कमिश्नरी का घेराव किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जो माइनिंग कंपनी आई है इससे आम आदमी को काफी परेशानी हो रही है। किसान अपने खेत से मिट्टी नहीं उठा पा रहा है और अपने घर बनाने के लिए रेता-बजरी नहीं ले जा पा रहा है। माइनिंग कंपनी वाले अपनी मनमानी कर रहे हैं। इस दौरान उत्तराखंड किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो ने कहा कि बिजली के स्मार्ट मीटर न लगाए जाएं। चीनी मिल का नवीन गन्ना पेराई सत्र समय से शुरू कराया जाए जिससे किसान खेत खाली कर गेहूं की बुवाई समय से कर सकें। उन्होंने गन्ना मूल्य भुगतान 500 रुपये प्रति क्विंटल करने, माइनिंग कंपनी हटाकर सभी कार्य पूर्व की भांति करावाने व स्मार्ट मीटर योजना पर बंद करने की पुरजोर मांग की है। इस मौके पर सरताज औलख, कामरान खान, हरमीत सिंह बड़ैच, हाजी अमीर अहमद, पूरन बिष्ट, अमर सिंह रंधावा, जसविंदर सिंह बड़ैच, कदीर अहमद, बलवीर सिंह, शेखर बिष्ट, रेशम यादव, उस्मान, लखपत पूर्व प्रधान, बृजेश यादव, लीलाधर सैनी, वीर सिंह, अभिषेक तिवारी आदि मौजूद रहे।


बाजपुर में एसडीएम आरसी तिवारी को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# दहेज उत्पीड़न के मामले में 11 लोगों पर मुकदमा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** पक्का कोट निवासी एक विवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष के 11 लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 11 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मोहल्ला पक्काकोट निवासी अंशु ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह महेशपुरा बाजपुर निवासी कमल कुमार के साथ 27 नवंबर 2023 को हुआ था। विवाह के समय परिजनों ने आठ लाख 11 हजार रुपये नकद उपहार स्वरूप ससुरालियों को दिये थे। आरोप लगाया कि विवाह के कुछ समय बाद ही उसके पति कमल कुमार, ससुर खुशीराम, सास शान्ति, जेठ संजय कुमार, जेठानी सुमन, जेठ संजीव कुमार, जेठानी सोनी, जेठ बबलू, जेठानी दिव्या, जेठ वीरेन्द्र, जेठानी पूजा ने दहेज में 12 लाख और कार की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। आरोप लगाया कि इस दौरान आरोपियों ने उसका गर्भपात कराने की कोशिश की। जिसके बाद 16 मई 2024 को रात 11 बजे पति कमल कुमार ने उसके साथ मारपीट की और 17 मई को पुलिस ने उसे मायके भिजवा दिया। 19 मई 2024 को शाम पति व ससुरालियों ने मायके आकर पीड़िता के साथ मारपीट की।

# घर में घुसकर चोरों ने उड़ाए जेवर

**बाजपुरः** घर में घुसे चोर सोने-चांदी के आभूषण चुरा ले गए। दो आरोपियों को घर के आसपास लाठी-डंडों के साथ घूमते हुए देखा गया है।

ग्रामसभा मुड़िया पिस्तौर देहात के अंतर्गत जमना-जमनी फार्म निवासी बलविंदर कौर ने पुलिस को बताया कि 10 अक्टूबर को दोपहर बाद 3 बजे चोर उसके घर से सोने चांदी के जेवर, बर्तन, कपड़े, सिलेंडर इत्यादि चोरी करके ले गए हैं। चोरों ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर, दो अलमारी भी तोड़ दी हैं। आरोपियों ने उसके घर में मदिरा पान कर खूब आतंक मचाया। घटना को सूचना पुलिस चौकी में दे दी गई थी। वहीं मंगलवार की देर सायं भी दो अज्ञात व्यक्तियों को लाठी-डंडों के साथ घर के आसपास घूमते हुए देखा गया है।

सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः परमापदां पदम्।
वृणते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धाः स्वयमेव संपदः ।।

विवेक में न रहना सबसे बड़ा दुर्भाग्य है इसलिए बिना सोचे समझे कोई काम नहीं करना चाहिए। जो व्यक्ति सोच समझकर कार्य करता है मां लक्ष्मी स्वयं उसका चुनाव करती हैं।

## संपादकीय

# एससीओ में भारत

पाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन का समय ऐसा है जब दुनिया कठिनाई के दौर से गुजर रही है। दो बड़े संघर्ष जारी हैं, जिनका असर पूरे विश्व पर पड़ रहा है। ऐसे में आतंकवाद क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा है। क्षेत्र में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए, भारत अभिसरण का एक मजबूत समर्थक है और उसने एससीओ में राज्य प्रायोजित आतंकवाद के मुद्दों को हमेशा उठाया है। भारत पहले ही एससीओ में चीन-पाकिस्तान धुरी के खिलाफ अपनी नाराजगी प्रकट कर चुका है। बुधवार को सम्मेलन में भारत की ओर से विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद से लड़ने और संयुक्त राष्ट्र जैसे विश्व निकायों को अधिक समावेशी, प्रतिनिधि और लोकतांत्रिक बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। भारत ने एससीओ के मंच का इस्तेमाल चीन के अपने पड़ोसियों के प्रति आक्रामक दृष्टिकोण अपनाने के मुद्दे को उठाने के लिए किया। भारत एससीओ का एकमात्र देश है, जिसने चीन की विवादास्पद 'वन बेल्ट वन रोड' संपर्क परियोजना का समर्थन नहीं किया है। एससीओ राजनीति, व्यापार और अर्थव्यवस्था, अनुसंधान तथा प्रौद्योगिकी एवं संस्कृति में प्रभावी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। पिछले दो दशकों में एससीओ पूरे एशियाई क्षेत्र में शांति, समृद्धि और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बनकर उभरा है। एससीओ का उद्देश्य आतंकवाद, उग्रवाद, अलगाववाद की 'तीन बुराइयों' से लड़ना रहा है। शुरुआती दिनों में और क्षेत्र की स्थिति के कारण, एससीओ ने सदस्य देशों के सामने आने वाली तत्काल चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया, जिसमें आतंकवाद, अलगाववाद, उग्रवाद और नशीले पदार्थों की तस्करी का खतरा शामिल था।

विदेश मंत्री ने साफ कर दिया कि यदि सीमा पार गतिविधियां आतंकवाद, उग्रवाद और विभाजनवाद से प्रभावित हैं, तो वे संभवतः व्यापार, ऊर्जा प्रवाह, कनेक्टिविटी और लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन नहीं देंगे। वास्तव में सहयोग आपसी सम्मान और संप्रभुता की समानता पर आधारित होना चाहिए। इसमें क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता दी जानी चाहिए। विकास और वृद्धि को शांति व स्थिरता की आवश्यकता होती है। अगर वैश्विक व्यवस्थाओं, खासकर व्यापार और पारगमन के क्षेत्र में अपने फायदे के हिसाब से चयन करेंगे तो सहयोग आगे नहीं बढ़ सकता। एससीओ के मंच से क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। चुनौतियों से निपटने के लिए सदस्य देशों के बीच सहयोग के महत्व पर जोर दिया। अंततः यह कहा जा सकता है कि सम्मेलन में भारत ने विचार-विमर्श में सकारात्मक और रचनात्मक योगदान दिया।

# बेमौसम बस्ती में क्यों आ रहा है तेंदुआ



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश में तो भेड़िये, सियार, कुछ जगह गुलदार और बाघ के कारण लोगों में दहशत है, लेकिन असम, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश से भी तेंदुए के गांवों तक आने की खबर को सामान्य नहीं माना जा सकता। यह सच है कि जंगलों में बाघ की संख्या बढ़ने से तेंदुओं को पलायन अकरना पड़ रहा है, लेकिन बरसात में पलायन का बड़ा कारण बदलता मौसम है।

ऐसा कहा जाता है कि बरसात के मौसम में जंगल में मंगल होता है। घने वन झूमते हैं और हर जानवर के लिए पर्याप्त भोजन होता है, लेकिन इस बार अकेले उत्तर प्रदेश ही नहीं देश के अलग-अलग हिस्सों में तेंदुए ऐसे मौसम में बस्ती की तरफ आ रहे हैं और उनकी भिड़ंत इंसान से हो रही है। मुरादाबाद- अमरोहा के सैंकड़ों किसान तेंदुए के डर से खेत नहीं जा रहे तो लोगों ने दिन में भी जंगल या एकांत से गुजरना छोड़ दिया है। हापुड़ और मेरठ में भी घनी बस्ती में तेंदुआ पालतू जानवरों का शिकार कर चुका है। बिजनौर में तेंदुआ 25 से अधिक जान ले चुका है। पीलीभीत के आसपास एक हजार से अधिक तेंदुओं के घूमने की बात जंगल महकमा कह रहा है।

उत्तर प्रदेश में तो भेड़िये, सियार, कुछ जगह गुलदार और बाघ के कारण लोगों में दहशत है, लेकिन असम, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश से भी तेंदुए के गांवों तक आने की खबर को सामान्य नहीं माना जा सकता। यह सच है कि जंगलों में बाघ की संख्या बढ़ने से तेंदुओं को पलायन अकरना पड़ रहा है, लेकिन बरसात में पलायन का बड़ा कारण बदलता मौसम है। तेंदुए जैसे जानवर को क्या जलवायु अपरिवर्तन से जूझने में दिक्कत हो रही है? यह सच है कि जब जंगल का जानवर बस्ती में दिखता है तो इंसान में भी डर की भावना आती है। एक तो समझना होगा कि तेंदुआ बस्ती की तरफ आ क्यों रहा है, दूसरा यह स्वीकार करना होगा कि कोई भी जानवर इंसान पर हमला करने के लिए गांव-शहर में आता नहीं, फिर इस बात का ऐसा निदान खोजा जा सकता है कि प्रकृति की यह सुंदर देन अपने नैसर्गिक पर्यवास में निरापद रहे।

गत 9 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय बेंच, जिसमें जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे, ने दुर्लभ पक्षी ग्रेट इंडिया बस्टर्ड को संरक्षण वाले मामले में माना है कि लोगों को मौलिक अधिकारों के दायरे में जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से मुक्त होने का अधिकार है। वहीं धरती के अन्य जीव भी उतने ही कीमती हैं जितना इंसान।



तेंदुआ अपना जंगल छोड़कर यदि लंबी यात्रा करता है तो उसका कारण भोजन के अलावा अपनी यौन क्रिया के लिए साथी तलाशना होता है। एक जंगल से दूसरे जंगल में जाने के लिए, तेंदुए प्राकृतिक गलियारों का उपयोग करते हैं, जो ज्यादातर नदियों और खेतों के माध्यम से होते हैं। चूंकि ये कॉरिडोर मानव बस्तियों के अंधाधुंध विस्तार के चलते टूट गए हैं, इसलिए तेंदुए मानव संपर्क की संभावना बन जाती है। हालांकि तेंदुए जितना हो सके मानव संपर्क से बचने की कोशिश करते हैं। तेंदुए को यदि एक बार इंसान के खून की लत लग जाए तो यह खतरनाक होता है। जंगल का अपने एक चक्र हुआ करते था।

चीता हमारे सामने उदाहरण है कि आजादी के बाद कैसे वह हमारे देश से लुप्त हुआ था। आज भले ही तेंदुए की संख्या पर्याप्त है, लेकिन जब उसका इंसान से टकराव बढ़ेगा तो जाहिर है कि उसके प्रजनन, भोजन, पर्यावास सभी पर कुप्रभाव पड़ेगा, खासकर जब जलवायु परिवर्तन की मार अब जानवरों पर बुरी तरह से पड़ रही है। यह बात गौर करने की है कि कुछ साल पहले तक तेंदुए के शावक जनवरी से मार्च तक दिखाई देते थे, लेकिन इस बार भारी बरसात में अर्थात जुलाई में जगह-जगह शावक दिख रहे हैं। जाहिर है कि बदलते मौसम ने तेंदुए के प्रजनन काल में बदलाव कर दिया है। हो यह रहा है कि बाघ के कारण तेंदुए गहन जंगल को छोड़ने पर जब मजबूर होते हैं तो वे बस्ती-शहर के पास डेरा डालते हैं, जहां तापमान बढ़ने का कुप्रभाव सबसे अधिक है और इसने उनके मूल स्वभाव में परिवर्तन ला दिया है। घने जंगल कम होने से तेंदुए के इलाके में बाघ का कब्जा हो गया और जब पानी और घास पर जीने वाले जीव, जोकि मांसाहारी जानवरों के भोजन होते हैं, उनकी पर्याप्त संख्या होने के बावजूद तेंदुए को अधिक गरम इलाके में आना पड़ रहा है। जान लें कि जंगल का जानवर इंसान से सर्वाधिक भयभीत रहता है और वह बस्ती में तभी घुसता है जब वह पानी या भोजन की तलाश में बेहाल हो जाए। चूंकि तेंदुआ कुत्ते से लेकर मुर्गी तक को खा सकता है, अतः जब एक बार लोगों की बस्ती की राह पकड़ लेता है तो सहजता से शिकार मिलने के लोभ में बार-बार यहां आता है। यदा-कदा जंगल महकमे के लोग इन्हे पिंजड़ा लगाकर पकड़ते हैं और फिर पकड़े गए स्थान के करीब ही किसी जंगल में छोड़ देते हैं। चूंकि तेंदुए की याददाश्त बेहतरीन है सो वह लौटकर वहीं आ जाता है। घने जंगल में बिल्ली मौसी के परिवार के बड़े सदस्य बाघ का कब्जा होता है और इसीलिए परिवार के छोटे सदस्य जैसे तेंदुए या गुलदार बस्ती की तरफ भागते हैं। विडंबना है कि जंगल के संरक्षक जानवर हों या फिर खेती-किसानी के सहयोगी मवेशी, उनके के लिए पानी या भोजन की कोई दूरगामी नीति नहीं है। तेंदुआ एक अच्छा शिकारी तो है ही, किसी इलाके के पारिस्थितिकी तंत्र की गुणवत्ता का मानक चिन्ह भी होता है। दुर्भाग्य है कि आज इसका अस्तित्व ही खतरे में है। जंगली बिल्लियों के कुनबे के मूलभूत गुणों से विपरीत इनका स्वभाव हालात के अनुसार खुद को ढाल लेने का होता है। जैसे कि ये चूहों और साही से लेकर बंदरों और कुत्तों तक किसी भी जानवर का शिकार कर सकते हैं। वे गहरे जंगलों और मानव बस्तियों के पास पनप सकते हैं। यह अनुकूलन क्षमता, इन्हें कही भी छिपने और इंसान के साथ जीने के काबिल बना देती है, लेकिन जब तेंदुए जंगलों के बाहर उच्च मानव घनत्व वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं तो हमें लगता है कि वे भटक गए हैं। हम भूल जाते हैं कि यह उनका भी उतना ही घर है, जितना हमारा है।

तेंदुआ अपना जंगल छोड़कर यदि लंबी यात्रा करता है तो उसका कारण भोजन के अलावा अपनी यौन क्रिया के लिए साथी तलाशना होता है। एक जंगल से दूसरे जंगल में जाने के लिए, तेंदुए प्राकृतिक गलियारों का उपयोग करते हैं, जो ज्यादातर नदियों और खेतों के माध्यम से होते हैं। चूंकि ये कॉरिडोर मानव बस्तियों के अंधाधुंध विस्तार के चलते टूट गए हैं, इसलिए तेंदुए मानव संपर्क की संभावना बन जाती है। हालांकि तेंदुए जितना हो सके मानव संपर्क से बचने की कोशिश करते हैं। तेंदुए को यदि एक बार इंसान के खून की लत लग जाए तो यह खतरनाक होता है। जंगल का अपने एक चक्र हुआ करते था। जंगलों की अंधाधुंध कटाई और उसमें बसने वाले जानवरों के प्राकृतिक पर्यावास के नष्ट होने से इंसानी दखल से दूर रहने वाले जानवर सीधे मानव के संपर्क में आ गए। यदि इंसान चाहता है कि वह तेंदुए जैसे जंगली जानवरों का निवाला न बने तो जरूरत है कि नैसर्गिक जंगलों को छेड़ा न जाए, जंगल में इंसानों की गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगे। खासकर जंगलों में नदी-नालों को खनिज या रेत उत्सर्जन के नाम पर नैसर्गिक संरचनाओं को उजाड़ा न जाए।

## प्रसंगवश

# शरद पूर्णिमा का वैज्ञानिक महत्व

श्रीमद्भागवत महापुराण के अनुसार चन्द्रमा को औषधि का देवता माना जाता है। इस दिन चांद अपनी 16 कलाओं से पूरा होकर अमृत की वर्षा करता है। मान्यताओं से अलग वैज्ञानिकों ने भी इस पूर्णिमा को खास बताया है, जिसके पीछे कई सैद्धांतिक और वैज्ञानिक तथ्य छिपे हुए हैं।

शरद पूर्णिमा स्वास्थ्य की दृष्टि से एक ऐसी रात्रि मानी जाती है जब क्षितिज से अमृत की रश्मियां संजीवनी बनकर बरसती हैं। तत्व दर्शन यह है कि शरद पूर्णिमा की रात को चूंकि चंद्रमा धरती के सर्वाधिक निकट होता है, इस कारण इसकी किरणें धरती पर छिटक कर अन्न-जल व वनस्पति को अपने औषधीय गुणों से अधिक सघनता से सिंचित करती हैं। इस पूर्णिमा पर चावल और दूध से बनी खीर को चांदनी रात में रखकर प्रातः 4 बजे सेवन किया जाता है। इससे रोग खत्म हो जाते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। एक अन्य वैज्ञानिक शोध के अनुसार इस दिन दूध से बने उत्पाद का चांदी के पात्र में सेवन करना चाहिए। चांदी में प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है। इससे विषाणु दूर रहते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 30 मिनट तक शरद पूर्णिमा का स्नान करना चाहिए। इस दिन बनने वाला वातावरण दमा के रोगियों के लिए विशेषकर लाभकारी माना गया है।



प्रो . विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

एक अध्ययन के अनुसार शरद पूर्णिमा पर औषधियों की स्पंदन क्षमता अधिक होती है। यानी औषधियों का प्रभाव बढ़ जाता है रसाकर्षण के कारण जब अंदर का पदार्थ सांद्र होने लगता है, तब रिक्तिकाओं से विशेष प्रकार की ध्वनि उत्पन्न होती है। लंकाधिपति रावण शरद पूर्णिमा की रात किरणों को दर्पण के माध्यम से अपनी नाभि पर ग्रहण करता था। इस प्रक्रिया से उसे पुनर्योवन शक्ति प्राप्त होती थी। चांदनी रात में 10 से मध्यरात्रि 12 बजे के बीच कम वस्त्रों में घूमने वाले व्यक्ति को ऊर्जा प्राप्त होती है। सोमचक्र, नक्षत्रीय चक्र और आश्विन के त्रिकोण के कारण शरद ऋतु से ऊर्जा का संग्रह होता है और बसंत में निग्रह होता है। क्यों बनाई जाती है खीर?- वैज्ञानिकों के अनुसार दूध में लैक्टिक अम्ल और अमृत तत्व होता है। यह तत्व किरणों से अधिक मात्रा में शक्ति का शोषण करता है। चावल में स्टार्च होने के कारण यह प्रक्रिया और भी आसान हो जाती है। इसी कारण ऋषि-मुनियों ने शरद पूर्णिमा की रात्रि में खीर खुले आसमान में रखने का विधान किया है और इस खीर का सेवन सेहत के लिए महत्वपूर्ण बताया है। इससे पुनर्योवन शक्ति और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। यह परंपरा विज्ञान पर आधारित है। इससे वनस्पतियों में नया प्राणतत्व आ जाता है। इसीलिए प्राचीनकाल में शरद पूर्णिमा की रात को आयुर्वेद के मनीषियों द्वारा विभिन्न जड़ी बूटियों से जीवनदायी औषधियों के निर्माण की परंपरा शुरू की गई थी,जो आज भी कायम है। भगवान श्रीकृष्ण भी गीता में कहते हैं-"पुष्णामि चौषधीः सर्वाः सोमो भूत्वा रसात्मकः।।" अर्थात मैं ही रसस्वरूप अमृतमय चन्द्रमा होकर संपूर्ण औषधियों को अर्थात वनस्पतियों को पुष्ट करता हूं। उनका यह कथन भी शरद पूर्णिमा की उपादेयता को पुष्ट करता है। ऋतु परिवर्तन स्वास्थ्य से जुड़ा है महत्व आयुर्वेद विशेषज्ञों के अनुसार इस पूर्णिमा के चंद्रमा से एक विशेष प्रकार का अमृत रस झरता है, जो अनेक रोगों में संजीवनी की तरह काम करता है। आयुर्वेद के मनीषियों ने शरद पूर्णिमा के इस चंद्र अमृत का लाभ जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए मिट्टी के बर्तन में खीर बनाकर उसे घरों की छतों पर खुले आकाश के नीचे रखने तथा अगले दिन प्रातः काल इस अमृतमय खीर का प्रसाद के रूप में सेवन करने की परंपरा बनाई थी।

शरद पूर्णिमा की रात को खुले आकाश तले रखी जाने वाली इस खीर की औषधीय महत्ता अब वैज्ञानिक प्रयोगों से भी परखी जा चुकी है। काशी के आयुर्वेदाचार्य शांतनु मिश्र बताते हैं कि शरद पूर्णिमा पर काशी के गढ़वाघाट मठ से अनेक वर्षों से अस्थमा पीड़ितों के लिए खास तरह औषधि का वितरण किया जाता है, जो चंद्रकिरणों से तैयार की जाती है। वे कहते हैं कि शरद पूर्णिमा को ब्रह्म मुहूर्त में चन्द्रमा की किरणों के बीच जब गंगा में स्नान किया जाता है तो मनुष्य के शरीर में अनूठी रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। रोग का कारण त्रुटिपूर्ण जीवनशैली हमारी वैदिक मनीषा द्वारा सदियों पूर्व बनाए गए स्वास्थ्य संरक्षण के नियम-उपनियम आज भी उतने ही कारगर हैं तथा समूची दुनिया इनकी वैज्ञानिकता को जान-परख कर चमत्कृत है। आज के समय में रोगों की भरमार का मूल कारण हमारी त्रुटिपूर्ण जीवन शैली है। इससे उबरने के लिए प्रयोगों पर कसौटी पर खरे उतरे। शरद पूर्णिमा के दिन किए जाने वाले स्वास्थ्य संरक्षण के उपचारों को हर भारतवासी को अपनाना चाहिए।

# आधुनिक समाज में वाल्मीकि के आदर्शों का क्षय



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

यह समय है कि हम इन विचारों को फिर से जीवन में उतारें और सही मायनों में 'रामायण' का सार समझें, ताकि हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकें।

वाल्मीकि का महाकाव्य रामायण न केवल साहित्यिक, बल्कि नैतिक आदर्शों का भी प्रतीक है। उनके द्वारा स्थापित धर्म, सत्य, कर्तव्य और करुणा के सिद्धांत, जो कभी मानवता के लिए मार्गदर्शन का स्रोत थे, आज के समाज में कहीं खोए हुए प्रतीत होते हैं। वाल्मीकि ने कहा था, "धर्मो रक्षति रक्षितः" अर्थात धर्म की रक्षा करो, तो धर्म तुम्हारी रक्षा करेगा, लेकिन आज धर्म की रक्षा नहीं, बल्कि उसका कुशल प्रबंधन किया जाता है, जैसे कि यह कोई व्यावसायिक प्रोडक्ट हो। आज लोग मंदिरों में लंबी कतारों में खड़े होते हैं, धक्का मुक्की के बीच ईष्ट के दर्शन करते हैं पर घर पहुंचते ही 'धर्म' और 'अधर्म' की परिभाषा अपनी सहूलियत के अनुसार बदल लेते हैं। धर्म और सत्य आज के युग में 'वैल्यू प्रोपोजिशन' बन गए हैं। सत्य तब तक सही है जब तक वह हमारे हित में हो और धर्म का पालन तब तक होता है जब तक वह हमारे लाभ में हो। वाल्मीकि अगर आज यह देखते, तो शायद सोचते, "धर्म की रक्षा की बात तो मैंने मानवता की भलाई के लिए की थी, न कि स्वार्थ सिद्धि के लिए।"

वाल्मीकि ने राम के चरित्र के माध्यम से कर्तव्य पालन का आदर्श प्रस्तुत किया था। आज के दौर में हर किसी के पास कर्तव्य के बारे में बात करने का समय है, लेकिन जब इसे निभाने की बात आती है तो लोग अचानक व्यस्त हो जाते हैं। आधुनिक कर्तव्य एक ऐसी 'टू-डू लिस्ट' बन गया है, जिसे हम रोज देखते हैं और फिर कहते हैं, "कल करेंगे।" कर्तव्य पालन अब केवल भाषणों की शोभा रह गया है। असल में इसे निभाने की फुर्सत नहीं है। वाल्मीकि का हृदय करुणा से भरा हुआ था। उन्होंने क्रौंच पक्षी के वध पर जो श्लोक रचा, वह उनकी करुणा और संवेदनशीलता का प्रतीक है: "मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः, यत्क्रौंचमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्।" (हे निषाद, तुमको कभी शांति प्राप्त न हो, क्योंकि तुमने प्रेम में लगे हुए क्रौंच पक्षी के जोड़े में से एक को मार डाला)।

आज करुणा अब संवेदनशीलता का नहीं, बल्कि 'मौके' का प्रतीक बन गई है। लोगों को मदद करनी हो तो सबसे पहले यह देखा जाता है कि इससे उनका लाभ होगा या नहीं। असहाय की पुकार सुनने से पहले लोग ये सोचने लगते हैं कि इससे उनकी सामाजिक छवि पर क्या असर पड़ेगा। वाल्मीकि ने राम के जीवन को त्याग और संयम का आदर्श माना था। आदर्श जीवन अब माया और दिखावे से घिरा हुआ है। त्याग और संयम जैसी बातें अब केवल कहानियों तक सीमित हो गई हैं। वाल्मीकि ने रामराज्य का आदर्श प्रस्तुत किया था,जहां सत्य, न्याय और धर्म की प्रधानता थी। "रामो विग्रहवान धर्मः" अर्थात राम धर्म के साक्षात स्वरूप हैं, लेकिन आज की राजनीति को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि सत्य, न्याय और धर्म की जगह केवल वादों और स्वार्थ ने ले ली है। चुनाव से पहले बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं और चुनाव जीतने के बाद जनता सोचती रह जाती है कि यह वादे थे या सपने। वाल्मीकि के विचारों को जितनी गहराई से समझा जाए, उतने ही विविध पहलू उनके दर्शन में सामने आते हैं। उनके विचार सिर्फ नैतिकता, धर्म और कर्तव्य तक सीमित नहीं थे, बल्कि जीवन के हर पहलू में गहराई से जुड़े हुए थे। उनके आदर्श हमें यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि क्या हम वास्तव में उन सिद्धांतों का पालन कर रहे हैं या फिर वे बस हमारे आभासी जीवन का हिस्सा बन गए हैं।

यह समय है कि हम इन विचारों को फिर से जीवन में उतारें और सही मायनों में 'रामायण' का सार समझें, ताकि हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकें। वाल्मीकि का साहित्यिक योगदान केवल उनकी रचनाओं तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने समाज में जो नैतिक और आध्यात्मिक आदर्श स्थापित किए, वे आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने न केवल रामायण के माध्यम से धर्म, सत्य, कर्तव्य और त्याग के मूल्यों को सजीव किया, बल्कि समाज में व्याप्त असमानताओं को भी चुनौती दी।

वाल्मीकि जयंती का यह अवसर हमें उनके आदर्शों और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का मौका देता है। उनका संदेश यह है कि चाहे जीवन कितना भी कठिन क्यों न हो, आत्मसुधार और सत्य का मार्ग अपनाकर हम न केवल स्वयं को, बल्कि समाज को भी एक बेहतर दिशा दे सकते हैं। उनके आदर्श और शिक्षाएं आज के समाज में उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी उनके समय में थीं। इस जयंती पर हम उनके महान साहित्यिक और समाज सुधारक योगदान को नमन करते हैं और उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प करते हैं।

## सोशल फोरम

# देवी लक्ष्मी और उल्लू

इन दिनों जिनके पास लक्ष्मी ज्यादा है, वे कितने अंधे हो चुके हैं और सामान्य संवेदना भी खो चुके हैं, यह अब आम अनुभव है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

हिंदू परिवारों में लक्ष्मी एक बड़ा प्रिय शब्द है, क्योंकि धन-संपत्ति आज के जमाने में किसे प्रिय नहीं है। पर क्या कभी सोचा है कि लक्ष्मी की सवारी उल्लू क्यों है? उल्लू एक अनोखा जीव है जिसे दिन में दिखता नहीं है। फिर जिसने भी लक्ष्मी के साथ उल्लू की कल्पना की, उसका अभिप्राय इसके अलावा क्या होगा कि धन-संपत्ति पाकर अंधे न हो जाओ, बुद्धि के देवता गणेश को थोड़ा याद कर लो।

इन दिनों जिनके पास लक्ष्मी ज्यादा है, वे कितने अंधे हो चुके हैं और सामान्य संवेदना भी खो चुके हैं, यह अब आम अनुभव है। किसी परिवार में लड़की पैदा होने पर कभी सांत्वना पाने के लिए और कभी उसके गोरे सौंदर्य पर खुश होकर कहा जाता है कि लक्ष्मी पैदा हुई है। हिंदू कल्पना में सरस्वती, लक्ष्मी, सीता, राधा, दुर्गा, अधिकांश देवियां गोरी हैं। सभी देवता सांवले या काले हैं। यह इस देश में एक वर्ण-पूर्वग्रह है कि लड़के भले काले हों, पर लड़की गोरी होनी चाहिए। अकसर कहा जाता है, रूप में लक्ष्मी और गुण में सरस्वती। लड़कों के बारे में कहा जाता है कि लड़कों का रूप क्या देखना, उनका गुण देखो। लड़की सुंदर चाहिए, पढ़ी-लिखी और गृहकार्य में निपुण। लक्ष्मी की एक लोकप्रिय छवि विष्णु के चरणों के पास बैठकर उनकी सेवा करने की है। ऐसी धार्मिक छवियों ने भी स्त्रियों का क्या कर्तव्य है, यह निर्धारित करने में एक बड़ी भूमिका निभाई है और उनके अधिकारों को हजारों साल से प्रभावित किया है। यदि नई बहू के आने के बाद कोई दुर्घटना हो गई तो उसे सुनना पड़ता है, 'इसका पैर खराब है', 'तू अलक्ष्मी है, तेरी वजह से नुकसान हुआ'। फिर शिकायतों से लेकर मारने-जलाने तक का कर्मकांड चलता है। स्त्री को अपने रूप-रंग, शकुन-अपशकुन, सुनिर्धारित कर्तव्य-अकर्तव्य आदि के कारण जो दुख-कष्ट झेलने पड़ते हैं। उसके मूल में पुरानी धार्मिक कल्पनाओं की सीमा को समझना चाहिए।

– फेसबुक वॉल से

# सर सैय्यद के मिशन से भटक गया मुस्लिम समाज

अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी (एएमयू) के संस्थापक आधुनिक भारत के निर्माताओं में से एक, सर सैय्यद अहमद खान का जन्म 17 अक्टूबर 1817 को दिल्ली में हुआ था, उन्होंने अपना काम एक लोक सेवक के तौर पर शुरू किया था। सन 1857 की क्रांति सर सैय्यद अहमद के जीवन की अहम घटना थी। उन्होंने इसका अंदाजा लगा लिया था कि मुस्लिम समुदाय के लिए खासकर उत्तर भारत में सामाजिक और राजनीतिक वजूद बनाए रखने के लिए अंग्रेजी भाषा एवं आधुनिक विज्ञान में निपुणता और कौशल प्राप्त करना होगा। सर सैय्यद उन रहनुमाओं में से एक थे, जिन्होंने पिछड़े, निर्धन मुस्लिम समाज के शक्तिकरण में शिक्षा की क्रांतिकारी भूमिका को अहम माना। वे न केवल आधुनिक भारत के महान राष्ट्र निर्माता थे, बल्कि एक महान समाज सुधारक भी थे। विभिन्न स्कूलों की शुरुआत करके उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के निर्माण की भूमिका तैयार कर दी थी। मुसलमानों में वैज्ञानिक चेतना का निर्माण और पश्चिमी ज्ञान को भारतीयों को अपनी भाषा में उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने सन 1863 में 'साइंटिफिक सोसाइटी' की स्थापना की। मार्च 1866 में 'साइंटिफिक सोसाइटी' की मैगनीज 'अलीगढ़ इंस्टिट्यूट गज़ेट' की शुरुआत की, जिसके जरिए पारंपरिक मुस्लिम समाज की सोच बदलने में उन्हें कामयाबी मिली।



मुहम्मद ख़ालिद जीलानी
वरिष्ठ अधिवक्ता, बरेली

सर सैय्यद की महानता की खासियत ये थी कि वह पहले ऐसे भारतीय मुस्लिम थे, जिन्होंने इस्लाम को नए नजरिए से देखने की ज़रूरत को समझा और उसके लिए काम भी किया। सर सैय्यद ने भारतीय उपमहाद्वीप के आधुनिक समाज के विकास में मूलभूत योगदान दिया, उनका मकसद भारत के मुसलमानों को सभ्यता के एक उच्च मुकाम को अपनाने के लिए प्रेरित करना था, ताकि उन्हें नीची नजर से देखने वाला सभ्य समाज भी अपना नजरिया बदल दें और वे भी दुनिया में एक सम्मानित और सभ्य समाज कहलाने के हकदार बन सकें। वर्तमान में देश के मुस्लिम समुदाय की शैक्षिक स्थिति बेहद खराब है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक मुसलमान शिक्षा के कई मानदंडों पर एससी और एसटी से भी पिछड़े हैं। एक निश्चित उम्र वर्ग वाले बच्चों के स्कूलों में अटेंडेंस के मामले में भी मुस्लिम समुदाय अन्य धार्मिक समुदायों की तुलना में पिछड़ा है। प्राइमरी स्तर की बात करें तो हर सौ मुस्लिम का ग्रास अटेंडेंस रेश्यू (गैर) अन्य, एससी, एसटी, ओबीसी, सिख, ईसाई और हिन्दू समाज की तुलना में सबसे कम है। अपर प्राइमरी स्तर पर मुस्लिम समुदाय ही एकमात्र ऐसा समुदाय है, जिसका गैर 90 प्रतिशत से कम है। सेकेंडरी स्तर पर मुसलमानों का गैर 71.9 प्रतिशत है, लेकिन एसटी 79.8 प्रतिशत और ओबीसी की तुलना में यह कम है। हायर सेकेंडरी स्तर पर मुस्लिमों का गैर 48.3 प्रतिशत है, जो एससी (52.8 प्रतिशत) से भी कम है।

मुसलमानों में ड्रॉपआउट का स्तर भी ज्यादा है। हायर सेकेंडरी स्तर से ऊपर की बात करें तो मुसलमानों का गैर 14.5 प्रतिशत है, जो दलितों के 17.8 प्रतिशत आंकड़े से कम है। आदिवासियों की अधिकांश आबादी सुदूर इलाकों में रहती है, मुसलमान उच्च शिक्षा वाले संस्थानों के करीब रहते हैं। बावजूद इसके मुसलमानों में ड्रॉप आउट का स्तर आदिवासी समुदाय के बराबर ही है। मुसलमानों की तीन से पैंतीस आयु वर्ग की आबादी का बड़ा हिस्सा औपचारिक शिक्षा के लिए नामांकन ही नहीं कराता है। इस उम्र समूह के करीब 17 प्रतिशत मुस्लिम पुरुष तो कभी शिक्षा के लिए नामांकन ही नहीं करवाते हैं। इसी तरह इस वर्ग के मुस्लिम महिलाओं का आंकड़ा 21.9 प्रतिशत है जबकि एसटी महिलाओं का औसत 22.4 प्रतिशत है। शिक्षा के क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय की इस दयनीय स्थिति ने आर्थिक और समाज के दूसरे क्षेत्रों व देश की मुख्य धारा से पीछे छोड़ दिया है। मुस्लिम समुदाय की मौजूदा नस्ल का एक बड़ा हिस्सा शिक्षा और सभ्यता से दूर सुबह तड़के खिचड़ी-बिरयानी के खोमचों बात-बात मजहब के नाम पर सड़कों पर जुलूस, गली-दर-गली उर्स मनाते आसानी से देखा जा सकता है। सामाजिक बुराइयों के आडंबर और दहेज की लानत, अशिक्षा, गरीबी और बेरोजगारी ने मुस्लिम समाज की सामाजिक हैसियत को बरबाद करके रख दिया है, सर सैय्यद अहमद खान के मिशन को धूमिल कर दिया है।

## आपका पत्र

# मितव्ययिता जरूरी समझें

अभी कुछ दिन पूर्व लखनऊ से मुंबई की हवाई यात्रा करनी पड़ी। लखनऊ एयरपोर्ट पर पत्नी को चाय की तलब महसूस हुई जब चाय के दाम मालूम किए तो भौच्चका रह गया। यही हाल प्लेन के अंदर मिलने वाली चाय का था। हम दोनों ने हवाई यात्रा में चाय न पीना ही बेहतर समझा। यह स्थिति देश के किसी भी एयरपोर्ट पर मिलेगी। बच्चों की दूर-दूर नौकरी के सिलसिले में अब मां-बाप को उनके पास जाने का मोह तो रहता है, किंतु मिडिल क्लास खासकर समाजवादी सोच के लोगों के लिए सामान्य इंडियन रेस्तरां के मुकाबले 8 गुना महंगी चाय या काफी एयरपोर्ट पर या प्लेन में पीना समझदारी पूर्ण नहीं लगता।

अधिकांश लोग इन खाने-पीने की चीजों पर खर्च नहीं करते, क्योंकि वो न तो दिखावे में विश्वास रखते न अपने बटुए में रखे धन का प्रदर्शन ही करना चाहते हैं। वो मितव्ययिता में यकीन रखने वाले लोग हैं। मितव्ययी होने का मतलब है अपने पैसे और इसे खर्च करने के तरीके के बारे में सावधान रहना,खर्च करने से पहले दो बार सोचना, हालांकि आज की नई पीढ़ी को समझा पाना बड़ा मुश्किल हो रहा है। वो यह नहीं समझते कि छोटी-छोटी बचत एक बड़ी रकम बन सकती है। शायद एक नई कहावत जन्म ले रही है, जिसमें खान-पान में खर्च का तरीका यह तय करेगा कि आप अमीर बन रहे हैं, इनका लहजा बता रहा है कि इनकी दौलत नई-नई है।

-संजीव मेहरोत्रा, बरेली

## सार-संक्षेप

### खाद्य विभाग की टीम ने खाद्य पदार्थों के लिए 10 नमूने

**रुद्रपुर :** दीपावली पर्व के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जसपुर, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड बार्डर पर वाहनों का औचक निरीक्षण किया। संदेह के आधार पर रसगुल्ला, मिल्क केक, दूध, दही, मावा, घी का सैंपल लिया गया, जबकि पनीर के तीन सैंपल लिए गये। कुल 10 नमूने जांच के लिए गये। बुधवार को जिला अभिहित अधिकारी डॉ. प्रकाश फुलारा के नेतृत्व में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी काशीपुर अपर्णा साह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रुद्रपुर आशा आर्या, खाद्य सुरक्षा अधिकारी जसपुर पवन कुमार ने यह नमूने लिए। इस दौरान टीम ने खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम एवं विनियमों में दिये मानकों के अनुरूप ही खाद्य पदार्थों को विक्रय करने के निर्देश दिए।


किच्छा में प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार को सम्मानित करते व्यापारी।

### व्यापारियों ने किया कोतवाल को सम्मानित

**किच्छा :** तीन दिन पूर्व कृष्णा हार्डवेयर में हुई चोरी का खुलासा किए जाने पर व्यापारियों ने प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री विजय अरोड़ा के नेतृत्व में तमाम व्यापारी कोतवाली पहुंचे। व्यापारी नेता विजय अरोड़ा ने कहा कि तीन दिन पूर्व मुख्य बाजार स्थित कृष्णा हार्डवेयर की दुकान पर हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर आरोपियों को दबोच लिया है। कहा कि आगे भी पुलिस द्वारा अच्छे कार्य किए जाने पर व्यापार मंडल के माध्यम से पुलिस टीम का उत्साहवर्धन किया जाएगा। इस मौके पर व्यापारी नेता नितिन फुटेला, मनोज सहगल, मुन्ना लाल, हरजीत सिंह, कृष्ण कुमार, जाहिद अहमद आदि मौजूद रहे।

### तहसील दिवस पर एसडीएम ने सुनीं समस्याएं

**किच्छा :** तहसील दिवस पर उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ने समस्याएं लेकर आए लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और जल्द निस्तारण का भरोसा दिलाया। इस दौरान तहसील अंतर्गत तमाम क्षेत्रों से आए लोगों ने करीब दो दर्जन समस्याएं दर्ज कराई। विकास कॉलोनी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता विशाल शर्मा ने अपने वार्ड की तमाम समस्याओं से एसडीएम मिश्रा को अवगत कराते हुए जल्द समाधान का आग्रह किया। इस मौके पर तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# रामलीला के समापन पर किया हवन

## आदिवासी रामलीला कमेटी चक्कीमोड़ ने भाईचारा बनाए रखने की कामना की

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** आदिवासी रामलीला कमेटी चक्कीमोड़ के तत्वावधान में लीला के समापन पर क्षेत्र की सुख समृद्धि व आपसी भाईचारा बनाए रखने की कामना की। पुरोहित मोहन चंद्र जोशी ने मंत्रोच्चारण के बीच कमेटी अध्यक्ष मुख्य यजमान मोहन सिंह पानू एवं पदाधिकारी व सदस्यों ने रामलीला मैदान मदपुरी चक्कीमोड़ में हवन किया। क्षेत्र की सुख समृद्धि व आपसी भाईचारा बनाए रखने की कामना की।

अध्यक्ष मोहन सिंह पानू ने शांतिपूर्ण लीला का मंचन संपन्न होने पर कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया। अनुष्ठान में अध्यक्ष मोहन सिंह पानू, उपाध्यक्ष नंदराम सिंह व कुंवर सिंह सकतपुरिया, महामंत्री लाल सिंह नयाल, कोषाध्यक्ष बच्चन सिंह, सचिव प्रकाश कोश्यारी, जितेंद्र सिंह नयाल, संरक्षक प्रेम सिंह, शेर सिंह नयाल, हरि सिंह, व्यवस्थापक चंदन सिंह नयाल व ओमप्रकाश ठेकेदार, चंद्रमणि देवराड़ी, कन्ही सिंह, भूपेंद्र सिंह, निर्भय वर्मा, दरपान सिंह कोश्यारी, ललित खोलिया, चंचल सिंह देऊपा, राजेंद्र सिंह पानू, सचिन राणा मौजूद थे।


दिनेशपुर आदिवासी रामलीला कमेटी चक्कीमोड़ के तत्वावधान में लीला के समापन पर हवन करते कमेटी पदाधिकारी व सदस्य।

# बरहैनी में रामलीला का शुभारंभ

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र बरहैनी में रामलीला का शुभारंभ दीप जलाकर व रिबन काटकर संयुक्त रूप से किन्नर समाज की प्रमुख मीना बुआ, पूर्व प्रधान अशोक आनंद, समाजसेवी प्रेम कांडपाल, पुलिस चौकी प्रभारी नरेश सिंह मेहरा ने किया।

गणेश वंदना के बाद लीलाधर शर्मा की अगुवाई में बैकुंठ कला मंच मुरादाबाद के कलाकारों ने रामलीला का मंचन शुरू किया। पहले ही दिन सुंदर मंचन ने सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष गुलशन कुमार गुल्लू की अगुवाई में अतिथियों का सम्मान किया गया।

इस मौके पर कमेटी के उपाध्यक्ष बबलू पाल, सचिव प्रवीण सिंह देउपा, कोषाध्यक्ष डा.मोहन पांडे, प्रबंधक कमल सैनी, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र सिंह बिष्ट, करन सैनी, कन्नू जोशी, बलविंदर सिंह बिट्टू, सुधीर कुमार, सुभाष कांडपाल, नरेश गोयल, मनोज कांडपाल, हरीश दानू, दीपक दानू, सुंदर शर्मा आदि मौजूद रहे।


बरहैनी में रामलीला का शुभारंभ करती किन्नर समाज की प्रमुख मीना बुआ।


खटीमा के सरस्वती एकेडमी में लगे पुस्तक मेले में अभिभावक, बच्चों के साथ शिक्षक।

# जीवन में अच्छे मित्र की भूमिका निभाती हैं किताबें

संवाददाता, खटीमा

▸▸ सरस्वती एकेडमी में पुस्तक मेला व संगोष्ठी का आयोजन

**अमृत विचार :** सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी के साथ बाद ही तीन दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

मेले में विभिन्न प्रकार की मनोरंजक, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी पुस्तकें बच्चों को दिखाई गई। चेयरपर्सन ज्योति पाल ने कहा कि पुस्तक मेले का आयोजन होने से बच्चों में किताबों के प्रति रुचि बढ़ती है। प्रधानाचार्य रामयश ने बताया कि व्यक्ति के जीवन में किताबें एक अच्छे मित्र की भूमिका निभाती है। शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके साथ ही विद्यालय में तीन दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन भी किया गया। पुस्तक मेले में नन्द किशोर वर्मा, मंजू अधिकारी, सुशील गुरूरानी, मोहनी मेहरा, दीपा चंद, भावना कलोनी, भावना भट्ट, निर्मला रावत, कविता पन्त, हेमलता, आशा, वैशाली मौर्या, रितु कुमारी राना, अंजली चंद, ज्योति मेहरा, ममता बोहरा, गीतांजली और नेहा बोहरा आदि ने प्रतिभाग किया।

### गन्ना किसान संस्थान ने किसानों के लिए की गोष्ठी

**काशीपुर :** गन्ना किसान संस्थान ने ग्राम कोपा के किसानों के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में किसानों को उनकी फसल की अच्छी पैदावार को लेकर जरूरी जानकारी दी गई। सोमवार को आयोजित गोष्ठी के दौरान गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार ने कहा कि किसानों को अपनी भूमि की जांच करानी चाहिए। भूमि में 16 प्रकार के सूक्ष्म पोषक तत्व पाए जाते हैं। बताया कि जांच करने पर पता चलेगा कि हमारी भूमि में कौन से तत्व की कमी है। जिसकी पूर्ति करने से जमीन की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। वहीं गोष्ठी में पहुंचे वैज्ञानिकों ने गन्ने में आने वाली विभिन्न बीमारियों व उसकी रोकथाम के लिए किसानों को दवाइयों के विषय में जानकारी दी। इस गोष्ठी में प्रमोद कुमार, जयराम सिंह, चंदन सिंह नयाल मौजूद रहे।

# कविताओं की बही रसधारा


दीप प्रज्जवलित कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** रामनगर रोड स्थित रामलीला मैदान में महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

मंगलवार देर शाम को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जसपुर के पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन सिंघल, आशीष गुप्ता, श्री अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मंत्री अभिषेक गोयल व समस्त कार्यकारिणी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कवि सम्मेलन में वीर रस के प्रख्यात कवि मेरठ निवासी डॉ. हरिओम पंवार, दिल्ली निवासी हास्य कवि अरुण जैमिनी, गाजियाबाद निवासी गीतकार विष्णु सक्सेना, अलवर निवासी वीर रस के कवि विनीत चौहान, लखनऊ निवासी हास्य व्यंग्य के कवि डॉ. सर्वेश अस्थाना, नैनीताल निवासी गजलकार गौरी मिश्रा, बिहार निवासी हास्य व्यंग्य कवि शंभू शिखर, बाराबंकी निवासी हास्य व्यंग्य कवि विकास बौखल व काशीपुर के गजलकार डॉ. मनोज आर्य ने काव्य पाठ किया।

### वेबसाइट में दिक्कतों को लेकर सीएम को भेजा पत्र

**काशीपुर :** कुमायूं गढ़वाल चैम्बर आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री (केजीसीसीआई) के अध्यक्ष अशोक बंसल ने सरकारी विभागों के वेबसाइटों के संचालन में आ रही दिक्कतों को लेकर चिंता व्यक्त की है। इस समय उद्योगों से सम्बन्धित सभी सरकारी विभागों की वेबसाईटें समुचित रूप से कार्य नहीं कर रही हैं जिसके कारण उद्योगों के उत्तराखण्ड प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड तथा अन्य विभागों से प्राप्त होने वाले लाईसेंस, नवीनीकरण, कन्सेंट, एनओसी व फाइलिंग इत्यादि के आनलाईन होने वाले समस्त कार्य लम्बित हो गए हैं। किसी भी विभाग के अधिकारी यह बताने की स्थिति में नहीं हैं कि यह वेबसाइटें कब तक सुचारू रूप से कार्य करना शुरु कर देंगी। ऐसी स्थिति में उद्यमियों को यह भी आशंका है कि इन कार्य विभागीय स्तर पर पूर्ण न हो पाने के वाबजूद विभिन्न विभागों की तरफ से कहीं उन पर विलम्ब शुल्क या पेनल्टी इत्यादि न आरोपित कर दी जाए। मामले में केजीसीसीआइ की तरफ से सीएम पुष्कर सिंह धामी व प्रमुख सचिव राधा रतूड़ी को पत्र लिखकर मामले में जल्द समस्या के निवारण की मांग की गई है।

# वरिष्ठ वर्ग में डायनेस्टी स्कूल का दबदबा

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** राणा प्रताप इंटर कॉलेज के सोबन सिंह जीना सभागार में उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार द्वारा आयोजित खंड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता के दूसरे दिन का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

दूसरे दिन आयोजित वरिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिता में श्लोकउच्चारण डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी के विनय जोशी, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की रेनू ओझा और शहीद हरिकिशन इंटर कॉलेज अशोक फॉर्म की सपना ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं आशु भाषण में डायनेस्टी के प्रियांशु जोशी और शहीद हरिकिशन की नेहा ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में डायनेस्टी की मेनका बोरा और तनिष्का ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं शहीद हरिकिशन की नेहा और राजकुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत समूह गान प्रतियोगिता में डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी, नोज़गे पब्लिक स्कूल और राणा प्रताप इंटर कॉलेज ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत समूह नृत्य में डायनेस्टी, शहीद हरि किशन और राजकीय इंटर कॉलेज चारूबेटा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत नाटक प्रतियोगिता में डायनेस्टी और शहीद हरिकिशन ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विशिष्ट अतिथि श्याम वीर सिंह के द्वारा डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म को व्यक्तिगत पुरस्कार के रूप में 500 की नगद राशि दी गई। प्रतियोगिता में अतर सिंह, महेंद्र प्रताप पांडे, मनोज कुमार गुणवंत, विनोद कुमार, धर्मेंद्र पाल सिंह, गीता रानी, गोविंद सिंह बिष्ट, रघुवर पांडे, देवकीनंदन परगाई, दीपक चंद्र गहतोड़ी, राम नारायण वर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर तथा आकाश प्रभाकर, बालकृष्ण थापा, गिरीश जोशी, नरसिंह कुंवर आदि थे। प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी जिले में प्रतिभाग करेंगे।


खटीमा में आयोजित खंड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता में नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं। ● अमृत विचार

# जगदम्बा रेस्टोरेंट का भव्य शुभारंभ

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** स्टेशन रोड ममता नर्सिंग होम के समीप जगदम्बा स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। इस दौरान फाउंडर संरक्षक पूर्व ग्राम प्रधान बरि अंजनिया इन्द्रदेव प्रजापति एवं उनकी अर्धांगिनी कलावती देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटा।

प्रो. अनिल प्रजापति, सुभाष प्रजापति, सुनील प्रजापति, श्रीराम प्रजापति व लक्ष्मण प्रजापति मौजूद रहे। रेस्टोरेंट के प्रो. अनिल प्रजापति ने बेहतर ग्राहक सेवा का संकल्प लेते हुए मुनासिफ रेट देने व गुणवत्ता कायम रखने का भरोसा दिया। पूर्व प्रधान इन्द्रदेव प्रजापति ने शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी रामू, राजेंद्र सिंह भंडारी राजू पूर्व प्रदेश महामंत्री भाजपा उत्तराखंड, नन्दन सिंह खड़ायत पूर्व मंडी चैयरमेन, गणेश जोशी व्यापार मंडल अध्यक्ष चकरपुर, भैरव दत्त पांडे, बॉबी राठौर, रवीश भटनागर, अवधेश कुमार अधिवक्ता, भगवत सिंह खालसा गन्ना समिति अध्यक्ष, मनोज शाही, हिमांशु बिष्ट, गुरपाल सिंह खिंडा, सतीश भट्ट, अरविंद शाही, सतीश गोयल, संतोष अग्रवाल, सरदार बलदेव सिंह, बलदेव सिंह बिल्ला मौजूद रहे।


जगदम्बा स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट का शुभारंभ करते प्रजापति।

# एथलेटिक्स में जसपुर ब्लॉक तीसरे स्थान पर

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जसपुर ब्लॉक ने ओवरआल चैंपियनशिप में तीसरा स्थान हासिल किया है। काजल व वंशिका ने व्यक्तिगत चैंपियनशिप पर कब्जा किया।

26 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। इस उपलब्धि पर प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी सीताराम कछारी ने ब्लॉक के मेडल प्राप्त खिलाड़ियों व शारीरिक शिक्षकों को बधाई दी। ब्लॉक खेल समन्वयक केशव सिंह ने कहा कि 14 व 15 अक्टूबर को राइंका फौजी मटकोटा के खेल मैदान में संपन्न हुई दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जसपुर ब्लॉक के विभिन्न आयु वर्ग के 22 बालिकाओं समेत 54 एथलीटों ने प्रतिभाग किया। एथलेटिक्स में 17 गोल्ड, 9 सिल्वर व 8 ब्रांस कुल 34 पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियनशिप में तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में काजल राइका बढ़ियों वाला ने 100 मीटर, 200 मी व 400 मीटर तथा वंशिका रा. उ. मा. विधालय पतरामपुर ने 800मी, 1500मी, तथा 3000मी की दौड़ में सोना जीतकर व्यक्तिगत चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। पदक विजेताओं में मनीषा, शिवम, हिमांशु, विवेक, शिवम कुमार, अर्पित, मोहम्मद रजा, नितिन कुमार, उपकार, रोहित, विक्की, वंश गुप्ता, उजमा, सुमित कुमार, रजत कुमार, चंदन सिंह, हिमांशु पाल, अमन, माही राज, शालिनी व नितिन आदि शामिल हैं। प्रतियोगियों की वापसी पर ब्लॉक खेल समन्वयक के नेतृत्व में शारीरिक शिक्षकों की टीम ने प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी सीताराम कछारी को उनके कार्यालय में जाकर ट्रॉफी सौंपी। इस मौके पर सुभाष चंद्र, संजय वर्मा, अनूप सिंह, तस्लीम अहमद, शमशेर अहमद, राजेश चौधरी, हरीश चौहान, गजेंद्र चौहान, अनूप सिंह, ताबिंदा अली, नीतू चौधरी, नीरज शर्मा, हरिओम राठौर, स्वतंत्र कुमार गहलोत, दुष्यंत सिंह, रवि आदि मौजूद रहे।


ट्रॉफी प्राप्त करते विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

आस्था | श्री दुर्गा पूजा महोत्सव के समापन पर निकाली भव्य शोभायात्रा

# जयकारों के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** श्री दुर्गा पूजा महोत्सव के बाद श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों की ध्वनि के बीच मां की प्रतिमा के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा में 'मां तुमी आबार एसो, असुर वंश धशो करो', आदि उद्घोष के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया।

इस दौरान नगर के साथ कालीनगर, जगदीशपुर, धर्मनगर, हरिदासपुर, पिपलिया व गूलरभोज में ढोल-नगाड़ों व शंख ध्वनि से माहौल गूंजायमान हो उठा।

महोत्सव के दौरान बंगला लोक संस्कृति की धूम रही, श्री दुर्गा पूजा महोत्सव के समापन के बाद बुधवार को श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव कमेटी कालीनगर के तत्वावधान में श्रद्धालु जगदीशपुर के निकट धीमरी सेतु पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर अबीर-गुलाल चढ़ाया।

तत्पश्चात मां की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। इस मौके पर शारदीय दुर्गा पूजा उत्सव कमेटी कालीनगर अध्यक्ष विक्रम सरदार, महासचिव हरिचांद मंडल, जिपं पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, विधायक प्रतिनिधि सुकोमल, प्रकाश स्वर्णकार, शेखर मंडल, नारायण साहा, डॉ आशीष कुमार, नारायण चंद्र सरकार, दुलाल चंद्र साहा, योगेश मंडल, तुलसी सरकार, प्रदीप हालदार, धीरेंद्र सरकार, दीपक सरकार, बाबू मंडल, मोहिल मंडल, दिलीप विश्वास, धीरेंद्र सरकार, दीपांकर मिस्त्री, आकाश सरकार आदि मौजूद रहे।


धीमरी सेतु में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन करते श्रद्धालु।

### ऋषिकेश एम्स का स्वास्थ्य जांच शिविर कल से

**किच्छा :** एम्स ऋषिकेश के सोशल आउटरीच सेल के तत्वावधान में 18 एवं 19 अक्टूबर को किच्छा में विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में एम्स के तमाम विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद रहेंगे।

एम्स ऋषिकेश के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह ने बताया कि उनके दिशा निर्देशन में दो दिवसीय शिविर का आयोजन किच्छा में किया जा रहा है। सोशल आउटरीच सेल के नोडल अधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि 18 अक्टूबर को किच्छा के बरेली मार्ग स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर तथा 19 अक्टूबर को सेटेलाइट सेंटर परिसर में यह शिविर लगाया जाएगा।

# नए विद्यार्थियों का स्वागत किया

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार :** विवि में वेटरिनरी सोसाइटी की ओर से नवागंतुक छात्रों के स्वागत कार्यक्रम प्रत्यग्र का आयोजन डॉ. रतन सिंह ऑडिटोरियम में किया गया। इसका उद्घाटन कुलसचिव डॉ. दीपा विनय ने किया।

इस वर्ष विभिन्न प्रदेशों से 104 नवागंतुक विद्यार्थियों ने पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय में प्रवेश लिया है। कार्यक्रम में नवागंतुक विद्यार्थियों ने अपना परिचय देते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन भी किया। इस दौरान शरीर रचना में सर्वश्रेष्ठ आर्टिकलेशन के लिए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किया गया। डीन वेटरिनरी डॉ. एएच अहमद एवं डीएसडब्ल्यू डॉ. एएस जीना ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन स्टाफ काउंसलर डॉ. मीना मृगेश के मार्गदर्शन में किया गया।

इस दौरान डॉ. एके उपाध्याय, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. निधि अरोरा आदि संकाय सदस्यों के अलावा सोसायटी के ऋतिक सेलवान, देवाशीष, ईशान, मीमांसा, आयुषी आदि मौजूद थे।



कार्यक्रम का शुभारम्भ करतीं कुलसचिव डॉ. दीपा विनय। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



फुटबॉल टूर्नामेंट में दोनों टीमों के खिलाड़ियों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

### शहीद मनोज सिंह रुमाल स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट

**खटीमा** : शहीद मनोज सिंह रुमाल की स्मृति में खेले जा रहे तेरहवें फुटबॉल टूर्नामेंट में बुधवार को खेले गए मैच में नोजगे पब्लिक स्कूल में जीत हासिल की। फुटबॉल टूर्नामेंट में बुधवार को मैदान में उतरी नोज़गे पब्लिक स्कूल और शिक्षा भारती इंटर कॉलेज की टीमों के खिलाड़ियों का पूर्व छात्रसंघ अध्ययन अध्यक्ष सतीश भट्ट से परिचय प्राप्त कराया गया। आज खेले गए मैच में नोजगे पब्लिक स्कूल ने इकतरफ़ा मैच में शिक्षा भारती इंटर कॉलेज को 3-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया। इस अवसर पर तेजेंद्र पाल सिंह, गोपाल बोरा, राकेश राणा, दिनेश राणा, हरीश राणा, हिमांशु अग्रवाल, आशीष कुमार, अजय थापा आदि मौजूद रहे।

### 222 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ तीन गिरफ्तार, दो फरार

**काशीपुर** : बीती शाम गौवंश संरक्षण स्क्वाड ने आइटीआइ थाना क्षेत्र के गुलड़िया से 222 किलोग्राम प्रतिबंधित मांस के साथ तीन आरोपितों का गिरफ्तार किया है। वहीं दो आरोपित मौके से फरार हो गए। टीम ने गौकशी के औजार भी मौके से बरामद कर प्राथमिकी पंजीकृत की है। बीते दिन गौवंश संरक्षण स्क्वाड को सूचना मिली थी कि कुछ लोग ग्राम गुलड़िया में ढेला नदी के पास मवेशी को काट रहे है। सूचना पर पहुंची गौवंश स्क्वाड और थाना पुलिस ने तीन आरोपित मो. उमर 59 वर्ष निवासी गुलडिया, मुस्तकीम 32 वर्ष निवासी मिस्सरवाला और आसिफ 20 वर्ष निवासी कुंडा को मौके से गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से प्रतिबंधित मांस के साथ औजार भी बरामद हुए। वहीं दो आरोपित इस्तिखार 40 वर्ष और उमर 35 वर्ष निवासी ठाकुरद्वारा मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी प्रवीण कोश्यारी ने बताया कि दोनों फरार की तलाश में टीम लगी है।



संस्कृत प्रतियोगिता के दौरान अतिथि का स्वागत करते शिक्षक। ● अमृत विचार

### दो दिवसीय संस्कृत प्रतियोगिता का समापन

**सितारगंज**। सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित दो दिवसीय संस्कृत प्रतियोगिता का दूसरे दिन दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना के साथ आरम्भ किया गया। वरिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिता में आशु भाषण, समूह गान तथा श्लोक उच्चारण जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य शिक्षाधिकारी डीएस राजपूत ने शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि संस्कृत के उत्थान के लिए शिक्षकों को अपने शैक्षिक कार्यों में संस्कृत भाषा को व्यवहार में लाकर विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा दायक बनना चाहिए। विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एनएस चौहान ने कहा कि संस्कृत हमारी मां है और माता की रक्षा सेवा करना हर संतान का कर्तव्य है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महेश मित्तल रहे। संस्कृत श्लोक उच्चारण व समूह गान में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सितारगंज, संस्कृत समूह नृत्य व संस्कृत वाद विवाद में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शक्तिफार्म, संस्कृत आशु भाषण में सह्नगवी दीक्षित व संस्कृत नाटक में विद्या मंदिर सितारगंज विजयी रहे। इस कार्यक्रम में उमेश पांडेय, डॉ. देवेश गंगवार, उषा सावंत, नरेश विनवाल, दीपू जोशी, दिवाकर हालदार, गीता परिहार, निरंजन सिंह चौहान प्रधानाचार्य, शिवशंकर शर्मा, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।



पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर प्रशिक्षण देते अधिकारी। ● अमृत विचार

### मतदाताओं की सूची 16 नवंबर तक पूर्ण करने के निर्देश

**खटीमा**। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची 16 नवंबर से पूर्व तैयार की जानी है। इसमें एक जनवरी 2025 तक 18 वर्ष की आयु वाले नए मतदाताओं को भी सम्मिलित करने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके लिए 20 अक्टूबर से टीम घर-घर जाकर मतदाता सूची तैयार करेगी। ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी एनसी उपाध्याय ने चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं पर्यवेक्षकों की बैठक की। बैठक में एडीओ पंचायत कृष्ण पाल सैनी, कानून रजिस्ट्रार, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, पर्यवेक्षकों के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद थी।

### डॉ. सुभाष चंद्र सिंह बने प्रदेश महासचिव



**जसपुर** : गांव ध्यान नगर निवासी डॉ. सुभाष चंद्र सिंह को युवा भारतीय कांग्रेस का प्रदेश महासचिव बनाया गया है। उनके मनोनयन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

# प्रकटोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली

## वाल्मीकि जयंती पर किच्छा में झांकियां और कलाकारों का नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र



माता काली के रूप में नृत्य करते कलाकार। ● अमृत विचार



भगवान शिव एवं माता पार्वती के रूप में नृत्य करते कलाकार। ● अमृत विचार

**संवाददाता, किच्छा**

**अमृत विचार:** रामायण के रचयिता भगवान वाल्मीकि के प्रकटोत्सव के अवसर पर वाल्मीकि धर्म सभा के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा में सुंदर झांकियां सजाई गईं। बाहर से आए नृत्य कलाकारों ने बेहतरीन प्रस्तुति दी।

नगर के पुरानी गल्ला मंडी स्थित रामलीला मैदान से प्रारंभ हुई शोभायात्रा महाराणा प्रताप चौक, मुख्य बाजार, दीनदयाल चौक, बरेली रोड, आवास विकास होती हुई नगर पालिका परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में तमाम सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के अलावा राजनीतिक दलों से जुड़े गणमान्य लोगों ने शिरकत की। नगर के तमाम स्थानों पर पुष्प वर्षा के साथ शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ राहुल किशोर ने भगवान वाल्मीकि को सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति का महान संत बताते हुए कहा कि उनके बताए गए आदर्श समाज को नई दिशा देने का काम करते हैं। कार्यक्रम का संचालन संयोजक नितिन चरण वाल्मीकि ने किया। मौके पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, ठाकुर संजीव कुमार सिंह, धर्मराज जायसवाल, प्रियंका वाल्मीकि, श्याम बाबू, मनमोहन सक्सेना, कल्लू चरण, धनीराम, अरुण कुमार, कैलाश वाल्मीकि, सोहन लाल, योगेश, सचिन वाल्मीकि, निखिल, विवेक, आकाश भगत आदि मौजूद रहे।

# प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निकाली कलश शोभायात्रा

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचार :** नवनिर्मित मंदिर में विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में नगर में भव्य मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गई।

चकरपुर रोड सिंह कॉलोनी में नवनिर्मित मां दक्षिणेश्वरी सिद्ध कालीपीठ बाजपुर धाम मंदिर में महाकाली के साथ ही विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान चल रहा है। बुधवार को हल्द्वानी बस अड्डा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पं.शिव कुमार शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मंगल कलश शोभायात्रा की शुरुआत करवाई। गुजरात से पहुंचे नाथ संप्रदाय के मनोहर नाथ महाराज के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सनातन दक्षिणेश्वरी गौसेवा ट्रस्ट के संस्थापक व मां दक्षिणेयश्वरी सिद्ध कालीपीठ बाजपुर धाम के पीठाधीश्वर मुख्य महंत विकासनाथ महाराज की अगुवाई में निकली इस शोभायात्रा में रथ व खुली जीप कार में सवार संत महात्मा मुख्यमार्ग पर पहुंचे तो पूरा माहौल भक्तिरस से सराबोर हो गया।



बाजपुर में निकली शोभायात्रा में रथ पर सवार संत-महापुरुष। ● अमृत विचार



बाजपुर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करतीं महिलाएं व बच्चे। ● अमृत विचार

# डांडिया में धमाल, लकी ड्रा में निशा शर्मा प्रथम

**बाजपुरः** बुधवार को रामराज रोड स्थित सनशाइन होटल में मातृशक्ति की ओर से गरबा, डांडिया का आयोजन करवाया गया जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा पूजा जिन्दल ने की। मंच संचालन तान्या बंसल ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा जिंदल, मीनू बंसल, सविता शर्मा, मोनिका गर्ग, आयुषी बंसल, तान्या बंसल ने दीप प्रज्वलित करके किया। नौ कन्याओं के रूप में कन्या पूजन भी किया गया। मां दुर्गा के भजन का गुणगान करते हुए नृत्य भी किया गया और सभी महिलाओं ने गरबा खेला जिसमें 125 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। वहीं लकी ड्रा में निशा शर्मा प्रथम , कृतिका शर्मा द्वितीय एवं शालिनी अग्रवाल तृतीय रही। इसके अलावा इस वर्ष के गरबा क्वीन प्रथम स्थान विभा यादव, द्वितीय स्थान नैना गर्ग एवं तृतीय स्थान पर रिंकी पन्नू रही। इसी प्रकार डंडिया साज-सज्जा में उमा गुप्ता प्रथम, अकांक्षा गर्ग द्वितीय एवं मंजीत कौर तृतीय स्थान पर रही।

## एमएसपी 2300 रुपये के आधार पर धान खरीद शुरू

**सितारगंज**। 27 कच्चा आढ़तियों के रजिस्ट्रेशन के साथ धान खरीद प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। अब किसान अपनी फसल को सुरक्षित तरीक़े से समर्थन मूल्य 2300 रुपये पर बेच सकेंगे। किसान लगातार धान खरीद में हो रही देरी के चलते अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे थे।

मंडी में कच्चा अढ़ातियों से धान खरीद शुरू हो गई है। बुधवार को 16 ट्रॉली धान को एमएसपी पर खरीदा गया। मंडी सचिव विनोद पड़लिया ने बताया कि धान खरीद की वृद्धि की संभावना के बीच 27 कच्चा अढ़ातियों को धान खरीद के लिए पंजीकृत किया है। नवीन मंडी स्थल में कच्चा आढ़तियों से खुली नीलामी के जरिए धान खरीद की है। कच्चा आढ़तियों द्वारा 16 ट्रॉली धान खरीदा गया है। अब यह धान खरीद प्रक्रिया प्रतिदिन सुबह 10 बजे से खुली नीलामी के जरिये जारी रहेगी। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे धान को सरकारी मानकों के अनुसार उचित नमी सीमा में लाकर बिक्री के लिए प्रस्तुत करें, ताकि फसल की तुरंत खरीद सुनिश्चित की जा सके। उपजिलाधिकारी रविंद्र जुवांठा धान खरीद केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने खरीद प्रक्रिया के मद्देनजर केंद्र का निरीक्षण भी किया।

# जसपुर में पूर्व विधायक ने बनाए 4000 सदस्य

**संवाददाता, जसपुर**

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में भाजपा नेता पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल ने नगर व ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण कर सर्वाधिक सदस्य बनाए। वे अब तक करीब 4000 सदस्य बना चुके हैं। उनका सदस्यता अभियान अभी जारी है। उनका 5000 सदस्य बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने लक्ष्य को पार करेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों में भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनने की बड़ी उत्सुकता है। लोग खुशी के साथ भाजपा के सदस्य बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता रात-दिन अभियान को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। जसपुर तहसील क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को 43 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसे पूरा करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है।



अख्तयार मुल्ला को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराते पूर्व विधायक डॉ. सिंघल।

### भाजपा की सदस्यता ली

**जसपुर** : ग्राम रामनगर वन के अख्त्यार मुल्ला ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। उन्हें भाजपा नेता पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।

**चेक बाउंस का आरोप लगाया : बाजपुर** : एसएफ इंडिया एक्सपोर्ट फर्म के मालिक पंडित नगला बाइपास रोड थाना कटघर, मुरादाबाद निवासी फरमान अली ने कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस को बताया कि वह हैंडीक्राफ्ट व आर्टिकल बनाने का काम करता है। उसने बाजपुर निवासी एक व्यापारी को 4 लाख 31 हजार 200 रुपये का माल (कुर्सियां) आर्डर पर भेजा था जिसमें आरोपी ने 15 दिन में भुगतान करने की बात कही थी, लेकिन आरोपी ने अभी तक भुगतान नहीं किया है। 7 सितंबर 2023 को एक चेक दिया था, लेकिन खाते में पैसे न होने के कारण बाउंस हो गया।

## वर्ग पहेली-224

**बाएं से दाएं**

3. मानव के छह विकार
5. एक साथ रखना, लगाव या संपर्क स्थापन।
6. दृढ़ किया हुआ।
8. 1. वृक्ष की रेशेदार जड़ 2. कमल की जड़, भसींड 3. लता 4. कलगी, शिखा 5. हल्दी 6. नदी।
9. 1. आवेश, उत्साह, जोश, गरमजोशी 2. तेज़ी; वेग।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सरपट आदि से छाकर बनाया गया स्थान 2. मंडप, शामियाना 3. किसी मंडप के अंदर होने वाला तमाशा या खेल।
2. 1. ढीला कराना 2. बंधन से छुड़ाना।
4. 1. कर्मकांड आदि जानने वाला व्यक्ति जो अपने यजमान के यहां मुंडन करता है
5. 1. उत्पन्न, दूसरे के साथ उत्पन्न 2. युक्त, सहित, संपन्न 3. योग्य, उपयुक्त 4. सदृश, समान, बराबर।
7. 1. प्यारा 2. हमदर्द 3. अनुग्रहकर्ता।



### वर्ग पहेली -223 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ने | ग | 2 चा | र | | |
| | | ट | | 3 मां | |
| | | का | | ड | |
| | 4 भा | र | 5 जी | वी | |
| | रि | | वा | | 6 पा |
| | त | | था | | व |
| | | 7 बी | र | बा | नी |

## सुडोकू -137

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | 9 | | 3 | | |
| 6 | 3 | | 2 | 5 | | | 4 | |
| 5 | | | | | 8 | | | |
| | 9 | | | | 3 | 5 | | |
| 8 | 7 | | 5 | | 9 | | 2 | 6 |
| | | 1 | 8 | | | | 7 | |
| | | | 4 | | | | | 7 |
| | 6 | | | 1 | 5 | | 9 | 8 |
| | | 2 | | 6 | 7 | | | |

### सुडोकू - 136 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 7 | 5 | 3 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 |
| 6 | 2 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 2 | 6 | 4 | 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 3 |
| 5 | 8 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 2 | 1 |
| 7 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 6 | 8 | 9 | 4 |
| 9 | 5 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 | 2 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 अक्टूबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 16.55 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**मेष** – आज पेपर वर्क को लेकर सावधानी रखनी चाहिए। आर्थिक मामलों को लेकर परेशानी होगी। शोध संबंधी कार्यों में बाधा उत्पन्न हो सकती है। सड़क पर ट्रैफिक नियमों का सावधानी से पालन करें आर्थिक दंड भुगतना पड़ सकता है।

**वृष** – आज आपके मन में नए व्यापारिक आइडियाज आ सकते हैं। विश्वासघाती मित्रों की पहचान हो सकती है। नौकरी में आपको उच्च पद मिल सकता है। धर्म-कर्म के प्रति आपका मन लगेगा। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। अपने गुरु के प्रति निष्ठा भाव रखें।

**मिथुन** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। संतान की नौकरी संबंधी परेशानी का समाधान होगा। नव विवाहितों का विवाह तय हो सकता है। योजनाओं को अच्छी तरह से कार्यान्वित कर पाएंगे।

**कर्क** – आज बड़े सरकारी ऑर्डर आपको मिलने की संभावना है। विवादित मुद्दों का कूटनीतिक समाधान मिलेगा। घर का माहौल अच्छा रहेगा। अधिकारी आपके तर्कों से प्रभावित होंगे। पेट में वायु विकार उत्पन्न हो सकते हैं।

**सिंह** – आज दुष्ट लोगों की संगत से बचें। प्रियजनों से विवाद करने से बचें। कार्यक्षेत्र में अपनी कार्यशैली को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बच्चों की पढ़ाई में ज्यादा ध्यान देना होगा।

**कन्या** – आज परिवार को लेकर आ रही समस्या दूर होगी। नई योजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। धैर्यपूर्वक आपको काम करना चाहिए। दैनिक दिनचर्या व्यवस्थित और अनुशासित रहेगी। व्यापार में बिक्री बढ़ने की संभावना है।

**तुला** – आज ऑफिस में आपका अपमान हो सकता है। स्वास्थ्य खराब हो तो मेडिकल चेकअप अवश्य कराएं। आपकी कोई योजना उजागर हो सकती है। अपनी उपलब्धियों को लोगों से साझा न करें। बातचीत और कौशल का परिचय देंगे।

**वृश्चिक** – आज धन को बचाने का प्रयास करेंगे। जीवन में आ रहे बदलावों को स्वीकारें। पति-पत्नी के बीच सहयोगात्मक और प्रेम व्यवहार बढ़ेगा। आपकी सफलताओं की सर्वत्र चर्चा होगी। धन-समृद्धि में वृद्धि होगी। लंबे समय से चला आ रहा तनाव दूर होगा।

**धनु** – आज योग और प्राणायाम को अपनी दिनचर्या को हिस्सा बना लें। आपकी प्रबंधन क्षमता की प्रशंसा होगी। शेयर मार्केट में अंधाधुंध निवेश न करें। आलस्य आपके ऊपर हावी हो सकता है। गलतफहमी के कारण संबंधों में कटुता आ सकती है।

**मकर** – आज व्यवसाय में नया प्रयोग लाभकारी सिद्ध होगा। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। अच्छी संगत के कारण आपके कार्य आसानी से बन जाएंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। ज्ञानवर्धक साहित्य का अध्ययन और चिंतन करेंगे।

**कुंभ** – आज नई स्किल्स सीखने के लिए बहुत अच्छा समय है। दिल की अपेक्षा दिमाग से निर्णय लें। गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। आपको कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकार प्राप्त हो सकते हैं। अभिमान से आपको दूर रहना चाहिए।

**मीन** – आज मार्केटिंग संबंधी व्यवसाय में उच्च लाभ होने की संभावना है। बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग करेंगे। अधिकारों के साथ उत्तरदायित्व में वृद्धि होगी। कर्मचारियों के साथ विवाद की स्थिति दूर होगी। घरेलू समस्याओं का समाधान होगा।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 16.20 तक तत्पश्चात अश्विनी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
प्लेटफॉर्म – सुबह : 09.40
गॉड तुस्सी ग्रेट हो – रात : 07.24

**&pictures**
सिंबा – सुबह : 10.59
कोई... मिल गया – रात : 07.30

**Sony Pix**
एज ऑफ टूमारो – सुबह : 11.27
जर्नी 2 – रात : 09.00

**Zee Cinema**
शिवम – सुबह : 09.30
भीमा – रात : 08.00

**Zee Action**
थानेदार – सुबह : 10.58
द हीरो – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

देवर- आप बहुत सुंदर हो।
भाभी- देवर जी क्या कर रहे हो?
देवर- पढ़ रहा हूं भाभी
भाभी- बहुत अच्छे, क्या पढ़ रहे हो?
देवर- आपकी होने वाली देवरानी के मैसेज...
देवर की बात सुनकर भाभी हुईं हैरान!

डॉक्टर- आपके तीन दांत कैसे टूट गए?
मरीज- पत्नी ने कड़क रोटी बनाई थी।
डॉक्टर- तो खाने से इंकार कर देते
मरीज- जी, वही तो किया था।

## सार-संक्षेप



छात्रों के समिति के जिला समन्वयक अनिल चौधरी व अन्य।

### सामाजिक संस्था ने स्कूली बच्चों को बांटे कपड़े

**बनबसा :** हंस फाउंडेशन की संस्थापक माता मंगला के जन्मदिवस पर जिये पहाड़ ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेलबंदगोठ के छात्रों को कपडे.वितरित किए। बुधवार को विद्यालय में समिति के जिला समन्वयक अनिल चौधरी पिंकी ने कार्यक्रम आयोजित कर प्राथमिक विद्यालय के छात्रों को कपड़े वितरित किए। छात्रों ने माता मंगला का जन्मदिवस केक काटकर धूमधाम से मनाया। समिति के जिला समन्वयक अनिल चौधरी ने बताया कि हंस फाउंडेशन द्वारा चम्पावत जिले में एंबुलेंस, डायलिसिस सेन्टर आदि कार्य भी किए गए हैं। कार्यक्रम में कपिल भार्गव भजन गायक बनबसा, ईशु अग्रवाल, हिमांशु पाण्डेय, ध्रुवेंद्र सिंह चौहान, सौरभ कापड़ी, नवीन पाण्डेय, दरबान सिंह मेहरा आदि उपस्थित रहे।



रानीखेत में नृत्य प्रतियोगिता में विजेता छात्र अतिथियों के साथ।

### समूह नृत्य में पाया तृतीय स्थान

**रानीखेत, अमृत विचार :** पीएमश्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज द्वाराहाट में संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रसिद्ध बाल साहित्यकार रमेश पंत तिवारी रहे। प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंवाली की छात्राओं ने समूह नृत्य में खंड स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाध्यापिका सुमन नेगी के निर्देशन एवं सहायक अध्यापक पूजा भंडारी के मार्गदर्शन में बच्चों द्वारा कार्यक्रम की तैयारी की गई। खंड स्तर पर विद्यालय की दल शिक्षिका वाणीश्री जोशी रही।

### बागेश्वर नगर पालिका को मिले दो नये कूड़ा वाहन

**बागेश्वर :** नगर पालिका को दो नये कूड़ा वाहन मिल गए हैं। कूड़ा संग्रहण वाहनों को जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद को स्वच्छ बनाए रखना प्रत्येक का कर्तव्य है। नगर पालिका के पर्यावरण मित्रों की काफी भूमिका है तथा वे वर्षों से नगर को स्वच्छ रखते आए हैं। कहा कि नगर पालिका को कूड़ा वाहन मिलने से अब कूड़ा निस्तारण के कार्यों में और गति मिल सकेगी। उन्होंने जनता से नगर को साफ स्वच्छ रखने में सहयोग की अपील की। उपजिलाधिकारी व नपा की प्रशासक मोनिका ने बताया कि नगर पालिका के पास अब सात कूड़ा वाहन हो गए हैं जिसका लाभ जनता को मिलेगा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, ईओ हयात सिंह परिहार आदि मौजूद थे।

# बैक परीक्षा के दौरान जुलूस निकालने पर दिया नोटिस

## नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी

**सख्ती**

- परीक्षाओं के बीच एक छात्र संगठन ने निकाला था जुलूस
- तीन दिन के भीतर नोटिस का जवाब न देने पर होगी कार्रवाई




"परिसर में इन दिनों बैक परीक्षा चल रही है। ऐसे में परीक्षा के बीच रैली निकाल नियमों का उल्लंघन किया गया। संबंधित छात्र संगठन को नोटिस जारी किया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
-डॉ. दीपक, प्रॉक्टर, एसएसजे परिसर।

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सोबन सिंह जीना परिसर में बैक परीक्षाओं के बीच जुलूस निकालने पर एक छात्र संगठन को नोटिस जारी किया गया है। परिसर प्रशासन ने तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण नहीं देने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित होने के बाद चुनाव प्रचार तेज हो गया है। बीते मंगलवार को परिसर में परीक्षाओं के बीच एक छात्र संगठन ने अपने समर्थकों के साथ परिसर में जुलूस निकाल जमकर नारेबाजी की। परीक्षा के समय जुलूस निकालने पर प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और छात्र-छात्राओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन छात्रों ने प्रशासन की एक ना सुनी।

नियमों का उल्लंघन करने पर परिसर प्रशासन की ओर से संबंधित छात्र संगठन को नोटिस भी जारी किया गया है। तीन दिन के भीतर छात्र गुट से स्पष्टीकरण भी मांगा है। स्पष्टीकरण नहीं देने पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी है। प्रशासन का कहना है कि बार-बार समझाने के बाद भी छात्र नहीं माने और नियमों का उल्लंघन करते रहे। वहीं, छात्र संगठन का कहना है कि परिसर में उनकी ओर से शांतिपूर्वक जुलूस निकाला गया था। वाद्य यत्र आदि परिसर से बाहर ही रख दिए गए थे।

### बाइक सवार राहगीर से टकराया, दोनों घायल

**टनकपुर :** टनकपुर-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग में एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर राहगीर से जा टकराया।

हादसे में बाइक सवार सहित दोनों घायल हो गए। घायलों को टनकपुर के उप जिला चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया जाता है कि बुधवार सुबह बनबसा से टनकपुर को आ रहा बाइक सवार घसियारामंडी, वार्ड नं 9 निवासी 24 वर्षीय राजा वाल्मिकी बिचई के पास अनियंत्रित होकर बनबसा को पैदल जा रहे मनिहारगोठ निवासी 38 वर्षीय विनोद कुमार से जा टकराया। हादसे में दोनों बुरी तरह से घायल हो गए। वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को उपजिला अस्पताल पहुंचाया। डॉ. मानवेंद्र शुक्ला ने बताया कि दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है।

# बेस में डायलिसिस मशीनें बढ़ाने की मांग



अल्मोड़ा में महिला कल्याण संस्था की सदस्यों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा।

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** नगर की समस्याओं के निराकरण को लेकर महिला कल्याण संस्था ने मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को संस्था से जुड़ी महिलाओं ने डीएम के जरिये मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

उन्होंने पूरे उत्तराखंड में बंदरों और कुत्तों का बधियाकरण अभियान चलाने, बेस अस्पताल में डायलिसिस के लिए मशीनें बढ़ाने आदि मांग उठाई। ज्ञापन में कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में दिनों दिन कटखनों बंदरों की संख्या बढ़ती जा रही है। वहीं, इसके आतंक से लोग परेशान हैं। मेडिकल कॉलेज के अधीन बेस अस्पताल में बढ़ती मरीजों की संख्या को देखते हुए डायलिसिस मशीनें बढ़ाने की मांग उठाई। ज्ञापन सौंपने वालों में संस्था की अध्यक्ष रीता दुर्गापाल, सचिव पुष्पा सती, दीपा जोशी, रेखा चौहान, अंजू अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

# डीएम ने वैप्कास के अफसरों को फटकारा

- सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दिए तेजी से कार्य करने के निर्देश

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने सड़क सुरक्षा के उपाय न करने पर सड़कों की कार्यदायी संस्था वैप्कास को कड़ी फटकार लगाई। कहा कि अधिकारी जनता की सुरक्षा पर ध्यान दें।

साथ ही गुणवत्ता के साथ कार्य समय पर पूरा करें। सड़क सुरक्षा समिति व आपदा निर्माण कार्यों को लेकर बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा के मानकों का पालन करने को कहा। पूर्व में जिन स्थानों में शिकायतें थी उन सड़कों में सुरक्षा संबंधी किए गए कार्यों की फोटो प्रस्तुत करने को कहा। कहा कि जिन सड़कों में वर्षाकाल में गड्ढे बने हुए हैं उन सड़कों को शीघ्र गड्ढामुक्त किया जाए। कपकोट वैप्कास के अभियंता द्वारा दूरस्थ क्षेत्रों में संचालित सड़कों व पुलों के मरम्मत कार्यों के फोटोग्राफ उपलब्ध न कराने व सवालों का संतोषजनक जवाब न देने पर डीएम ने कड़ी फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने बैठक में तैयारी के साथ पहुंचने व मरम्मत कार्यों की फोटोग्राफ उपलब्ध कराने की सख्त हिदायत दी। डीएम ने आपदा कार्यों के लिए विभागों को एक सप्ताह में सभी आंगणन रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम एनएस नबियाल, एसडीएम सदर मोनिका, कपकोट अनुराग आर्या, गरुड़ जितेंद्र वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी रहे।

### रानीखेत डिग्री कालेज में रोजगार मेले का आयोजन

**रानीखेत:** स्व.जयदत्त वैला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत की करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय अल्मोड़ा के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

मेले में 14 औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. पुष्पेश पाण्डेय, क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी आरके पंत, प्रो. पीएन तिवारी, डॉ. दीपा पाण्डेय ने किया। संचालन करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. बृजेश कुमार जोशी ने किया। प्राचार्य प्रो. पुष्पेश पाण्डेय ने कहा कि यह रोजगार मेला क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्राप्त करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने सभी का आभार जताया।

# अल्मोड़ा बाजार में करवाचौथ की रौनक, लोगों ने की खरीदारी

- महिलाओं की भीड़ से बाजार में रही रौनक
- रविवार को मनाया जाएगा करवाचौथ का पर्व



अल्मोड़ा बाजार की एक दुकान से करवाचौथ पर्व के लिए सामग्री लेतीं महिलाएं।

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** करवाचौथ के लिए अल्मोड़ा बाजार सज गया है। बुधवार को व्रत को लेकर बाजार में महिलाओं की खूब चहल पहल रही। इस दौरान महिलाओं और युवतियों ने जमकर खरीददारी की।

महिलाओं ने कुश, करवा, कथा किताब, पोस्टर, मेहंदी, छन्नी, मिट्टी के दीये आदि की खरीदारी की। रविवार को जिले भर में करवाचौथ का त्योहार मनाया जाएगा। करवा चौथ पर सुहागिनें सोलह श्रृंगार कर निर्जला व्रत रखती हैं। नगर की बाजार करवा चौथ की पूजन सामग्री और श्रृंगार सामग्री से सज गया है। नगर के बाटा चौक, लोहाशेर, चौक बाजार, कारखाना बाजार आदि जगहों पर खरीदारी करते हुए महिलाओं की खूब भीड़ दिखाई दी। बाजार गुलजार होने से व्यापारियों के चेहरे पर रौनक लौट आई है। कपड़ों और सराफा को दुकानों पर खरीदारी को महिलाओं की भीड़ जुट रही है।

**पर्व पर महंगाई की मार**

करवा चौथ पर सुहागिनों के सजने-संवरने पर महंगाई की मार है। बीते वर्ष के मुकाबले इस बार श्रंगार और व्रत संबंधित सामान 25 फीसदी तक महंगा हो गया है। महंगाई के बावजूद पति की दीर्घायु के लिए होने वाले इस पर्व को लेकर सुहागिन महिलाओं में उत्साह की कमी नहीं है।

# श्रीराम का हुआ राज्याभिषेक

- कलाकारों को सम्मानित करने के साथ रामलीला का हुआ समापन
- ज्ञानखेड़ा में रावण वध के बाद हुआ राज्याभिषेक का मंचन

संवाददाता, टनकपुर



टनकपुर के ज्ञानखेड़ा में प्रभु राम के राज्याभिषेक का दृश्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तरांचल रामलीला कमेटी ज्ञानखेड़ा के तत्वावधान में यहां पंचायत भवन में चल रहे रामलीला मंचन का रावण वध के बाद प्रभु राम के राज्याभिषेक का मंचन हुआ।

आरती, प्रसाद वितरण व कलाकारों को सम्मानित के साथ रामलीला का समापन हो गया। वहीं बुधवार को प्रसाद वितरण और कलाकारों को समिति द्वारा सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष अंबादत पंत ने रामलीला में सहयोग के लिए सभी का आभार जताया। इस मौके पर उदय सिंह, प्रकाश जोशी, भरत मोनी, दिनेश जोशी, तपन गडकोटी, मुकेश जोशी, राजेंद्र जोशी, श्याम सिंह बिष्ट, चंद्रशेखर गहतोड़ी, राजेंद्र अधिकारी, अमर सिंह अधिकारी, अमन रावत, राहुल चन्द ,रितेश चन्द, किशोर बगोली, हरिओम सेठी, सुमित बोहरा, प्रदीप बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# कार्यशाला में किसानों को दी सतत खेती की जानकारी

- कार्यशाला में आधुनिक कृषि तकनीकों के महत्व की दी जानकारी

रानीखेत, संवाददाता

**अमृत विचार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत में हाइड्रोपोनिक्स और सॉयललेस खेती पर कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में सतत कृषि को आगे बढ़ाने के प्रयास आदि को लेकर जानकारी दी गई।

इस मौके पर डॉ. भारत पांडे ने कहा कि यह कार्यशाला हमारे समुदाय को सतत खेती की तकनीकों के बारे में जागरूक कर उसे मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। हाइड्रोपोनिक्स और सॉयललेस खेती की तकनीकों से हम सीमित कृषि योग्य भूमि और जल की समस्या का समाधान खोज रहे हैं। डॉ. सुमित पुरोहित ने हाइड्रोपोनिक्स का एक व्यापक अवलोकन प्रस्तुत किया।

जिसमें बताया कि यह पानी की खपत को कैसे कम कर सकता है और बिना मिट्टी के साल भर फसल उगाने में सक्षम बनाता है। यहां डॉ. हेमलता, डॉ. प्राची जोशी, डॉ. प्रसून जोशी, डॉ. तनुजा तिवारी, डॉ. निहारिका, डॉ. प्रतीक शर्मा, डॉ. सीएस पंत आदि रहे।

# बैरती में महिलाओं को मुफ्त दिए एलईडी बल्ब

संवाददाता, बैरती ( अल्मोड़ा)

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस पर यहां पान में गोपाल दत्त शिक्षण समिति द्वारा ग्रीन एनर्जी और सौर उर्जा पर महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसके तहत क्षेत्र की महिलाओं को निशुल्क एलईडी बल्ब बांटे गए। संस्था के क्षेत्रीय संयोजक एडवोकेट अशोक कुमार ने कहा कि संस्था उत्तराखंड में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए काम कर रही है। अधिवक्ता अशोक कुमार ने बताया कि सौर उर्जा एवं एवं एलईडी निर्माण के साथ यहां महिलाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन गोपालदत्त शिक्षण समिति के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी और क्षेत्र पंचायत अधिवक्ता अशोक कुमार ने किया। कार्यक्रम में किरण त्रिपाठी, दयादेवी, मधुली देवी, हेमा देवी, जमुना देवी, तारा पाण्डेय, विमला देवी, चंपा देवी, मुन्नी देवी, ममता रौतेला, कौशल्या देवी, गंगा देवी, इंद्रा देवी, धनुली देवी, दीपा देवी, गंगा देवी, कमला देवी, मंजू त्रिपाठी, गीता देवी, कला देवी, कौशल्या देवी, हेमा देवी, सुमन नेगी, आनंदी देवी, देवकी देवी समेत पान, बैरती, गैड़ा, पिनबगड़, डैंगुणा आदि रहे।



निशुल्क एलईडी बल्बों के साथ मातृशक्ति। ● अमृत विचार



हवालबाग में ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में ऊंची कूद लगाती बालिका। ● अमृत विचार

# 3000 मीटर दौड़ में कमल और रितु नेगी बने विजेता

**खेल**

- हवालबाग में ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू
- मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** हवालबाग में ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आगाज हो गया है। मंगलवार को अलग-अलग आयु वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें ललित, दिया, कमल, रितु ने बाजी मारी।

हवालबाग के खेल मैदान में आयोजित क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बबीता भाकुनी और कनिष्ठ प्रमुख नरेंद्र कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद प्रतियोगिता के अंडर-14 बालक वर्ग की 600 मीटर दौड़ में राइंका डीनापानी के ललित टम्टा, बालिका वर्ग में दिया बिष्ट, अंडर- 17, 1500 और तीन हजार मीटर दौड़ में राइंका हवालबाग के कमल भट्ट और बालिका वर्ग में राइंका हवालबाग की रितु नेगी ने बाजी मारी। सभी प्रतिभागियों को अतिथियों की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. कपिल नयाल, धन सिंह धौनी, भूपाल सिंह चिलवाल, पंकज टम्टा, सुरेश वर्मा, महेश भंडारी, जगदीश गोस्वामी, बेबी जैड़ा, ज्योति भारती, नंदा भाकुनी, राजू महंत, मनीषा तिवारी, हिमांशु तिवारी, जय प्रकाश, संजय डेनियल आदि मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश

# उपचुनाव घोषित होते ही जुटे मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**तैयारी**

- मंत्रियों की भागदौड़ शुरू, चुनाव क्षेत्रों में लगी ड्यूटी
- अलग-अलग मंत्रियों के जिम्मे है, विभिन्न क्षेत्रों की जिम्मेदारी

**अमृत विचार :** उप चुनाव की तारीखें सामने आते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तमाम मंत्री बुधवार से ही अपने-अपने निर्धारित मोर्चों डट जाने को रवाना हो गए। चुनावी यात्रा पर निकलने का यह दिन उन मंत्रियों के लिए इसलिए भी सुलभ रहा जो अब तक नवरात्र में धार्मिक अनुष्ठानों, परंपराओं के अनुपालन में व्यस्त थे। अब घर छोड़कर मतदान तक यात्रा करने में परेशानी नहीं।

हालांकि सत्तासीन दलों के नेताओं में कुछ सवाल उमड़ते-घुमड़ते महसूस होते हैं। यह कि आमजन के मन में आखिर चल क्या रहा है? लोकसभा में निराशाजनक परिणाम के बाद क्या हम विपक्ष के कथित दुष्प्रचार के प्रति बनी धारणा को बदल सके? किस क्षेत्र में क्या गणित बैठने वाली है? बहरहाल, लोस. चुनाव में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली भाजपा ने विधानसभा उप चुनाव के लिए कमर कस ली है। चुनाव प्रचार की कमान खुद मुख्यमंत्री ने अपने हाथ संभाल ली है। भाजपा भी अपने हिस्से की पांच सीटों पर कब्जा बरकरार रखने के साथ ही शेष पांच सीटों को भी जीतने की रणनीति बनाई है। योगी ने सभी सीटों पर मंत्रियों की टीम तैनात कर जीत पक्की करने की जिम्मेदारी दी गई है।

बीते दिनों योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में बैठक हुई थी। जिसमें भाजपा के साथ ही ओम प्रकाश राजभर को छोड़ सभी सहयोगी दलों के मंत्री भी मौजूद रहे। बैठक में उप चुनाव जीतने की रणनीति पर चर्चा हुई। इसके बाद मंत्रियों की टीम का गठन कर सभी को अपनी-अपनी सीटों पर जीत दर्ज करने की जिम्मेदारी दी गई। मंत्रियों की टीम में भाजपा के अलावा सहयोगी दलों के मंत्रियों को भी शामिल किया गया है। कुछ सीटों पर दो तो कुछ एक मंत्री को जिम्मेदारी दी गई है। इनके साथ संगठन के भी पदाधिकारियों को लगा दिया गया है।

दरअसल, उप चुनाव में सभी सीटों पर जीत दर्ज करके भाजपा लोकसभा चुनाव में मिले हार के घाव को भरना चाहती है। इसलिए मंत्रियों को हर हाल में जीत दर्ज करने के अभी से क्षेत्रों में डटे रहने को कहा गया है। वहीं, उप चुनाव की तारीखों की घोषणा होते ही पार्टी में टिकट के लिए भी भागदौड़ शुरू हो गई है। विधायक से सांसद बनने वाले नेता जहां अपने परिवार के किसी सदस्य को टिकट दिलाने में जुटे हैं. तो कई पूर्व सांसद और विधायक भी टिकट के दौड़ में शामिल हैं।

# स्वास्थ्य सेवाएं हुई ध्वस्त मरीज बेहाल: अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवायें ध्वस्त हो गयीं हैं। अस्पतालों में मरीज़ों को ठीक से दवा इलाज नहीं मिल रहा है। राजधानी समेत प्रदेश के कई जिलों में डेंगू मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियां फैली हुई हैं। लखनऊ में कई दर्जन लोग हर दिन डेंगू की चपेट में आ रहे हैं। पिछले एक महीने में लखनऊ में ही एक हजार से ज्यादा लोग डेंगू के शिकार हो चुके हैं।

सपा प्रमुख ने बुधवार को कहा कि मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों से बड़ी संख्या में लोग बीमार और पीड़ित हैं। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल है। शहरों में साफ सफाई का अभाव है, गंदगी की भरमार है। भाजपा सरकार लोगों के स्वास्थ्य को लेकर जरा भी गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि डेंगू के कारण सैकड़ों की संख्या में लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। प्लेटलेट्स और ब्लड की कमी को लेकर मारामारी है।

मरीज और तीमारदार भटक रहे हैं। शासन प्रशासन को पता रहता है कि इस सीजन में संक्रामक बीमारियां और मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है, जिसके कारण डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड बढ़ जाती हैं लेकिन उसके बाद भी सरकार कोई उपाय नहीं करती। फागिंग और दवाओं की उचित व्यवस्था नहीं है।

### बच्ची से दुष्कर्म व हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज, एजेंसी :** जिले के गंगा नगर के सोरांव थाना अंतर्गत एक बच्ची से कथित तौर पर दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने के आरोपी को मंगलवार रात पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) गंगा नगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि पुलिस को 4 अक्टूबर को सूचना मिली कि एक बच्ची का शव खेत में पड़ा है। बच्ची से दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी। उन्होंने बताया कि एक सीसीटीवी फुटेज में एक साइकिल सवार लड़की को ले जाते देखा गया। उसकी पहचान सराय बोगी, थाना सोरांव निवासी मुकेश के रूप में हुई। मंगलवार देर रात सूचना मिली कि आरोपी जुड़ापुर दादू में हाइवे के पास मौजूद है। पुलिस टीम वहां पहुंची तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गया।

| बाजार | संसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,501.36 | 24,971.30 |
| गिरावट | 318.76 | 86.05 |
| प्रतिशत में | 0.39 | 0.34 |

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2460, राज श्री 1790, फ़ॉर्चून कि. 2175, रविन्द्रा 2375, फॉर्चुन ली. 1980, जय जवान 1930, सचिन 2040, सूरज 1955, अवसर 2075, राग गोल्ड 2140, गृहणी ली 2020, क्लासिक (किलो) 2130, मोर 2125, चक्र टिन 2230, ब्लू 2190, आशीर्वाद मस्टर्ड 2280, स्वास्तिक 2430 । किराना–(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000–22000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1150 । चावल–(प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 8500, राजभोग 6950, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 5150, खजाना 5150 । दाल दलहन–मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700–13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7150–7700 मलका दाल 7375–8000, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900,चना काला 8650, दाल चना 9200, लाल हिंदुस्तान 9300, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 12600, मोटा हीरा 14600, अरहर गोला मोटा 11300, अरहर पटका मोटा 11600, अरहर कोरा मोटा 11900, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16000 । चीनी– डालमियां 4160, पीलीभीत 4140, नवाबगंज 4130, बहेड़ी 4140 ।

# दो महीने की गिरावट के बाद निर्यात में मामूली बढ़ोतरी

### 0.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ सितंबंर में पहुंचा 34.58 अरब डॉलर

नई दिल्ली, एजेंसी



- आयात 1.6 प्रतिशत बढ़कर 55.36 अरब डॉलर हुआ
- व्यापार घाटा कम होकर 20.78 अरब डॉलर रह गया

देश के वस्तु निर्यात में दो महीने की गिरावट के बाद सितंबर में मामूली बढ़त दर्ज की गई है। सितंबर में निर्यात 0.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ 34.58 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं व्यापार घाटा कम होकर 20.78 अरब डॉलर रह गया।

बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में आयात 1.6% बढ़कर 55.36 अरब डॉलर हो गया, जो सितंबर, 2023 में 54.49 अरब डॉलर था। समीक्षाधीन महीने में व्यापार घाटा (आयात तथा निर्यात के बीच का अंतर) 20.8 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। अगस्त में यह 10 महीने के उच्चतम स्तर 29.65 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंचा था। भारत के वस्तु निर्यात में अगस्त माह में सालाना आधार पर 9.3% और जुलाई में 1.2% की गिरावट आई थी। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में निर्यात 1% बढ़कर 213.22 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 6.16% बढ़कर 350.66 अरब डॉलर रहा। वित्त वर्ष की पहली छमाही में व्यापार घाटा 137.44 अरब डॉलर रहा।

### वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद हुई वृद्धि

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने बताया कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद सितंबर और इस वित्त वर्ष के पहले छह महीने में निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई है। निर्यात को बढ़ावा देने वाले महत्वपूर्ण कारकों में इंजीनियरिंग, रसायन, प्लास्टिक, औषधि, तैयार (रेडिमेड) वस्त्र और इलेक्ट्रॉनिक शामिल हैं। बर्थवाल ने कहा कि वैश्विक कठिनाइयों के बावजूद हमने अच्छा प्रदर्शन किया है। सोने का आयात सितंबर में बढ़कर 4.39 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले साल यह 4.11 अरब डॉलर था।

# बुलिश पैटर्न : निवेशकों के लिए अवसरों की पहचान

बुलिश पैटर्न तकनीकी विश्लेषण का मुख्य उपकरण है, जो निवेशकों को यह संकेत देता है कि किसी संपत्ति की कीमत बढ़ने की संभावना है। ये पैटर्न विभिन्न कैंडलस्टिक फॉर्मेशंस जैसे हैमर, डोजी, गैप अप, और सपोर्ट बाउंस के रूप में सामने आते हैं। सही तरीके से पहचानने पर, ये निवेश के अवसर प्रदान कर सकते हैं। हालांकि, इनसे जुड़े जोखिमों को समझना भी जरूरी है, ताकि निवेशक अपनी रणनीतियों को मजबूत कर सकें और संभावित नुकसान से बच सकें। तकनीकी संकेतों के साथ सतर्क रहकर, निवेशक बेहतर निर्णय ले सकते हैं। आइये इसके बारे में जाने...




### बुलिश पैटर्न के प्रकार

- **हैमर :** यह पैटर्न तब बनता है जब कैंडल का निचला हिस्सा लंबा और ऊपर का छोटा होता है, यह संकेत है कि कीमत गिरने के बाद बढ़ने का प्रयास कर रही है।
- **डोजी :** जब कैंडल का खुलना और बंद होना समान होता है, तो यह अनिश्चितता दर्शाता है, यदि यह किसी डाउनट्रेंड के बाद बनता है, तो यह उलटाव का संकेत है।
- **गैप अप :** जब कीमत पिछले दिन के उच्च स्तर से ऊपर खुलती है, तो यह एक बुलिश संकेत है।
- **सपोर्ट लेवल पर बाउंस :** जब कीमत एक निश्चित स्तर पर गिरने के बाद फिर से ऊपर उठती है, तो यह एक बुलिश संकेत हो सकता है।

### इसे कैसे देखें

- **विश्लेषण :** तकनीकी चार्ट्स पर विभिन्न कैंडलस्टिक पैटर्न्स और अन्य संकेतकों का उपयोग करें।
- **वॉल्यूम :** यदि पैटर्न के साथ वॉल्यूम बढ़ता है, तो यह संकेत है कि बाजार में विश्वास है।
- **समर्थन–प्रतिरोध स्तर :** इन स्तरों का ध्यान रखें, क्योंकि कीमतें अक्सर इन स्तरों के आसपास बदलती हैं।

### निवेशकों को लाभ

- **संभावित अवसर :** बुलिश पैटर्न दिखाता है कि कीमतें बढ़ने की संभावना है, जिससे निवेशक लाभ कमा सकते हैं।
- **योजना बनाने में मदद :** निवेशक यह जान सकते हैं कि कब खरीदारी करनी है या स्टॉक से बाहर निकलना है।
- **भावनात्मक निर्णय से बचाव :** तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से सूचित निर्णय लेने में मदद मिलती है।

### जोखिम

**फॉल्स ब्रेकआउट :** बुलिश पैटर्न कभी–कभी गलत संकेत दे सकते हैं, जिससे निवेशक नुकसान उठा सकते हैं।

**आर्थिक बदलाव :** वैश्विक स्थिति या राजनीतिक घटनाएं बाजार को प्रभावित करती हैं, जिससे ये विफल हो सकता है।

## हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती– 5300
मसूरी– 5100 बासमती– 9200
परमल– 4100 दाल दलहन : काला चना– 8500 साबुत चना दाल– 9300
मूंग साबुत– 10500 राजमा– 13300–16600 दाल उड़द– 10800
साबुत मसूर दाल– 9100 मसूर दाल– 8800 उड़द साबुत– 10400 काबुली चना– 12100–15600 अरहर दाल– 14700 लोबिया/करमानी– 8400
सोयाबीन– 5100 मूंगफली– 11700
मटर (सूखी)– 5700 मक्का– 3700

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 78500 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 77500 |
| सिल्वर ( पक्की) | 924 (अनुमानित) |

# निर्यात प्रतिस्पर्धा सब्सिडी से नहीं आएगी, गुणवत्ता पर दें ध्यान

नई दिल्ली, एजेंसी



- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग जगत से कहा

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को उद्योग जगत से कहा कि वह वैश्विक बाजारों का दोहन करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद पर ध्यान केंद्रित करें, क्योंकि निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता सरकारी सब्सिडी या समर्थन से नहीं आएगी।

उन्होंने कहा कि सरकार उद्योग जगत को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के विनिर्माण के लिए प्रेरित करने का प्रयास कर रही है, क्योंकि उद्योग जगत को यह स्वीकार कराना एक कठिन काम है कि उन्हें गुणवत्ता वाला सामान बनाना चाहिए। मंत्री ने कहा कि अगर हम आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, तो यह तभी हो सकता है जब भारत आत्मविश्वासी होगा और यह आत्मविश्वास तभी आएगा जब हम सभी यह तय करेंगे कि गुणवत्ता हमारा काम नहीं, बल्कि कर्तव्य है।

# अमेरिकी चुनाव तक अडाणी ग्रीन ने 1.2 अरब डॉलर की बॉन्ड बिक्री रोका

- स्वच्छ-ऊर्जा कारोबार से जुड़ी इकाइयां 20 वर्ष की अवधि वाले बॉन्ड करने वाली थीं पेश

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की कंपनी अडाणी ग्रीन ने बाजार की स्थिति को देखते हुए 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर के बॉन्ड की पेशकश को अमेरिकी चुनावों तक रोक दिया है। अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की स्वच्छ-ऊर्जा कारोबार से जुड़ी इकाइयां मंगलवार को 20 वर्ष की अवधि वाले हरित बॉन्ड पेश करने वाली थीं। सूत्रों ने कहा कि अडाणी ग्रीन ने आईजी-रेटिंग वाले हाइब्रिड आरजी बॉन्ड पेश किए लेकिन सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद इसे अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों के बाद तक टाल दिया। कंपनी ने बॉन्ड से बेहतर मूल्य निर्धारण और समग्र परिणाम हासिल करने के लिए इसे चुनावों तक टालने का फैसला किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों से जुड़े कुछ अनिश्चित घटनाक्रमों को देखते हुए डॉलर बॉन्ड को टाल दिया गया है।

# 6जी से संबंधित नियम सभी के लिए सुनिश्चित करें : सिंधिया

नई दिल्ली, एजेंसी



- इंडिया मोबाइल कांग्रेस में अंतर्राष्ट्रीय 6जी संगोष्ठी को संचार मंत्री ने किया संबोधित, बोले-भारत के पास जबरदस्त अवसर

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि 6जी से संबंधित मानकों तथा नियमों से सभी के लिए समावेशिता और सामर्थ्य सुनिश्चित होना चाहिए। इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) में अंतर्राष्ट्रीय 6जी संगोष्ठी में सिंधिया ने कहा कि चूंकि 6जी के लिए मानक तय किए जा रहे हैं, इसलिए प्रौद्योगिकी तथा इंजीनियरिंग की क्षमताओं को देखते हुए भारत के पास जबरदस्त अवसर हैं।

मंत्री ने कहा कि हमारे 6जी मानक जो अभूतपूर्व गति, कम विलंबता और परिवर्तनकारी अनुप्रयोगों की विशेषता रखते हैं सभी के लिए समावेशी, सुलभ व किफायती होने चाहिए और केवल तभी यह समग्र मानवता के वास्तविक मूल्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। सिंधिया ने 6जी अवसर का लाभ उठाने वाले प्रत्येक नागरिक के लिए साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि जैसा कि हम विनियामक वातावरण तैयार करते हैं, भारत के पास विनियमनों के निर्माण में योगदान देने की जबरदस्त क्षमता है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### मुंबई में बहुमंजिला इमारत में आग लगने से तीन की मौत

**मुंबई।** मुंबई के लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स में 14 मंजिला आवासीय इमारत में बुधवार सुबह आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। नगर निकाय के अधिकारी ने बताया कि आग सुबह आठ बजे अंधेरी इलाके में लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स के फोर्थ क्रॉस रोड पर स्थित रिया पैलेस बिल्डिंग की 10वीं मंजिल पर फ्लैट में लगी। आग से घायल तीन लोगों को कूपर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत लाया हुआ घोषित कर दिया।

### शिमला में कार गहरी खाई में गिरी, तीन की मौत

**शिमला।** शिमला में बुधवार को कार के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों में परीक्षित भारती, विनोद और मुकेश है। यह दुर्घटना चौपाल में सराहन–पुलबहाल लिंक रोड पर रात दो बजे हुई। चालक के वाहन पर से नियंत्रण खो देने से वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा। पुलिस ने बताया कि कार सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कुछ स्थानीय लोगों ने सुबह शव देखे और पुलिस को सूचना दी। शिमला के एसपी संजीव कुमार गांधी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### महिला से 68 लाख की ठगी में चार पर मुकदमा

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** नवी मुंबई में पुलिस ने मुंबई की महिला इंटीरियर डिजाइनर को जमीन बेचने की आड़ में उससे 68 लाख से अधिक की ठगी के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि नेरुल पुलिस थाने में सोमवार को इस संबंध में मामला दर्ज किया गया। चार में से एक आरोपी की पहले ही मौत हो चुकी है।

### आदिवासी की बेल्ट से पिटाई में चार पर मुकदमा

**छतरपुर।** मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में आदिवासी व्यक्ति की बेल्ट से पिटाई करने के लिए चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। छतरपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि चार लोगों ने पुरानी रंजिश के कारण टपरियां गांव के रहने वाले व्यक्ति की मंगलवार को पिटाई की। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया और जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वीडियो में व्यक्ति को बेल्ट से पीटते हुए देखा जा सकता है।

# युवाओं को परंपराओं से जोड़ता है संगीत

### नाटक अकादमी के अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव में प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय संस्कृति को किया रेखांकित

नई दिल्ली, एजेंसी



- संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने किया छह दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन
- मंत्रालय के पहले महोत्सव का उद्देश्य नृत्य शैलियों की विविधता का जश्न

संगीत नाटक अकादमी ने भारतीय नृत्य पर बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव आयोजित किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महोत्सव के लिए एक विशेष संदेश साझा किया और भारतीय संस्कृति में नृत्य के महत्व रेखांकित करते हुए कहा कि यह युवा पीढ़ी को राष्ट्र की परंपराओं से जोड़ने में अहम भूमिका निभाता है।

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने छह दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन किया। यह मंत्रालय का भारतीय नृत्य पर पहला अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव है, जिसका उद्देश्य भारतीय नृत्य शैलियों की विविधता और समृद्धि का जश्न मनाया तथा उनका अन्वेषण करना है। उन्होंने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य कला में स्थायी करियर पर चर्चा को बढ़ावा देना और भारतीय नृत्य के लिए संस्थागत समर्थन को प्रोत्साहित करना है, जिससे सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मंच बने। संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव उमा नंदुरी, डॉ पद्मा सुब्रह्मण्यम पद्म विभूषण, डॉ सोनल मानसिंह पद्म विभूषण पद्म भूषण, संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष डॉ संध्या पुरेचा सहित विश्व भर के कलाकार और गणमान्य उपस्थित रहे। गौरतलब है कि संगीत नाटक अकादमी देश की राष्ट्रीय संगीत, नृत्य और नाटक की अकादमी पहली राष्ट्रीय अकादमी है। इसे 31 मई 1952 को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के एक प्रस्ताव द्वारा स्थापति किया गया था।

### मोदी बने भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य बने और साथ ही उन्होंने पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत भी की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर खुद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने के हमारे प्रयास को गति प्रदान करना! भाजपा के एक कार्यकर्ता के रूप में पहला सक्रिय सदस्य बनने और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत करने पर गर्व है। मोदी ने कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान एक ऐसा आंदोलन है जो जमीनी स्तर पर भाजपा को और मजबूत करेगा तथा राष्ट्रीय प्रगति के लिए कार्यकर्ताओं का प्रभावी योगदान सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का सक्रिय सदस्य होने के लिए एक कार्यकर्ता को एक बूथ या विधानसभा सीट पर 50 सदस्यों को पंजीकृत करना होता है। ऐसे कार्यकर्ता मंडल समिति और उससे ऊपर के पदों के लिए चुनाव लड़ने के पात्र होंगे।

# बंगाल में युवती का शव मिला, दुष्कर्म के बाद की गई थी हत्या

**कृष्णानगर (प. बंगाल)।** पश्चिम बंगाल में नदिया जिले के कृष्णानगर में बुधवार को एक युवती का शव मिला। पुलिस ने बताया कि युवती से कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया था। पुलिस ने बताया कि अज्ञात युवती का शव आश्रमपुरा इलाके में एसपी कार्यालय के पास मिला। युवती का चेहरा आंशिक रूप से झुलसा हुआ है। इस घटना से इलाके में तनाव है और कांग्रेस और माकपा ने कोतवाली पुलिस थाने के सामने विरोध प्रदर्शन किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय एम कुमार मकवाना ने बताया कि पुलिस ने कृष्णानगर में युवती का शव मिला है, जिसकी उम्र 20-22 साल है। अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मदरसे बंद करने के लिए कभी नहीं कहा : एनसीपीसीआर

नई दिल्ली, एजेंसी

- आयोग ने की थी संस्थानों को सरकार से मिलने वाली धनराशि पर रोक लगाने की सिफारिश
- प्रियांक कानूनगो ने कहा- मुस्लिम बच्चों को औपचारिक शिक्षा मिलनी चाहिए

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने कहा कि उन्होंने मदरसों को बंद करने के लिए कभी नहीं कहा बल्कि उन्होंने इन को सरकार से मिलने वाली धनराशि पर रोक की सिफारिश की क्योंकि ये गरीब मुस्लिम बच्चों को शिक्षा से वंचित कर रहे हैं। कानूनगो ने कहा कि गरीब बच्चों पर अक्सर धर्मनिरपेक्ष शिक्षा के बजाय धार्मिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए दबाव डाला जाता है।

उन्होंने कहा कि वह सभी बच्चों के लिए शिक्षा के समान अवसरों की वकालत करते हैं। एनसीपीसीआर ने हालिया रिपोर्ट में मदरसों की कार्यप्रणाली पर चिंता जताई थी तथा सरकार से मिलने वाली राशि तब तक रोकने का आह्वान किया था जब तक वे शिक्षा के अधिकार का अनुपालन नहीं करते। इस पर कई नेताओं की तीखी प्रतिक्रिया दी थी। कानूनगो ने मदरसों की कार्यप्रणाली व्यक्त करते हुए कुछ समूहों की आलोचना की जो गरीब मुस्लिमों के सशक्तीकरण से डरते हैं।

# बंगाल सरकार कर्तव्य निभाने में विफल : बोस

## आरजी कर मामला

- राज्यपाल बोले- आरजी कर गतिरोध में राजभवन का हस्तक्षेप संवैधानिक

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने बुधवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार नागरिकों के जीवन और संपत्ति की रक्षा करने के मूल कर्तव्यों को निभाने में विफल रही है। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन आरजी कर अस्पताल में हुई घटना को लेकर पैदा हुए गतिरोध में संविधान के प्रावधानों के तहत पहले से ही हस्तक्षेप कर रहा है।

बोस ने कहा कि मामले में पुलिस अधिकारी और वरिष्ठ डॉक्टर की गिरफ्तारी एक बार फिर विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त संस्थागत अपराध की ओर इशारा करती है। बोस ने कहा कि नागरिकों के जीवन और संपत्ति की रक्षा करना राज्य सरकार, खासकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कर्तव्य है। इसकी जिम्मेदारी किसे लेनी चाहिए? यदि मुख्यमंत्री ही प्रमुख हैं, तो इसका उत्तर स्वयं उनके पास है। चिकित्सकों के समूह ने राजभवन में बोस से मुलाकात की थी और ज्ञापन सौंपा था। बोस ने रेड रोड पर दुर्गा पूजा कार्निवल में मुख्यमंत्री के डांडिया नृत्य का संभवतः संदर्भ देते हुए रोमन सम्राट नीरो से उसकी तुलना की।

### चिकित्सक हमेशा से आसान निशाना रहे हैं : आईएमए प्रमुख

**नई दिल्ली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के प्रमुख डॉ. आरवी अशोकन ने कोलकाता में चिकित्सक से हुई दरिंदगी के मामले को लेकर युवा चिकित्सकों की भूख हड़ताल के बीच कहा कि चिकित्सकों को हमेशा से आसानी से निशाना बनाया जाता रहा है और चिकित्सक समुदाय के साथ घोर अन्याय हुआ है जिसकी किसी से तुलना नहीं की जा सकती है। आईएमए द्वारा एक्स पर पोस्ट किए बयान में डॉ. अशोकन ने कहा कि भारत में शुरुआत से ही एक चिकित्सक बॉण्ड प्रणाली से बंधा हुआ एक गुलाम होता है।

# दहेज की मांग से परेशान महिला चिकित्सक ने की खुदकुशी

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के परभणी जिले में ससुराल वालों की एक करोड़ रुपये की मांग से व्यथित चिकित्सक ने खुदकुशी कर ली। प्राथमिकी के अनुसार, डॉ. प्रियंका भुमरे ने 2022 में बीड निवासी नीलेश व्हारकाटे से शादी की थी। दो महीने बाद उसके ससुराल वाले अस्पताल खोलने के लिए एक करोड़ की मांग करने लगे और उसे मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना देने लगे। महिला की शिकायत पर, पुलिस ने नीलेश, उसके माता-पिता, भाई और बहन पर मामला दर्ज किया था।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड : यूट्यूब से हमलावरों ने सीखा था बंदूक चलाना

मुंबई, एजेंसी



- संदिग्ध हमलावर शिवकुमार गौतम ने उत्तर प्रदेश में विवाह समारोहों में हर्ष फायरिंग के दौरान सीखा था बंदूक चलाना

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या में शामिल हमलावरों ने कुर्ला इलाके में किराए के मकान में यूट्यूब से बंदूक और पिस्तौल चलाना सीखा था। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पूर्व कांग्रेस नेता बाबा सिद्दीकी इस साल राकांपा में शामिल हुए थे। शनिवार रात को मुंबई के निर्मल नगर इलाके में उनके विधायक पुत्र जीशान के कार्यालय के बाहर तीन लोगों ने गोली मार दी थी। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने आरोपियों से पूछताछ के दौरान पाया कि संदिग्ध हमलावर शिवकुमार गौतम ने उत्तर प्रदेश में विवाह समारोहों में हर्ष फायरिंग के दौरान बंदूक चलाना सीखा था। गौतम फरार है। उन्होंने कहा कि गौतम ने कश्यप और सिंह को बंदूक चलाने का प्रशिक्षण दिया। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने चार सप्ताह तक यूट्यूब से वीडियो देखकर बंदूक में गोली भरना और गोली निकालना सीखा।

# कोर्ट ने पंजाब, हरियाणा सरकारों को फटकार लगाई, शीर्ष अधिकारियों को किया तलब

नई दिल्ली, एजेंसी



- उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाने पर मुख्य सचिवों को 23 अक्टूबर को पेश होकर स्पष्टीकरण देने को कहा

उच्चतम न्यायालय ने पराली जलाने के मामले में उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाने को लेकर हरियाणा और पंजाब सरकारों को बुधवार को फटकार लगाई तथा दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों को 23 अक्टूबर को उसके समक्ष पेश होकर स्पष्टीकरण देने को कहा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने उल्लंघनकर्ताओं पर कार्रवाई में विफल रहने पर हरियाणा और पंजाब सरकार के अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने का वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को निर्देश दिया। दिल्ली में प्रदूषण के बढ़ते स्तर में पराली जलाया जाना एक प्रमुख कारण है। पंजाब और हरियाणा सरकारों द्वारा एनसीआर में पराली जलाने से रोकने के लिए सीएक्यूएम के निर्देशों पर कदम नहीं उठाए जाने से न्यायालय नाखुश था।

# सफाई के समय टैंक में दम घुटने से पांच की मौत

**भुज (गुजरात)।** गुजरात के कच्छ जिले में कृषि प्रौद्योगिकी कंपनी में अपशिष्ट उपचार टैंक की सफाई करते समय दम घुटने से पांच कामगारों की मौत हो गई। सभी की उम्र करीब 30 वर्ष थी। कच्छ (पूर्व)के पुलिस अधीक्षक सागर बगमार ने कहा कि बगमार ने कहा कि जब एक कामगार टैंक में सफाई के लिए उतरा तो वह बेहोश हो गया। दो अन्य कामगार उसे बचाने के लिए अंदर उतरे लेकिन वे भी बेहोश हो गए। दो और कामगार टैंक के अंदर गए लेकिन सभी पांच कामगारों की मौत हो गई।

# पेंशनभोगियों की शिकायतों का 21 दिन में करें समाधान : केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने कहा- शिकायतों के निदान में अधिक समय लगने पर अंतरिम जवाब दिया जा सकता है

केंद्र ने सभी विभागों से पेंशनभोगियों की शिकायतों का 21 दिनों में निवारण करने को कहा है। बुधवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गयी। इसमें कहा गया है कि जिन मामलों में शिकायतों के निवारण में अधिक समय लगता है, वहां अंतरिम जवाब दिया जा सकता है।

केंद्र सरकार ने पेंशनभोगियों की शिकायत निवारण प्रणाली, यानी केंद्रीकृत पेंशन शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीईएनजी आरएएमएस), पोर्टल की समीक्षा के बाद दिशानिर्देश जारी किए हैं। कार्मिक मंत्रालय के निर्देशों में शिकायतों के कुशल निवारण की परिकल्पना है। केंद्र के दिशा-निर्देशों में से एक अंश के मुताबिक, मंत्रालयों/विभागों को पेंशनभोगियों की शिकायतों का 21 दिनों में निवारण करने का प्रयास करना चाहिए।

# बृज बिहारी हत्याकांड : आत्मसमर्पण के लिए समय देने की याचिका खारिज

- सुप्रीम कोर्ट से पूर्व मंत्री की हत्या के दोषी पूर्व विधायक ने मांगा था समय

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 1998 में हुई बिहार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता बृज बिहारी प्रसाद की हत्या के मामले में दोषी पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला की वह याचिका बुधवार को खारिज कर दी जिसमें उन्होंने आत्मसमर्पण के लिए समय दिए जाने का अनुरोध किया था। अपराधी से नेता बने शुक्ला की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ को बताया कि पत्नी की स्वास्थ्य समस्याओं और कामकाज के प्रबंधन के लिए उन्हें 30 दिनों का समय चाहिए। पीठ ने कहा कि उन्हें 15 दिन का पर्याप्त समय दिया गया था।





# आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाली दूसरी भारतीय महिला बनीं नीतू डेविड

दुबई, एजेंसी



- द. अफ्रीका के एबी डिविलियर्स और इंग्लैंड के एलिस्टेयर कुक को भी मिली जगह

टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी (53 रन पर आठ विकेट) करने वाली भारत की पूर्व स्पिनर नीतू डेविड बुधवार को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाली देश की दूसरी महिला क्रिकेटर बनीं।

भारतीय महिला टीम की चयन समिति की मौजूदा अध्यक्ष नीतू को पूर्व कप्तान डाइना इडुल्जी को शामिल किए जाने के एक साल बाद आईसीसी हॉल ऑफ फेम में जगह मिली है। बाएं हाथ की स्पिनर नीतू ने भारत के लिए 100 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय मैच (10 टेस्ट और 97 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय) खेले।

उनके अलावा दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स और इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज एलिस्टेयर कुक को भी हॉल ऑफ फेम में जगह मिली। एकदिवसीय में 47 साल की नीतू 141 विकेट के साथ भारत की दूसरी सबसे सफल गेंदबाज हैं। वह 50 ओवर के प्रारूप में 100 विकेट के आंकड़े को छूने वाली देश की पहली महिला गेंदबाज भी रहीं। विश्व कप 2005 की सबसे सफल गेंदबाज नीतू ने भारत को पहली बार फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी।

# हॉकी लीग में खेलने को बेताब हैं सबसे महंगे खिलाड़ी हरमनप्रीत और उदिता

नई दिल्ली, एजेंसी



हॉकी इंडिया लीग की नीलामी में सबसे महंगे बिके हरमनप्रीत सिंह और उदिता दुहान टूर्नामेंट में अपने प्रशंसकों से दर्शकों का दिल जीतने के लिये बेताब हैं। हरमनप्रीत सिंह को पंजाब और हरियाणा के सूरमा हॉकी क्लब ने तीन दिन तक चली नीलामी के पहले दिन 78 लाख रूपये में खरीदा। वहीं उदिता को श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने 32 लाख रूपये में खरीदा।

पुरूषों की लीग में आठ टीमें होंगी जबकि पहली बार हो रही महिला लीग में चार टीमें भाग लेंगी। हरमनप्रीत ने कहा मुझे खुशी है कि हॉकी इंडिया लीग की वापसी हो रही है। मेरा नाम नीलामी के लिये आया तो मैं आंखें गड़ाकर देख रहा था। मैं उम्मीद कर रहा था कि सरदार सिंह मेरे नाम पर बोली लगाएं ताकि मुझे हरियाणा और पंजाब के लिए खेलने का मौका मिल सके। जब सूरमा हॉकी क्लब ने मुझे खरीदा तो मैने राहत की सांस ली, मैं बहुत ही खुश हूं। भारतीय कप्तान ने कहा हमारे पास काफी संतुलित टीम है। इसमें अनुभवी, बड़े नामी और युवा खिलाड़ी हैं जो भविष्य में काफी बड़े सितारे बन सकते हैं।

# डेनमार्क ओपन में महिला और मिश्रित युगल में भारतीय चुनौती हुई समाप्त

ओडेन्से (डेनमार्क), एजेंसी



- सुमित-सिक्की की जोड़ी को केविन-इलियाना ने हराया

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की एक बार फिर खराब शुरूआत हुई और बुधवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में महिला और मिश्रित युगल स्पर्धाओं में देश की चुनौती समाप्त हो गई।

भारत की दोनों जोड़ियों को अपने शुरूआती मुकाबलों में तीन गेम में हार झेलनी पड़ी जिसमें त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद (महिला युगल) और बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी (मिश्रित युगल) शामिल थे। त्रिसा और गायत्री एक घंटे 14 मिनट तक चले महिला युगल के शुरूआती दौर के मैच में एक गेम की बढ़त गंवाकर मलेशिया की पीयर्ली टान और मुरलीथरन थिनाह से 21-19 17-21 15-21 हार गईं। मिश्रित युगल में सुमित रेड्डी और सिक्की रेड्डी की जोड़ी भी कनाडा के केविन ली और इलियाना झांग से पहला गेम जीतने बावजूद एक घंटे दो मिनट में 22-20 19-21 22-24 से पराजित हो गई। मंगलवार को 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन पुरुष एकल में पहले दौर में हारकर बाहर हो गये थे।

## खेल डायरी

### मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच बने पारस महाम्ब्रे

**मुंबई।** टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज और गेंदबाजी कोच पारस महाम्ब्रे को मुंबई इंडियंस (एमआई) का नया गेंदबाजी कोच बनाया है। महाम्ब्रे इससे पहले भी एमआई के सहायक कोच रह चुके हैं। वह मौजूदा गेंदबाजी कोच लसिथ मलिंगा और प्रमुख कोच महेला जयवर्धने के साथ काम करेंगे। महाम्ब्रे 2021 से लेकर इस साल अगस्त तक भारत के गेंदबाजी कोच थे। उन्होंने कोच राहुल द्रविड़ के साथ काम किया और टी-20 विश्वकप विजेता दल का हिस्सा रहे थे। वह चैंपियंस लीग 2011 व 2013 और आईपीएल 2013 की खिताबी जीत में भी एमआई का हिस्सा थे। उन्हें भारतीय घरेलू क्रिकेट में भी कोचिंग का अनुभव है। भारत से पहले वह इंडिया ए टीम के गेंदबाजी कोच थे। 2005-06 और 2006-07 में बंगाल को लगातार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाने में भी

### छह शहरों में 17 से शुरू होगी सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी

**नई दिल्ली।** देश के छह शहरों में 17 अक्टूबर से 12 नवंबर तक सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी 2024 का आयोजन किया जाएगा। घरेलू टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिताओं में से एक इस लीग के मैच छह शहरों सूरत, वडोदरा, मुंबई, कोलकाता, तिरुवनंतपुरम और लखनऊ में खेले जाएंगे। इस लीग का यह 16वां संस्करण है और इसमें 37 टीमें शिरकत करेंगी। जेमिमा रोड्रिग्स की कप्तानी में मुंबई ने पिछले वर्ष फाइनल में उत्तराखंड को हराया था। मौजूदा चैंपियन मुंबई को आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा, गोवा, गुजरात, जम्मू-कश्मीर और मिजोरम के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। इस टूर्नामेंट में टीमों को पांच ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए और बी में आठ टीमें शामिल हैं जबकि ग्रुप सी, डी और ई में प्रत्येक में सात टीमें शामिल हैं। प्रत्येक टीम सिंगल राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में ग्रुप में अन्य टीमों के खिलाफ खेलेगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें नॉकआउट स्टेज के लिए क्वालीफाई करेंगी। अंक और नेट रन रेट के आधार पर ग्रुप से सर्वश्रेष्ठ स्थान पर रहने वाली दूसरी टीम के साथ पांच टेबल टॉपर क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई

### दिल्ली करेगी पहले खो-खो विश्व कप की मेजबानी

**नई दिल्ली।** अगले साल 13 से 19 जनवरी तक त्यागराज स्टेडियम में पहला खो खो विश्व कप आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह टूर्नामेंट भारत के स्वदेशी खेल को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का मौका है। टूर्नामेंट के घोषणा समारोह के दौरान टीम महाराष्ट्र और शेष भारत के बीच एक प्रदर्शनी मैच खेला गया जिसमें महाराष्ट्र 26-24 से विजयी रहा। समारोह के दौरान विश्व कप के आधिकारिक लोगो (प्रतीक चिन्ह) और टैगलाइन का भी अनावरण किया गया। टूर्नामेंट में 24 देशों का प्रभावशाली लाइन अप होगा जिसमें पुरुष और महिला दोनों टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट में प्रत्येक डिविजन में 16 टीम होंगी जिससे दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा। भारतीय खो खो महासंघ (केकेएफआई) के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा खो खो हमारे देश की मिट्टी का खेल है। इसलिए हमें इस खेल को मैदान पर लाने पर बहुत गर्व है। खो-खो को अंतर्राष्ट्रीय खेल बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले महासंघ को बहुत धन्यवाद। इस मौके पर युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे भी मौजूद थीं।

### ब्रिस्बेन में होगा एशेज टेस्ट सीरीज का दिन-रात्रि मैच

**सिडनी।** अगले वर्ष नवंबर-दिसंबर होने वाली एशेज 2025-26 टेस्ट सीरीज का पहला मैच 21 से 25 नवंबर को पर्थ में तथा ब्रिस्बेन में चार से आठ दिसंबर के बीच होने वाला मैच दिन-रात्रि का होगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने एशेज 2025-26 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। घोषणा के अनुसार सीरीज का तीसरा मैच ऐडिलेड में 17 से 21 दिसंबर के बीच खेला जाएगा, जबकि मेलबर्न में 26 से 30 दिसंबर के बीच पारंपरिक बॉक्सिंग डे टेस्ट होगा। सीरीज का अंतिम टेस्ट मैच चार से आठ जनवरी के बीच न्यू ईयर टेस्ट के रूप में सिडनी में आयोजित होगा। 1982-83 के बाद यह पहला मौका होगा जब एशेज का पहला मैच ब्रिस्बेन की बजाय पर्थ में खेला जाएगा। गाबा, ब्रिस्बेन ने इससे पहले भी तीन डे-नाईट टेस्ट आयोजित किए हैं और इस साल की शुरुआत में वेस्टइंडीज के खिलाफ भी एक दिन-रात्रि टेस्ट मैच हुआ था। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजो का तब मानना था कि पिंक-बॉल टेस्ट गाबा की बजाय ऐडिलेड ओवल में ही आयोजित होने चाहिए, जहां की पिच पिंक बॉल के लिए अधिक मुफीद है। पहले गई बार गाबा में ऐसा हुआ है कि पिंक बॉल अधिक नरम हो गया हो, जिससे मैच का परिणाम भी प्रभावित हुआ।

# बारिश में धुला टेस्ट का पहला दिन

## भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट : अंपायरों ने निरीक्षण के बाद खेल रद करने का लिया फैसला

बेंगलुरू, एजेंसी


चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहले दिन नहीं हटे कवर ● एजेंसी

बारिश के कारण भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बुधवार को कोई खेल नहीं हो सका। अंपायरों और अन्य मैच अधिकारियों ने दोपहर दो बजे मैदान का मुआयना किया जब दिन में पहली बार थोड़ी देर के लिए बारिश रूकी, लेकिन हालात को देखकर 2:34 बजे खेल रद करने का फैसला किया गया।

इससे पहले आउटफील्ड कवर और पिच पर डाले कवर की पहली परत मुआयने के लिए हटाई गई तो दर्शक काफी रोमांचित हो गए, लेकिन सुबह से हो रही बारिश के कारण खेल हो पाना संभव नहीं था। सुबह से हो रही भारी बारिश के कारण सुबह नौ बजे टॉस भी नहीं हो सका। खराब मौसम के बावजूद मैदान पर काफी तादाद में दर्शक जमा थे। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को इंडोर अभ्यास करते देखकर दर्शक काफी रोमांचित भी हो गए। दूसरे दिन भी भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है।दोनों टीमें बारिश के कारण अभ्यास भी नहीं कर सकी थी। दूसरे दिन का खेल सुबह नौ बजकर 15 मिनट पर शुरू होगा और टॉस आठ बजकर 45 मिनट पर कराया जाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराने से बड़ा कुछ नहीं : पंत

मुंबई, एजेंसी

- विकेटकीपर बोले - ऑस्ट्रेलिया में विकेट और माहौल हैं अलग
- ऑस्ट्रेलिया आक्रामक क्रिकेट खेलती है, जो बेहद मजबूत है



भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराने के अहसास से बड़ा कुछ नहीं हो सकता। स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए पंत ने कहा जब आप ऑस्ट्रेलिया जाते हैं, तो आपको उछाल और शॉर्ट पिच गेंदों से निपटने पर अधिक काम करना होता है क्योंकि वहां विकेट और माहौल अलग होते हैं। वे नहीं चाहते कि आप जीतें, जिससे ऑस्ट्रेलिया जाने और उन्हें उनके घर में हराने से बड़ा कोई एहसास नहीं है।

उन्होने कहा आम तौर पर ऑस्ट्रेलिया एक टीम के रूप में खेलता है। वे आपको कुछ भी आसानी से नहीं देते हैं। वे आक्रामक क्रिकेट खेलते हैं। इसलिए उनके खिलाफ आक्रामक मानसिकता की ही जरुरत होती है, मतलब मैं पहला मुक्का नहीं मारूंगा, लेकिन अगर कोई मुझ पर पहला मुक्का मारता है, तो मैं पीछे नहीं हटूंगा। अपने पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान गाबा टेस्ट में अपनी पारी की याद करते हुए उन्होने कहा मैं नहीं जानता कि इसके बारे में क्या कहूं। लेकिन मैं हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहा हूं। कभी-कभी, ऐसे प्रदर्शन होते हैं जिन्हें आप जीवन भर याद रखते हैं, और मेरे लिए उनमें से एक गाबा टेस्ट है।

# भारत के बिना चैंपियंस ट्रॉफी कराने का विकल्प नहीं, अन्य विकल्प उपलब्ध हैं : ईसीबी

नई दिल्ली, एजेंसी

- हाइब्रिड मॉडल में चैंपियंस ट्रॉफी कराना ही लग रहा है सबसे संभावित विकल्प
- तनावपूर्ण संबंधों के कारण 2008 से पाकिस्तान में क्रिकेट नहीं खेली है भारतीय टीम

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन सहित शीर्ष अधिकारियों ने सुझाव दिया है कि भारत के बिना चैंपियंस ट्रॉफी कराना कोई विकल्प नहीं है और अगर रोहित शर्मा की टीम मेजबान देश पाकिस्तान की यात्रा नहीं करती है तो कई अन्य विकल्प उपलब्ध हैं।

दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के कारण भारत ने 2008 से पाकिस्तान में क्रिकेट नहीं खेला है और उनकी यात्रा पूरी तरह से सरकार की मंजूरी पर निर्भर होती है। बीसीसीआई को सरकार से टीम को लाहौर भेजने की अनुमति मिलने की संभावना नहीं है जिससे हाइब्रिड मॉडल में चैंपियंस ट्रॉफी सबसे संभावित विकल्प लग रहा है। पिछले साल एशिया कप की तरह भारत अपने मैच किसी तीसरे देश में खेल सकता है जबकि अन्य मुकाबले पाकिस्तान में आयोजित किए जा सकते हैं। टूर्नामेंट का आयोजन फरवरी-मार्च में किया जाएगा। थॉम्पसन ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड के साथ पाकिस्तान में हैं। उन्होंने कहा भारत का चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेलना क्रिकेट के हित में नहीं होगा। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की यात्रा पर फैसला दिसंबर में बीसीसीआई के मौजूदा सचिव जय शाह के आईसीसी का कार्यभार संभालने से पहले लिया जा सकता है।

शाह को अगस्त में आईसीसी अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। थॉम्पसन ने कहा यह दिलचस्प है। बीसीसीआई के पूर्व सचिव और अब आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह की इसमें बड़ी भूमिका होगी। इसमें भूगोलीय राजनीति और फिर क्रिकेट भू राजनीति होगी। उन्हें कोई रास्ता निकालना ही होगा। ईसीबी के सीईओ गोल्ड ने कहा यदि आप भारत या पाकिस्तान के बिना चैंपियंस ट्रॉफी में खेलते हैं तो प्रसारण अधिकार नहीं होंगे और हमें उन्हें सुरक्षित रखने की जरूरत है।

# सेमीफाइनल में द. अफ्रीका पर भारी पड़ेगी ऑस्ट्रेलिया

**महिला टी-20 विश्व कप**

दुबई, एजेंसी

आठवीं बार फाइनल में प्रवेश की कोशिश में जुटी ऑस्ट्रेलियाई टीम आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरेगी तो उसका पलड़ा भारी रहेगा। ऑस्ट्रेलिया 2009 से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में सभी नौ सत्रों में सेमीफाइनल खेल चुका है।

छह बार की चैंपियन टीम का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। दोनों के बीच 2023 सत्र का फाइनल खेला गया था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 19 रन से जीत दर्ज की थी। आंकड़ों की बात करें तो दक्षिण अफ्रीका टीम ऑस्ट्रेलिया के आगे कहीं नहीं ठहरती। ऑस्ट्रेलिया ने उसके खिलाफ दस महिला टी-20 मैचों में से नौ जीते हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका ने एकमात्र जीत जनवरी में दर्ज की। महिला टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने उसके खिलाफ सातों मुकाबले जीते हैं। मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई टीम का कोर ग्रुप बरसों से साथ खेल रहा है, सिर्फ मेग लानिंग ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा है। बाकी सभी दस खिलाड़ियों ने 2023 का फाइनल खेला था।

# दूसरे दिन पाकिस्तान ने बनाई मैच पर मजबूत पकड़

- दूसरा टेस्ट : पाकिस्तान 366 रनों पर सिमटी, इंग्लैंड ने बनाए छह विकेट खोकर 239 रन

मुल्तान, एजेंसी


रिजवान का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती इंग्लैंड की टीम। ● एजेंसी

पाकिस्तान ने साजिद खान (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन बुधवार को इंग्लैंड के 239 रन पर छह विकेट गिराकर मैच पर अपनी पकड़ बना ली हैं। पाकिस्तान के 366 के स्कोर के जवाब में इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज बेन डकेट (114) के शतक की मदद से छह विकेट पर 239 बना लिए। इंग्लैंड अभी भी पाकिस्तान से 127 रन पीछे हैं।

इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों के पहले विकेट के लिए 73 रनों की साझेदारी कर अच्छी शुरुआत की। 13वें ओवर में नौमन अली में जैक क्रॉली को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई।

क्रॉली ने 27 रन बनाए। नये बल्लेबाज ऑली पोप को साजिद खान ने बोल्ड आउट कर पाकिस्तान को दूसरी सफलता दिलाई। उस समय इंग्लैंड का स्कोर 125 रन था। पोप ने 29 रन बनाए। इसके बाद तीसरे विकेट के लिए बेन डकेट और जो रुट ने धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी करते हुए टीम के स्कोर को 211 रनों तक पहुंचाया जहां साजिद ने रुट (34) को बोल्ड कर टीम को तीसरी सफलता दिलाई। स्कोर बोर्ड पर अभी 13 रन और जुडे ही थे कि डकेट (114) को साजिद ने सलमान के हाथों कैच आउट कराकर टीम को चौथी सफलता दिलाई। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर साजिद ने पहले टेस्ट में मुल्तान के नये सुल्तान बने हैरी ब्रूक (नौ) रन पर बोल्ड आउट कर इंग्लैंड को पांचवा झटका दे दिया। स्टोक्स (एक) रन बनाया। दिन का खेल समाप्ति के समय जेमी स्मिथ नाबाद (12) तथा ब्राइडन कार्स दो रन पर नाबाद रहे। इससे पहले पाकिस्तान कल के पांच विकेट पर 259 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। पाकिस्तान की पूरी टीम कल के स्कोर में 107 जोड़कर 366 पर सिमट गई।

## बॉलीवुड हलचल



### रकुल ने दिखाया समर्पण खराब तबीयत में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने खराब तबीयत के बावजूद अपने काम के लिए समर्पण दिखलाया है। रकुल प्रीत सिंह ने गंभीर चोट के बाद भी अपने काम और कमिटमेंट्स को नहीं छोड़ा। इसका असर उनकी सेहत पर पड़ा और अब वह कई दिनों से बिस्तर पर हैं। यह सब पांच अक्टूबर की सुबह तब शुरू हुआ जब वह अपने वर्कआउट के दौरान 80 किलो वजन बिना बेल्ट के उठा रही थीं, जिससे उनकी पीठ में दर्द हो गया। चोट के बावजूद, रकुल ने अपनी कमिटमेंट निभाने के लिए लगातार दो दिनों तक दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग की और मांसपेशियों को आराम देने वाली दवा ली। तीन दिनों तक दर्द सहने के बाद, उन्होंने फिजियोथेरेपिस्ट से सलाह ली, लेकिन हर 3-4 घंटे बाद दर्द फिर से लौट आता था। उन्होंने फिजियोथेरेपी जारी रखी, लेकिन 10 तारीख को अपने जन्मदिन की पार्टी से ठीक एक घंटा पहले, उनकी हालत सबसे ज्यादा खराब हो गई। चोट ने रकुल के शरीर को नुकसान पहुंचाया, जिसकी वजह से उनके एल 4, एल5, और एस1 नसें जाम हो गईं। जल्दी ही उनका ब्लड प्रेशर गिर गया, उन्हें पसीना आने लगा, और उन्हें बिस्तार पर ले जाना पड़ा। अब पांच दिन हो गए हैं, और वो धीरे-धीरे ठीक हो रही है, लेकिन ये प्रक्रिया धीरे-धीरे काम करती है। उम्मीद है कि रकुल जल्द ठीक हो जाएंगी।

### पवन कल्याण की फिल्म ओजी की शूटिंग फिर से शुरू



**मुंबई।** पावर स्टार पवन कल्याण की फिल्म ओजी की शूटिंग हैदराबाद में फिर से शुरू कर दी गयी है। पवन कल्याण अपनी आगामी एक्शन से भरपूर फिल्म ओजी के साथ स्क्रीन पर धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसका निर्देशन सुजीत कर रहे हैं। पवन कल्याण अभिनीत पैन इंडिया एक्शन एंटरटेनर ओजी ने हैदराबाद में अपनी शूटिंग फिर से शुरू कर दी है, जिसमें इस समय एक धमाकेदार एक्शन सीक्वेंस चल रहा है। अपनी घोषणा के बाद से ही इस फिल्म ने खूब चर्चा बटोरी है, और अब पवन कल्याण जल्द ही सेट पर अपने धमाकेदार एक्शन सीन्स के लिए आने वाले हैं। इस फिल्म में इमरान हाशमी को खलनायक के रूप में कास्ट किया गया है, साथ ही श्रीया रेड्डी, प्रियंका मोहन और अर्जुन दास भी अहम भूमिका में हैं। निर्माताओं ने खुलासा किया है कि इस महीने की शुरुआत में शुरू हुआ यह शेड्यूल अक्टूबर के अंत तक चलेगा, जिसमें दर्शकों को कुछ सबसे रोमांचक दृश्य देखने को मिलेंगे। सोशल मीडिया पर टीम ने एक रोमांचक अपडेट साझा किया, ऊर्जा बहुत है... और एक्शन भी बहुत है...ओजी की शूटिंग फिर से शुरू हो गई है।हमारे #ओजी@‹/ पवनकल्याण जल्द ही शूटिंग में शामिल होंगे।

### फिल्म द मेहता बॉयज को टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में किया गया सम्मानित

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बोमन ईरानी की बतौर निर्देशक पहली फिल्म, द मेहता बॉयज को प्रतिष्ठित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिबल ऑफ साउथ एशिया (इफ्सा) टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में सम्मानित किया गया। शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में अपने प्रीमियर के बाद, फिल्म द मेहता बॉयज उत्तरी अमेरिका में सबसे बड़े दक्षिण एशियाई फिल्म फेस्टिवल इफ्सा टोरंटो फिल्म फेस्टिवल के 13वें संस्करण की ओपनिंग फिल्म थी। इस उपलब्धि ने अभिनेता से निर्देशक बने बोमन ईरानी के लिए एक और उपलब्धि जोड़ दी। शिकागो फेस्टिवल में द मेहता बॉयज को स्टैंडिंग ओवेशन मिला, जिससे टीम बेहद खुश हुई। टोरंटो में भी एक बार फिर वही प्यार देखने को मिला, जहां फिल्म को एक बार फिर स्टैंडिंग ओवेशन मिला। बोमन ईरानी को प्रतिष्ठित इफ्सा टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में ''द मेहता बॉयज़'' के लिए सम्मानित किया गया। बोमन ईरानी ने अपने सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों के साथ यह खुशखबरी साझा करते हुए लिखा, एक अविस्मरणीय क्षण प्रतिष्ठित इफ्सा टोरंटो गाला में सम्मानित होना द मेहता बॉयज को दिखाए जा रहे प्यार, समर्थन और प्रशंसा के लिए शब्दों से परे आभारी हूँ। हम पर विश्वास करने वाले सभी लोगों का बहुत-बहुत धन्यवाद। यह तो बस शुरुआत है। द मेहता बॉयज को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज किया जाएगा।

# मेस्सी के तीन गोल से जीता अर्जेंटीना

**द.अमेरिका विश्व कप क्वालीफाइंग**

ब्यूनस आयर्स, एजेंसी


‹‹ बोलिविया के खिलाफ मैच के दौरान मेस्सी। ● एजेंसी

लियोनेल मेस्सी की हैट्रिक और दो गोल में सहायता की मदद से अर्जेंटीना ने दक्षिण अमेरिका विश्व कप फुटबॉल क्वालीफाइंग मैच में बोलिविया को 6-0 से हरा दिया। अक्टूबर में हो रही प्रतिस्पर्धा के दो दौर में दाहिने टखने की चोट की वजह से नहीं खेल सके मेस्सी ने मंगलवार को पूरा मैच खेला।

उन्होंने 19वें मिनट में पहला गोल किया। इसके अलावा लौटारो मार्तिनेज और जूलियन अल्वारेज के गोलों में सूत्रधार की भूमिका निभाई। 37 वर्ष के मेस्सी ने 84वें और 86वें मिनट में भी गोल दागे। अन्य मुकाबलों में ब्राजील ने पेरू को 4-0 से हराया। अर्जेंटीना 10 मैचों में 22 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि उससे तीन अंक पीछे कोलंबिया है। ब्राजील 16 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। शीर्ष छह टीमें अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाएंगी। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग दौर के दो मुकाबले नवंबर में खेले जाएंगे।

### गोल नहीं कर सके रोनाल्डो, पुर्तगाल ने खेला ड्रॉ

**मैड्रिड।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो गोल नहीं कर सके और पुर्तगाल ने नेशंस लीग में स्कॉटलैंड से गोलरहित ड्रॉ खेला। पुर्तगाल ने क्रोएशिया, स्कॉटलैंड और पोलैंड से पहले तीन मैच जीते थे लेकिन ग्लासगो में तीसरे मैच में गोल करने में नाकाम रही। अब तक 133 अंतर्राष्ट्रीय गोल कर चुके रोनाल्डो के पास कई मौके आए लेकिन वह उन्हें भुना नहीं सके। पुर्तगाल इस ड्रॉ के बावजूद ग्रुप एवन में शीर्ष पर है जबकि क्रोएशिया दूसरे स्थान पर है। वहीं स्पेन ने सर्बिया को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। क्रोएशिया ने पोलैंड से 3-3 से ड्रॉ खेला। कोसोवो ने साइप्रस को ग्रुप सी के मैच में 3-0 से हराया जबकि रोमानिया ने लिथुआनिया को 2-1 से मात दी। बेलारूस ने लक्जेमबर्ग से 1-1 से ड्रॉ खेला।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## एक नजर



**फैशन का है जलवा...:** न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में विक्टोरियाज सीक्रेट फैशन शो के दौरान रैंप पर एड्रियाना लीमा ने बिखेरा अपनी अदाओं का जलवा।

### तुर्किये में महसूस हुए भूकंप के झटके

**अंकारा।** पूर्वी तुर्किये में बुधवार को मध्यम तीव्रता के भूकंप महसूस किए गए। एएफएडी नाम की सरकारी आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन प्रेसीडेंसी के अनुसार, 5.9 तीव्रता का भूकंप मालाट्या प्रांत के काले शहर में पूर्वाह्न 10 बजकर 46 मिनट पर आया। हेबरतर्क टेलीविजन के अनुसार, भूकंप का असर निकटवर्ती शहरों दियारबाकिर, एलाजिग, सनलीउर्फा और टुन्सेली में भी महसूस हुआ। मालाट्या और एलाजिग में स्कूलों को बंद करने का आदेश है। मेयर साहिन सेरीफोगुल्लारी ने बताया कि एलाजिग में 12 लोग खिड़कियों से कूदने से चोटिल हुए। मालाट्या में 20 ऐसी घटनाएं सामने आईं। मालाट्या उन 11 प्रांतों में से एक था जो पिछले साल तुर्किये और उत्तरी सीरिया में आए भूकंप से तबाह हो गया था।

### पाकिस्तान में बम विस्फोट पांच पुलिसकर्मी घायल

**पेशावर।** अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को पुलिस के वाहन को निशाना बनाकर रिमोट के जरिये किए गए विस्फोट में कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। आतंकियों ने पहाड़ी जिले बुनेर के कानकोई मंदनार इलाके में मोबाइल पुलिस वैन को निशाना बनाया। इस हमले में एक उप निरीक्षक समेत पांच पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। बड़ी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा और इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया।

### बेटी के हत्यारे की मौत की सजा कोर्ट ने की कम

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को उस व्यक्ति की मौत की सजा को कम करके 20 साल जेल में तब्दील कर दिया, जिसने परिवार की इच्छा के विरुद्ध अंतरजातीय विवाह करने वाली गर्भवती बेटी की हत्या कर दी थी। न्यायमूर्ति बीआर गवई, अरविंद कुमार और केवी विश्वनाथन की पीठ ने बेटी के गुनहगार महाराष्ट्र के नासिक जिले के निवासी एकनाथ किसान कुंभारकर की दोषसिद्धि को बरकरार रखा, लेकिन उसकी मौत की सजा को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा कि मौत की सजा को बिना किसी छूट के 20 साल के कठोर कारावास में तब्दील किया जाता है।

### कनाडाई सेना ने भारतीयों को पहुंचाया शिकागो

**नई दिल्ली।** कनाडाई वायु सेना का एक विमान एअर इंडिया की एक उड़ान के 191 यात्रियों को इकालुइट हवाई अड्डे से शिकागो लेकर जा रहा है। एअर इंडिया की इस उड़ान को, विमान में बम होने की धमकी मिलने के बाद उसका मार्ग परिवर्तित कर इकालुइट ले जाया गया था। विमान में चालक दल के 20 सदस्यों समेत 211 यात्री सवार थे। विमान को इकालुइट ले जाने के 18 घंटे से अधिक समय बाद यात्रियों को शिकागो ले जाया जा रहा है।

# ऑक्सफोर्ड के चांसलर की दौड़ में भारतीय मूल के उम्मीदवार

लंदन, एजेंसी

- पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का नहीं है नाम
- अवैतनिक पद के लिए उम्मीदवारों को दिखानी होती है अपनी उत्कृष्ट उपलब्धियां

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने बुधवार को अपने नए चांसलर के चुनाव के लिए दौड़ में शामिल 38 प्रतिभागियों के नाम की घोषणा की जिनमें भारतीय मूल के उम्मीदवार भी हैं लेकिन पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का नाम नहीं है।

बर्कशायर में ब्रेकनेल फॉरेस्ट के भारतीय मूल के पहले मेयर अंकुर शिव भंडारी, अंतर्राष्ट्रीय उद्यमशीलता के प्रोफेसर निरपाल सिंह पॉल भंगल और चिकित्सा पेशे से जुड़े प्रतीक तरवाडी इस दौड़ में अन्य शिक्षाविदों, राजनेताओं और उद्यमियों से मुकाबला करेंगे। कंजरवेटिव पार्टी के पूर्व नेता लॉर्ड विलियम हेग और लेबर पार्टी के पूर्व नेता लॉर्ड पीटर मैंडेलसन अंतिम चयनित वरिष्ठ राजनेताओं में शामिल हैं। हालांकि चयन प्रक्रिया के बाद खान को अयोग्य घोषित कर दिया गया। विश्वविद्यालय के एक वक्तव्य में कहा गया चांसलर की चुनाव समिति द्वारा विश्वविद्यालय के नियमों में निर्धारित लोगों को चयनित नहीं करने के चार मानदंडों के आधार पर ही आवेदनों पर विचार किया गया। विश्वविद्यालय के कुछ घोषित मानदंडों के तहत इस अवैतनिक पद के लिए उम्मीदवारों को अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां दिखानी होती हैं।

## वैवाहिक दुष्कर्म मामले पर आज होगी सुनवाई

- अपराध की श्रेणी में डालने का अनुरोध करने वाली याचिका पर केंद्र के विरोध के मद्देनजर यह सुनवाई महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय गुरुवार को इस प्रश्न से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई शुरू करेगा कि क्या किसी व्यक्ति को पत्नी, जो नाबालिग नहीं है, को उसके साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करने पर कानूनी संरक्षण मिलना रहना चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला व मनोज मिश्रा की पीठ ने बुधवार को कहा कि वह गुरुवार को याचिकाओं पर सुनवाई शुरू करेगी। वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध की श्रेणी में डालने का अनुरोध करने वाली याचिका पर केंद्र के विरोध के मद्देनजर यह सुनवाई महत्वपूर्ण है। केंद्र ने शीर्ष अदालत में दलील दी कि अगर किसी व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी के साथ यौन संबंध को दुष्कर्म के रूप में दंडनीय बना दिया जाता है, तो इससे वैवाहिक संबंधों पर गंभीर असर पड़ सकता है।

# एससीओ सम्मेलन में चीन की बेल्ट एंड रोड पहल का भारत ने फिर किया विरोध

इस्लामाबाद, एजेंसी



- रूस, बेलारूस, ईरान, पाकिस्तान कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान ने चीनी पहल का किया समर्थन

भारत ने बुधवार को एक बार फिर चीन की वन बेल्ट वन रोड (ओबीओआर) पहल का समर्थन करने से इनकार कर दिया। वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का एकमात्र देश बन गया है, जिसने इस विवादास्पद संपर्क परियोजना का समर्थन नहीं किया है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बैठक में अपने संबोधन के दौरान चीनी परियोजना का विरोध जताया है।

ओबीओआर परियोजना में तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) शामिल है जो कश्मीर के, पाकिस्तान के कब्जे वाले हिस्से से गुजरता है। इस्लामाबाद द्वारा आयोजित एससीओ के शासनाध्यक्ष परिषद के सम्मेलन के अंत में जारी संयुक्त विज्ञप्ति में कहा गया कि रूस, बेलारूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान ने चीनी संपर्क पहल के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की। इसमें कहा गया कि देशों ने परियोजना के कार्यान्वयन पर चल रहे कार्य पर ध्यान दिया, जिसमें यूरेशियाई आर्थिक संघ को ओबीओआर से जोड़ने के प्रयास भी शामिल हैं। भारत ओबीओआर, जिसे पहले बीआरआई के नाम से जाना जाता था, की कड़ी आलोचना करता रहा है, क्योंकि इस परियोजना में तथाकथित सीपीईसी शामिल है।

# लेबनान में फिर हवाई हमला, 21 की मौत

## प्रधानमंत्री मिकाती ने लगाया आरोप, इजराइल ने राहत सहायता समन्वय बैठक को बनाया निशाना

कना (लेबनान), एजेंसी

- लेबनान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री बोले- अंतर्राष्ट्रीय समुदाय हमलों के बारे में जानबूझकर रहा चुप
- लेबनान के दक्षिणी हिस्से में एक शहर के मेयर की भी हमले में मौत, इजराइली सेना ने बिना सबूत किए हमले



दक्षिण लेबनान के काना गांव में इजरायली हवाई हमले से नष्ट हुई इमारतों से उठता धुंआ। ● एजेंसी

लेबनान में किये गए इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 21 लोग मारे गए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इन हमलों में, एक दक्षिणी शहर पर की गई बमबारी भी शामिल है जिसमें एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई। लेबनान के दक्षिणी हिस्से में एक अन्य स्थान पर, एक शहर के मेयर की भी हमले में मौत हो गई।

लेबनानी अधिकारियों ने बताया कि यह हमला राहत प्रयासों में समन्वय के लिए आयोजित बैठक स्थल को निशाना बनाकर किया गया। दक्षिणी शहर कना में मंगलवार देर रात किए गए हमलों पर इजराइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई, जहां 15 लोग मारे गए हैं। लेबनान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने इजराइल पर, राहत प्रयासों पर चर्चा करने के लिए आयोजित नगर परिषद की बैठक को जानबूझकर निशाना बनाने का आरोप लगाया और कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय उन इजराइली हमलों के बारे में जानबूझकर चुप रहा है, जिसमें नागरिक मारे गए हैं। उन्होंने एक बयान में कहा इस वास्तविकता के आलोक में किस समाधान की उम्मीद की जा सकती है? इजराइली सेना ने बिना कोई सबूत दिए कहा कि उसने बुधवार के हमलों में नबातियेह के नागरिक क्षेत्रों में स्थित हिज्बुल्ला के कमांड केंद्रों और हथियार भंडारों को निशाना बनाया।

इजराइल ने छह दिन के विराम के बाद बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर भी बमबारी शुरू कर दी और एक अपार्टमेंट भवन के नीचे स्थित हथियारों के गोदाम को निशाना बनाया। सेना ने हमले से पहले निवासियों को घर खाली करने की चेतावनी दी थी और किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। मंगलवार देर रात दक्षिणी शहर कना पर किए गए हमलों पर इजराइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। घटनास्थल से एसोसिएटेड प्रेस की तस्वीरों और वीडियो में कई इमारतें जमींदोज नजर आ रही हैं तथा कुछ की ऊपरी मंजिलें ढही हुई दिख रही हैं।

### 1996 और 2006 के युद्ध के दौरान भी निशाने पर आईं रिहायशी इमारतें

वर्ष 1996 में, कना में सैकड़ों विस्थापित लोगों के आवास वाले संयुक्त राष्ट्र परिसर पर इजराइली गोलाबारी में कम से कम 100 नागरिक मारे गए थे और चार संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों सहित कई लोग घायल हुए थे। वर्ष 2006 के युद्ध के दौरान एक रिहायशी इमारत पर इजराइल के हमले में करीब 36 लोग मारे गए थे जिनमें से एक तिहाई बच्चे थे। इजराइल ने उस समय कहा था कि उसने हिजबुल्ला के एक रॉकेट लॉन्चर को निशाना बनाकर यह हमला किया था।

### ईरान के तेल क्षेत्रों पर हमला करे इजरायली सरकार : लैपिड

**यरुशलम।** इजरायल की संसद में विपक्षी नेता यायर लैपिड ने सरकार से जवाबी हमले में ईरान की अर्थव्यवस्था को तबाह करने के लिए उसके तेल क्षेत्रों को निशाना बनाने की अपील की है। द वाशिंगटन पोस्ट अखबार ने सोमवार को सूत्रों का हवाला से अपनी रिपोर्ट में बताया कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन से कहा कि वह तेल या परमाणु प्रतिष्ठानों के बजाय ईरान की सैन्य केंद्रों पर हमला करने के लिए तैयार हैं। लैपिड ने मंगलवार को द यरुशलम पोस्ट अखबार से कहा हमें तेल क्षेत्रों से शुरुआत करनी चाहिए। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका इसलिए चिंतित है कि इस तरह के हमले से वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें प्रभावित होने से डर रहा है, क्योंकि अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है और वह इससे पहले केअंतिम हफ्तों में अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नुकसान होने से डर रहा है। मैं अमेरिकी प्रशासन से असहमत हूं। मुझे नहीं लगता है कि चुनाव से कुछ समय पहले इसके कारण दुनिया में तेल की कीमतों में काफी वृद्धि होगी। सऊदी अरब जैसे अन्य तेल उत्पादक देशों के साथ तेल उत्पादन को बढ़ाने को लेकर बातचीत की जा सकती है।

# नाइजीरिया : पेट्रोल टैंकर में विस्फोट से 140 की मौत

अबुजा (नाइजीरिया), एजेंसी

- वाहन से गिर रहे ईंधन को निकालने की कोशिश कर रहे थे लोग तब हुआ हादसा
- टैंकर चालक के नियंत्रण खोने पर पलटा वाहन, जिगावा राज्य के माजिया नगर में हुआ विस्फोट

नाइजीरिया में पेट्रोल टैंकर के पलट जाने और उसमें विस्फोट होने से बच्चों सहित 140 से अधिक लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। आपातकालीन सेवाओं की तरफ से बुधवार को बताया गया कि यह घटना उस समय हुई जब लोग वाहन से गिर रहे ईंधन को निकालने की कोशिश कर रहे थे।

स्थानीय पुलिस प्रवक्ता लॉन एडम ने बताया कि यह विस्फोट मध्य रात्रि के बाद जिगावा राज्य के माजिया नगर में हुआ, जब राजमार्ग पर टैंकर चालक ने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और ईंधन इकट्ठा करने लगे, उसी समय भयंकर आग भड़क उठी। क्षेत्र में राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी की प्रमुख नूरा अब्दुल्लाही ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया अन्य स्थानों पर दफनाए गए लोगों के अलावा करीब 140 लोगों को सामूहिक कब्र में दफनाया गया। बुधवार की सुबह माजिया कस्बे के निवासी शोक में थे और स्थानीय लोगों ने पीड़ितों के लिए सामूहिक अंतिम संस्कार किया था। आपातकालीन सेवाओं ने बताया कि ज्यादातर शव पहचानने लायक नहीं थे। अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश नाइजीरिया में घातक टैंकर दुर्घटनाएं आम बात हैं, जहां कई स्थानों पर यातायात नियमों का कड़ाई से पालन नहीं किया जाता और माल परिवहन के लिए कुशल रेलवे प्रणाली जैसे विकल्पों का अभाव है।

### ईंधन की बढ़ी कीमतें भी हैं हादसे की जिम्मेदार

ऐसी दुर्घटनाओं के बाद लोगों द्वारा ईंधन इकट्ठा करना भी आम बात है, विशेषकर नाइजीरिया में ईंधन की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर। सरकार ने ईंधन पर सब्सिडी खत्म कर दी है जिसके बाद पिछले साल की शुरुआत से ईंधन के दाम तीन गुना हो चुके हैं। पुलिस ने बताया कि नवीनतम दुर्घटना में शामिल चालक पड़ोसी राज्य कानो से लगभग 110 किलोमीटर की यात्रा करके आया था। जिगावा राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने शुरू में मृतकों की संख्या 105 बताई थी, जिनमें अस्पताल में इलाज के दौरान मरने वाले लोग भी शामिल थे। जिगावा आपातकालीन सेवाओं के प्रमुख डॉ. हारुना मैरिगा ने बताया कि अधिकांश पीड़ित दुर्घटना स्थल पर ही जलकर राख हो गए।

# पेड़ों की कटाई: दिल्ली के उपराज्यपाल को व्यक्तिगत हलफनामा देने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी



- डीडीए और अन्य के खिलाफ अवमानना मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने की सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के रिज इलाके में पेड़ों की कथित कटाई के मुद्दे पर बुधवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अध्यक्ष एवं उपराज्यपाल वीके सक्सेना को 22 अक्टूबर तक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने को कहा।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व मनोज मिश्रा की पीठ रिज क्षेत्र में पेड़ों की कथित कटाई के मुद्दे पर डीडीए और अन्य के खिलाफ अवमानना मामले की सुनवाई कर रही है। न्यायालय ने उपराज्यपाल को दोषी अधिकारियों पर की कार्रवाई सहित अन्य का विवरण देने को कहा है। सीजेआई ने कहा कि पीठ ने डीडीए अध्यक्ष को निर्देश दिया कि क्या पेड़ों की कटाई की अनुमति पर चर्चा के बारे में कोई जानकारी थी। दूसरा, उपराज्यपाल को कब सूचित किया गया कि अनुमति की जरूरत है। तीसरा, सुधारात्मक उपायों के रूप में क्या किया गया और चौथा, रिज की मूल प्रकृति को संरक्षित करने को कोर्ट के आदेश के बाद से दोषी अधिकारियों पर क्या कार्रवाई की गई। कोर्ट ने उपराज्यपाल को सुनवाई की अगली तारीख 22 अक्टूबर तक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। रिज क्षेत्र में पेड़ों की कथित कटाई को लेकर डीडीए के उपाध्यक्ष सुभाशीष पांडा और अन्य के खिलाफ अवमानना मामले की सुनवाई अब सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ कर रही है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने पूर्व में इस विषय की सुनवाई की थी।

## कनाडाई सिख नेता ने की आरएसएस पर प्रतिबंध की मांग

**वाशिंगटन।** कनाडा के राष्ट्रीय पुलिस बल 'रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस' (आरसीएमपी) द्वारा भारतीय राजनयिकों पर एक सिख अलगाववादी की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद मंगलवार को कनाडा के सिख नेता जगमीत सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय राजनयिकों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।

सिंह 'न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी' (एनडीपी) के नेता हैं, जिसने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सत्तारूढ़ सरकार का पूर्व में समर्थन किया था। भारत ने सिख अलगाववादी नेता की हत्या के मामले में कनाडा के आरोपों से इनकार किया है।

### भारत का सहयोग सही कदम : ब्रिटेन

**लंदन।** ब्रिटेन ने भारत और कनाडा के बीच जारी राजनयिक विवाद के संदर्भ में बुधवार को कहा कि कनाडा की कानूनी प्रक्रिया के साथ भारत सरकार का सहयोग गंभीर घटनाक्रम पर अगला सही कदम है। एफसीडीओ ने कहा कि वह भारत सरकार से जुड़ी कनाडाई जांच को लेकर कनाडा के साझेदारों के संपर्क में है और उसने ओटावा की न्यायिक प्रणाली पर विश्वास जताया।

# मस्जिद में जय श्रीराम का नारा लगाना अपराध नहीं, धार्मिक भावना कैसे हुई आहत : हाईकोर्ट

बेंगलुरु, एजेंसी

- कोर्ट ने दो लोगों के खिलाफ दर्ज किए गए आपराधिक मामले को किया खारिज



कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बुधवार को मस्जिद के अंदर जय श्रीराम के नारे लगाने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामला खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि यह समझ से परे है कि जय श्री राम के नारे लगाने से किसी की धार्मिक भावनाएं कैसे आहत होंगी।

न्यायालय ने फैसले में कहा कि मस्जिद में जय श्रीराम का नारा लगाना धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने या सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ना नहीं है। कोर्ट ने यह फैसला सुनाते हुए धार्मिक मान्यताओं का अपमान करने के दो आरोपियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने दक्षिण कन्नड़ के कीर्तन और सचिन के खिलाफ आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह समझ से परे है कि जय श्रीराम का नारा लगाना किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को कैसे ठेस पहुँचाएगा, जबकि शिकायतकर्ता खुद कहता है कि इलाके में हिन्दू और मुसलमान सद्भाव से रह रहे हैं। न्यायालय ने कहा कि धारा 295ए धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्यों से संबंधित है। इस धारा के तहत कोई भी कार्य तब तक अपराध नहीं माना जाएगा जब तक कि वह शांति या सार्वजनिक व्यवस्था को भंग न करता हो। सार्वजनिक व्यवस्था पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़ने और घटना में किसी भी तरह की वास्तविक संलिप्तता न होने के कारण, न्यायालय ने निष्कर्ष निकाला कि इन याचिकाकर्ताओं के खिलाफ आगे की कार्रवाई की अनुमति देना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।

# जन औषधि नाम के गलत प्रयोग पर 10 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

- रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने कहा- नई दिल्ली की अदालत ने मप्र में नाम का उपयोग करने से संगठन को रोक दिया

दिल्ली की अदालत ने मध्य प्रदेश की कंपनी को जन औषधि से मिलते-जुलते नाम के प्रयोग पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) को 10 लाख का हर्जाना देने का आदेश दिया है।

रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने बयान में कहा कि नई दिल्ली जिला अदालत ने मध्य प्रदेश के भोपाल में जन औषधि संघ के नाम से संचालित संगठन के नाम में साम्यता को लेकर उसे इस नाम का इस्तेमाल करने पर स्थायी रूप से रोक दिया है। यह कंपनी इरादतन पीएमबीजेपी के पंजीकृत ट्रेडमार्क जन औषधि से मिलते-जुलते नाम का भ्रामक रूप से इस्तेमाल कर रही थी। इसका मकसद आम जनता के मन में भ्रम पैदा करना और जन औषधि की साख को नुकसान पहुंचाना था। दिल्ली की अदालत ने उल्लंघनकर्ता और उसके मालिकों, साझेदारों को किसी भी तरह से उक्त चिह्न जन औषधि का उपयोग करने से रोकने का आदेश दिया है।

बयान में कहा गया कि अदालत का यह फैसला जन औषधि ब्रांड की अखंडता को संरक्षण देता है और यह सुनिश्चित करता है कि उपभोक्ताओं को जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती दरों पर प्रामाणिक उत्पाद मिलें। पीएमबीजेपी योजना सभी लोगों को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।

अदालत ने आरोपी कंपनी को पीएमबीआई के पक्ष में 10 लाख रुपये का हर्जाना देने का भी आदेश दिया है। वर्तमान में देश के लगभग सभी जिलों में 13,800 जन औषधि केंद्र संचालित हो रहे हैं।

**खगोल विज्ञान** | पीने का पानी, हवा व रॉकेट ईंधन बनाने के लिए होगा बर्फ का उपयोग

# चांद की सतह में दबे हैं बर्फ के विशाल भंडार

अमृत विचार, नैनीताल



चंद्रमा के काले हिस्सों में बर्फ का मानचित्र।

चांद की सतह नीरस नही, बल्कि बर्फ के अकूत भंडारों के साथ गिली है। नासा के लूनर रिकोनिसेंस ऑर्बिटर से इसका पता चला है। चंद्रमा पर बर्फ होना होना तरल जल की समस्या का हल है। इसका उपयोग पीने का पानी, हवा और यहां तक कि रॉकेट ईंधन बनाने के लिए भी किया जा सकता है।

चंद्रमा अंतरिक्ष के सफर का केंद्र बिंदु है। इस उपग्रह पर बुनियादी सुविधाओं का होना नितांत जरूरी है। इस कड़ी में पानी का बर्फ के रूप में मौजूद होना, खगोलविदों के किये अत्यंत खुशी की खबर है। पानी जीवन के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण जरूरत है। इस खोज के बाद चुनौती भोजन के साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं को जुटाना है। बहरहाल चांद पर बर्फ का मिलना वैज्ञानिकों के हौंसलों को बुलंद करना है। खोजकर्ता नासा के वैज्ञानिक कहते हैं कि विभिन्न देशों के चंद्रमा की परिक्रमा करने वाले अंतरिक्ष यानों ने 2000 के दशक की शुरुआत में चंद्रमा के ध्रुवों पर पानी की बर्फ की उपस्थिति की पुष्टि कर दी थी।

पानी की बर्फ का भंडार गहरे छाया वाले चंद्रमा क्रेटर में मौजूद हैं। नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एलआरओ) के नए डेटा से बर्फ के पुख्ता सबूत हाथ लगे हैं। सूर्य की रोशनी की कमी व अत्यधिक ठंड के कारण बर्फ जमी रहती है। चंद्रमा पर बर्फ भविष्य के चंद्रमा खोजकर्ताओं के लिए अत्यधिक रुचि का विषय है। इसका उपयोग पीने का पानी के अलावा हवा और रॉकेट ईंधन बनाने के लिए भी किया जा सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी की तुलना में चंद्रमा अत्यंत शुष्क स्थान है। वहाँ नदियाँ या झीलें नहीं हैं, यहाँ तक कि पोखर भी नहीं। मगर मिट्टी में पानी के अणु मौजूद हैं। बर्फ के भंडार मुख्य रूप से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि अभी तक ठीक से पता नहीं है कि वहां कितनी अधिक बर्फ है या कितनी गहराई तक दबी हुई है। इसका पता भी जल्द लगाने की कोशिश की जाएगी।

### चांद पर बर्फ कैसे पहुंची

**नैनीताल :** चंद्रमा पर न तो तरल पानी है और न ही बर्फ के लायक कोई वातावरण है, फिर वहां बर्फ कैसे पहुंची। यह बेहद रोचक विषय है। जिसे लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि इसकी तीन मुख्य संभावनाएँ हैं। संभवत: धूमकेतु के जरिए आयी होगी है। दूसरी संभावना चंद्रमा के आंतरिक भाग से ही गैस के रूप में निकलती है जो सतह पर जम जाती है। तीसरी संभावना सौर वायु में हाइड्रोजन और चंद्र रेजोलिथ में ऑक्सीजन के बीच रासायनिक प्रतिक्रिया से भी बर्फ उत्पन्न हो सकती है।

# तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण में मॉरिटानिया पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मू



मॉरिटानिया में प्रतिनिधियों द्वारा किया गया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत।

नुआकशोत (मॉरिटानिया), एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को अफ्रीका के तीन देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण के तहत यहां पहुंचीं। इस दौरान वह मॉरिटानिया के अपने समकक्ष मोहम्मद औलद गजौनी के साथ वार्ता करेंगी। मुर्मू के कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा राष्ट्रपति मुर्मू मॉरिटानिया पहुंचीं। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की मॉरिटानिया की पहली यात्रा है।

राष्ट्रपति के नुआकशोत-ओमटौन्सी हवाई अड्डे पर पहुंचने पर राष्ट्रपति गजौनी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मुर्मू दोनों पक्ष संस्कृति, विदेश कार्यालय संस्थानों, विदेश कार्यालय परामर्श और राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा छूट समझौतों के क्षेत्रों में चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करेंगे।